जबलपुर
सोमवार, 17 फरवरी 2025
- फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष -5
- वर्ष : 19, अंक : 284
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 33
न्यून. 13

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## आज से लागू होगा फास्टैग का नया नियम



**नई दिल्ली।** फास्टैग का नया नियम सोमवार से लागू हो जा रहा है। जिन भी यूजर्स के फास्टैग में लो बैलेंस, भुगतान में देरी या फिर फास्टैग ब्लैकलिस्ट होगा। उन पर अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा। इसके पीछे सरकार का उद्देश्य फास्टैग में होने वाली परेशानी के कारण टोल पर लगने वाली गाड़ियों की लंबी कतारों को कम करना है। और यात्रा को सुविधाजनक बनाना है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने फास्टैग इकोसिस्टम में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव जारी किए हैं जिसका लक्ष्य टोल भुगतान को सुव्यवस्थित करना, विवादों को कम करना और धोखाधड़ी पर अंकुश लगाना है।

मप्र समेत सभी राज्यों के प्रयासों से भारत ने विश्व बैंक की ईज-ऑफ-डूइंग-बिजनेस रैंकिंग में 79 अंकों की छलांग लगाई, अब भारत के इस रैंकिंग के टॉप-10 में पहुंचने की उम्मीद, इस उपलब्धि में मध्यप्रदेश की प्रभावशाली भूमिका रही

### मप्र ईज-ऑफ-डूइंग-बिजनेस में भारत में अग्रणी, निवेशकों को आकर्षित कर रही है सरल और पारदर्शी प्रक्रिया

# 'स्टार्ट योर बिजनेस इन 30 डेज' योजना की जीआईएस में रहेगी धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ अब व्यापार और निवेश के क्षेत्र में भी नई पहचान बना रहा है। राज्य सरकार ने व्यापारिक प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए कई दूरदर्शी सुधार लागू किए हैं। यह पहल राज्य को न केवल देश के भीतर, बल्कि वैश्विक निवेश मानचित्र पर भी प्रमुख स्थान दिला रही है। राज्य सरकार ने व्यापारिक माहौल को अनुकूल बनाने के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम, डिजिटल एप्रूवल प्लेटफॉर्म और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी सेवाओं को लागू किया है। इन नवाचारों ने प्रदेश को निवेशकों के लिए एक आकर्षक डेस्टिनेशन बना दिया है। ऑनलाइन पंजीकरण, लाइसेंसिंग और स्वीकृति प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण ने प्रक्रियाओं को त्वरित और पारदर्शी बनाया है। इससे उद्यमियों के लिए समय और लागत में भी उल्लेखनीय कमी आई है। 'स्टार्ट योर बिजनेस इन 30 डेज' योजना के तहत उद्योगों को आवश्यक 22 स्वीकृतियां सरल प्रक्रिया के तहत प्रदान की जा रही हैं।

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 24, 25 फरवरी 2025 भोपाल




### औद्योगिक भूमि आवंटन में पारदर्शिता

भूमि आवंटन प्रक्रिया को पारदर्शी और त्वरित बनाकर निवेशकों को कम समय में औद्योगिक भूमि उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन में सहायता मिल रही है। भारत की ईज-ऑफ-डूइंग-बिजनेस रैंकिंग में सुधार में मप्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। डिपार्टमेंट फ़ॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड से सुझाए गए सुधारों को राज्य ने सक्रिय रूप से अपनाया है, जिससे मप्र शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में शामिल हो गया है। कुल 2,432 जी 2 बी और जी 2 सी प्रक्रियाओं में सुधार कर व्यापारिक माहौल को और अधिक अनुकूल बनाया है। राष्ट्रीय सिंगल विंडो सिस्टम से मप्र को जोड़ने के बाद निवेश प्रक्रिया और अधिक सरल और सुलभ हो गई है। मप्र समेत सभी राज्य के प्रयासों से भारत ने विश्व बैंक की ईज-ऑफ-डूइंग-बिजनेस रैंकिंग में 79 अंकों की छलांग लगाई। अब भारत के इस रैंकिंग के टॉप-10 में पहुंचने की उम्मीद है। इस उपलब्धि में मध्यप्रदेश की प्रभावशाली भूमिका रही है।

*इंपैक्ट फीचर*




## खबर संक्षेप

### एसडीओ ने किसान को डिग्गी में ठूंसा, निलंबित



**सिवनी।** केवलारी क्षेत्र की तिलवारा दाई तट नहर के एसडीओ श्रीराम बघेल का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वे किसानों के साथ अमर्यादित व्यवहार करते नजर आ रहे हैं और एक किसान को कार की डिक्की में जबरन बैठा रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद निलंबित कर दिया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### सूदखोरों से परेशान युवक ने की आत्महत्या



**महू।** सूदखोरों से परेशान युवक ने जहर खा लिया। उसने बेटे के इलाज के लिए सवा लाख रुपए कर्ज लिया था। युवक के पास से 4 पेज का सुसाइड नोट मिला है। इनमें चार लोगों से पैसे लेने की बात कही है। कहा कि ब्याज का पैसा दे-देकर थक चुका हूं। कर्ज कभी नहीं करना। उसे इंदौर रेफर किया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रविवार को परिजन ने चक्काजाम किया।

### चेहरे पर घने बाल गिनीज बुक में नाम



**रतलाम।** जिले के ग्राम नांदलोटा निवासी 19 वर्षीय ललित पाटिदार को दुर्लभ बीमारी से चेहरे पर घने बाल थे। ललित चेहरे पर बाल लिए बड़ा होता चला गया और कई मौकों पर उसे काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। अब उसका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में दर्ज किया गया है। टीम ने ललित को इटली बुलाया। मिलान शहर में 13 फरवरी को उसे सर्टिफिकेट और मैडल सौंपा।

### बस से ट्रैवलर की भिड़ंत मां-बेटे समेत 4 की मौत



**बाराबंकी।** बस और ट्रैवलर की टक्कर हो गई। हादसे में 4 श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई। 6 घायल हैं। हादसा रविवार सुबह 5 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर लोनी कटरा थाना क्षेत्र के फूटहा भवनियपुर गांव के पास हुआ। छत्तीसगढ़ से अयोध्या जा रही बस खराब होने के चलते हाईवे पर किनारे खड़ी थी। जिस पर ट्रैवलर भिड़ गया।

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के बाद रीवा में कई ट्रेनें रद्द

# रीवा-प्रयागराज मार्ग पर 15 किमी लंबा जाम मप्र और यूपी बॉर्डर पर हजारों श्रद्धालु 'फंसे'

**भगदड़ का 'मप्र पर असर'**

**महाकुंभ के आखिरी 10 दिनों में श्रद्धालु करना चाह रहे स्नान**



रविवार दोपहर लगभग 5 हजार गाड़ियां रीवा पहुंचीं

*नई दिल्ली स्टेशन पर हुई भगदड़ के बाद भी स्नानार्थियों का जोश कम नजर नहीं आ रहा है। प्रयागराज तक जाने वाले सभी रेल और सड़क मार्गों पर जाम के हालात हैं*

***रेलवे स्टेशन पर परेशान हुए सैकड़ों यात्री***

***मैहर, सतना रेलवे स्टेशन में सुरक्षा बढ़ा दी गई***



हरिभूमि न्यूज ⏭ रीवा/भोपाल

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार की रात मची भगदड़ के बाद मध्यप्रदेश के रीवा रेलवे स्टेशन से जाने वाली ट्रेनों को ऐहतियातन रद्द कर दिया गया है। इसमें रीवा से प्रयागराज होकर दिल्ली जाने वाली इकलौती ट्रेन रीवा आनंद विहार, रीवा जबलपुर और रीवा रविवार स्पेशल ट्रेन शामिल हैं। ट्रेनों के रद्द होने से रीवा रेलवे स्टेशन से जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा और वो इधर-उधर भटकते रहे।

### इंदौर, कटनी और रीवा स्टेशन पर अलर्ट

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ के बाद मध्य प्रदेश के सभी रेलवे स्टेशन हाई अलर्ट पर हैं। रेलवे स्टेशनों पर किसी भी तरह की भीड़ में अफरा तफरी न हो, इसके लिए रेलवे फुटओवर ब्रिज पर भी जीआरपी के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रयागराज जाने के लिए चल रही सभी स्पेशल ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर विशेष तौर पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं। कटनी जंक्शन से प्रतिदिन 1 लाख की भीड़ कटनी स्टेशन से होकर महाकुंभ पहुंच रही है। रविवार को कटनी स्टेशन का निरीक्षण करने जबलपुर कमांडेंट जावेद सहित वरिष्ठ रेल अधिकारी पहुंचे।

**इंदौर से ट्रेनें 12 घंटे तक लेट**

महाकुंभ की वजह से इंदौर रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ है। रेलवे थाने के उप निरीक्षक गोपाल सिंह ने बताया कि लगातार अनाउंसमेंट किए जा रहे हैं। कोई भी ट्रेन आने और जाने के समय हर कोच के आगे एक पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। महाकुंभ की ट्रेन छह से दस घंटे तक लेट चल रही हैं। इंदौर रेलवे स्टेशन पर एक महिला ट्रेन के नीचे आ गई।

***सतना जंक्शन में उमड़ा यात्रियों का सैलाब***

*सतना जंक्शन में शनिवार और रविवार की शाम कुंभ यात्रियों का सैलाब नजर आया। रीवा-आनंद विहार ट्रेन आने के समय प्लेटफॉर्म से ले कर पटरियों तक श्रद्धालुओं का हुजूम था। सतना जंक्शन में प्रयाग जाने वाले यात्रियों की भीड़ इस कदर उमड़ी कि रेल प्रशासन को दोपहर बाद आनन-फानन में सतना-कटनी से 2 महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन चलानी पड़ीं। शनिवार को रीवा से चलकर आनंद विहार की ओर जाने वाली नियमित यात्री गाड़ी रीवा-आनंद विहार सुपरफास्ट जहां रीवा से पैक होकर आई ,वहीं सतना स्टेशन से इस पर लगभग एक हजार यात्री प्रयाग के लिए सवार हुए। शेष रह गए यात्रियों के लिए सतना से छिवकी के लिए शाम साढ़े 6 बजे एक मेला स्पेशल भेजी गई। पूरे 22 कोच की इस गाड़ी में 5 हजार यात्री सवार हुए। लगभग 2 हजार यात्री फिर भी स्टेशन में ही रह गए। दमोह रेलवे स्टेशन पर अभी भी प्रयागराज जाने के लिए यात्रियों को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है।*

### नई दिल्ली स्टेशन पर 'भगदड़' का मामला

# जांच कमेटी बनी, सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने के निर्देश



- ⏩ पीड़ितों के लिए मुआवजे का ऐलान
- ⏩ रेल मंत्री वैष्णव ने शाह को दी रिपोर्ट
- ⏩ भगदड़ में 18 यात्री मारे गए थे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ हादसे की जांच के लिए रेलवे ने दो सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया है।। रेलवे ने बताया कि समिति ने घटना की उच्चस्तरीय जांच शुरू कर दी है। समिति में उत्तर रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक (पीसीसीएम) नरसिंह देव और प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त (पीसीएससी) पंकज गंगवार शामिल हैं। जांच के हिस्से के रूप में समिति ने जांच में सहायता के लिए रेलवे स्टेशन से सभी वीडियो फुटेज सुरक्षित करने का आदेश दिया है।

**ट्रेनों में खिड़की से सामान लेकर घुसते रहे यात्री**

नई दिल्ली स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 16 पर ट्रेन पकड़ने के लिए काफी लोग पहुंचे। फुटओवर ब्रिज पर यात्री टूटे पड़े रहे। यहां यात्री इमरजेंसी विंडो से खुद व अपने सामान को घुसाते रहे।

### ◆ प्रयागराज में भीषण जाम...
## सीमाओं पर वाहनों की लंबी कतार

**प्रयागराज।** रविवार को महाकुंभ में आने वाली भीड़ के चलते प्रयागराज जनपद में प्रवेश करने वाले सभी सीमाओं पर भीषण जाम लग गया। वाहनों को जिले की सीमा पर रोक दिया गया। जिससे नवाबगंज, हथिगहां, नैनी, अंदावा सहित कई स्थानों पर भीषण जाम लग गया। मेले को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है, रविवार को जवाहर जीटी चौराहे से मेले की ओर से धड़ल्ले से वाहन प्रवेश कर रहे थे। त्रिवेणी मार्ग, काली रोड और नवल राय रोड पर दो पहिया वाहन चल रहे थे। वे लोगों को 20 से 30 किमी यात्रा कर संगम स्नान के लिए पहुंचाते रहे।

### इलाहाबादिया-रैन पर भड़के बाबा बागेश्वर
## दोनों को 'माफ' की जगह अब साफ कर देना चाहिए



- इनसे सनातन हिंदू धर्म को घाटा

**छतरपुर।** बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री की रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना विवाद में एंट्री हो गई है। उन्होंने इलाहाबादिया और समय रैना पर भड़कते हुए कहा है कि ऐसों को माफ नहीं, बल्कि साफ कर देना चाहिए। एक पॉडकास्ट में बागेश्वर बाबा ने कहा कि एक सनातनी होना और एक बनने का नाटक करना, दोनों में जमीन-आसमान का फर्क है।

### फिर चर्चा में आईएएस नियाज खान
## मुसलमानों से कहा-पहले हिंदुओं को भाई मानें फिर अरब को



- कहा-इस्लाम तो अरब का धर्म

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कैडर के आईएएस नियाज खान एक बार फिर चर्चा में हैं। दरअसल, उन्होंने देश के मुसलमानों से अपील की है। नियाज ने कहा कि पहले हिंदुओं को मानें भाई फिर अरब को । सभी लोग संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। भले ही धर्म अलग-अलग हो लहू तो एक है।

### बर्दवान में बोले संघ प्रमुख डॉ. भागवत
## पूरे हिंदू समाज को एकजुट करना चाहता है आरएसएस



- हिंदू दुनिया की विविधता को स्वीकार करके आगे बढ़ते हैं

**कोलकाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने बर्दवान में रविवार को स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए हिंदू समाज को एकजुट करने के महत्व पर जोर दिया और कहा कि संघ पूरे हिंदू समाज को एकजुट करना चाहता है। हिंदू समाज को एकजुटक्यों करना है?

### जीआईएस में आ रहे हैं मोदी
## सिंघार का पीएम को 'पत्र' मिलने के लिए मांगा वक्त



- भाजपा ने कहा-यह जीआईएस में व्यवधान डालना है

**भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने और प्रदेश की समस्याओं से उन्हें अवगत कराने के लिए पत्र लिखकर समय मांगा है। सिंघार ने पत्र में कहा कि 23 फरवरी या 24 फरवरी 2025 को भोपाल प्रवास के दौरान कांग्रेस विधायक दल का प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और मध्यप्रदेश की समस्याओं के संबंध में मिलना चाहता है। हालांकि, अभी तक पीएमओ की ओर से कोई जवाब नहीं आया है।

### शिवपुरी में ओवरटेक के दौरान हादसा
## ट्रकों ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर ट्रॉली में दबे 2 भाइयों की मौत



- ट्रॉली का टायर बदल रहे थे तभी पत्थरों में दबे

**शिवपुरी।** सुरवाया थाना क्षेत्र के एनएच-27 अमोला घाटी में रविवार सुबह दो सगे भाइयों की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब दो ट्रक ओवरटेक करने के दौरान सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गए। ट्रॉली में भरी पत्थर की फर्सी दोनों भाइयों पर गिर गई, जिससे मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

### आईपीएल 18: 10 टीमों के बीच 13 स्थानों पर 65 दिन में कुल 74 मैच खेले जाएंगे

फाइनल मैच 25 मई को ईडन गार्डंस में ही खेला जाएगा

# कोलकाता और आरसीबी के बीच 22 मार्च को पहला मुकाबला

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का कार्यक्रम जारी कर दिया। पहला मुकाबला गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ईडन गार्डंस में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के 18वें सत्र का आगाज 22 मार्च से होगा।

वहीं, फाइनल मैच 25 मई को ईडन गार्डंस में ही खेला जाएगा। 23 मार्च को आईपीएल का एल क्लासिको यानी मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। 10 टीमों के बीच 13 स्थानों पर 65 दिनों में कुल 74 मैच खेले जाएंगे। इनमें नॉकआउट राउंड भी शामिल है।

**22 मार्च से 18 मई तक 70 लीग राउंड मैच खेले जाएंगे**

**फाइनल समेत प्लेऑफ के मुकाबले 20 से 25 मई तक होंगे**



***कुल 12 डबल हेडर्स खेले जाएंगे***

*आईपीएल 2025 में कुल 12 डबल हेडर्स हैं। डबल हेडर वाले दिन पहला मैच दोपहर साढ़े तीन बजे से और दूसरा मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। आईपीएल की दस में से तीन टीमें दो-दो होम ग्राउंड्स पर मैच खेलेंगी। दिल्ली अपने घरेलू मैच विशाखापत्तनम और नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेलेंगे। राजस्थान अपने दो घरेलू मैच गुवाहाटी में खेलेंगे, जहां वह केकेआर और सीएसके की मेजबानी करेंगे। शेष घरेलू मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेलेंगे। वहीं, पंजाब अपने चार घरेलू मैच चंडीगढ़ के न्यू पीसीए स्टेडियम में खेलेगा, जबकि धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में लखनऊ, दिल्ली और मुंबई के खिलाफ तीन घरेलू मैचों की मेजबानी करेगा।*





# 10 मिनट की देरी के कारण 18 जिंदगियां हो गईं 'तबाह' असामान्य रूप से ढोए शव, लोगों की निकलती रही 'आह'

## शनिवार की रात दिल्ली में खुशियों पर लगा ग्रहण

**दिल्ली स्टेशन पर भगदड़**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/प्रयागराज

शनिवार की रात करीब 9.30 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। स्टेशन पर महाकुंभ जाने वाले लोगों की भारी भीड़ थी साथ ही अन्य यात्री भी थे। दो ट्रेनों के लेट होने के चलते भीड़ नियंत्रण से बाहर हो गई और भगदड़ मच गई। यह पूरी घटना महज 10 मिनट में घटी और प्रशासन की लापरवाही और यात्रियों में दुविधा के चलते इतना बड़ा हादसा हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो स्टेशन पर रात 8 बजे से ही भीड़ बढ़नी शुरू हो गई थी। एक चश्मदीद ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनें देरी से चल रही थीं। ये दोनों ट्रेनें भी प्रयागराज जा रही थीं। इनके यात्री प्लेटफॉर्म नंबर 12-13 और 14 पर मौजूद थे। प्रयागराज एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 14 से रात 10.10 बजे निकलने वाली थी। इसी दौरान प्रयागराज के लिए रात 9.50 बजे एक विशेष ट्रेन का अनाउंसमेंट हुआ, जो प्लेटफॉर्म 16 से जाने वाली थी। प्रयागराज एक्सप्रेस और मगध एक्सप्रेस में जो यात्री सवार नहीं हो पाए थे, वे भी विशेष ट्रेन का एलान होते ही प्लेटफॉर्म नंबर 16 की तरफ भागे।

प्रयागराज जाने के लिए लोगों ने जीवन को दांव पर लगा दिया

इतनी बढ़ती भीड़ के सामने शासन प्रशासन की लापरवाही भी दिखी



कुलियों ने कहा

### सामान ढोने वाले ठेले से ढोए शव, 44 वर्षों में नहीं देखी कभी ऐसी भीड़

प्रत्यक्षदर्शियों ने इस घटना को लेकर उस वक्त के माहौल को लेकर आंखों देखी सारी बात बताई। एक कुली ने बताया कि 44 सालों में मैंने कभी इतनी भीड़ नहीं देखी। दूसरे कुली ने कहा कि हमने हाथों पर शव ढोए। स्टेशन पर मौजूद कुली कृष्ण कुमार जोगी ने कहा कि प्रयागराज जाने वाली ट्रेन के आने पर भीड़ बढ़ गई थी। फुटओवर पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। लोग इतने कसकर भरे हुए थे कि कई लोगों का दम घुटने लगा था। करीब 10 से 15 लोगों ने वहीं अपनी जान गंवा दी। हमने शवों को प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 से एंबुलेंस तक पहुंचाया। भीड़ में दबे लोगों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल थीं। जिन्हें भीड़ में सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु उपाध्याय ने कहा कि कुछ लोग जो फुटओवर ब्रिज से उतरकर प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 की ओर सीढ़ियों से आ रहे थे, फिसलकर दूसरों पर गिर गए।

### महाकुंभ स्नान का जुनून, 248 किमी नाव चला पहुंचे प्रयागराज

महाकुंभ समापन की ओर है, लेकिन लोगों की भीड़ कम नहीं हो रही है। इसके चलते सड़कों पर काफी ज्यादा जाम है। कई जगह तो लोग घंटों तक जाम में फंस जा रहे हैं। वहीं, ट्रेनों की हालत तो और भी ज्यादा खराब है। इन सारी बातों से परेशान होकर कुछ दोस्तों ने नाव से जाने का प्लान बनाया। यह दोस्त 248 किमी तक नाव चलाकर प्रयागराज पहुंचे और संगम पर जाकर स्नान किया। इनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



### अयोध्या धाम और कैंट स्टेशन की सुरक्षा बढ़ाई



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ के बाद अयोध्या से बड़ी खबर सामने आई है। अयोध्या धाम और अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पब्लिक एड्रेस सिस्टम से श्रद्धालुओं को जागरूक किया जा रहा है। श्रद्धालुओं के आगमन व निकास के लिए अलग-अलग एंट्री व एग्जिट गेट बनाए गए हैं। सुरक्षा के लिए जीआरपी व सीआरपीएफ के जवान तैनात हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर श्रद्धालुओं ने भी आरपीएफ व जीआरपी के जवानों की तारीफ की है और कहा है कि सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम हैं। महाकुंभ में स्नान कर भारी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं।

### गडकरी, प्रधान आनंदीबेन ने लगाई डुबकी



महाकुंभ में रविवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और धर्मेंद्र प्रधान, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं उत्तर प्रदेश के मंत्री राकेश सचान, योगेंद्र उपाध्याय और दयाशंकर सिंह ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। संगम में पत्नी के साथ स्नान करने के बाद केंद्रीय मंत्री गडकरी ने मीडिया से कहा कि गंगा में स्नान और दर्शन पूजन बहुत अच्छे से हुआ। नागपुर से हजारों की संख्या में लोग यहां आ रहे हैं। हमें लगता है कि गंगा मां का आशीर्वाद सबको मिलेगा।

### कुंभ को बताया फालतू

राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने इस भगदड़ का दोषी मोदी सरकार को बताया है। लालू प्रसाद ने



महाकुंभ को फालतू बताते हुए कहा कि इसका कोई मतलब नहीं है। सरकार की लापरवाही के कारण ऐसा हुआ है। उन्होंने कहा कि रेलवे के द्वारा सुरक्षा में बरती गई लापरवाही और रेलवे के द्वारा यात्रियों की सुरक्षा के उपाय नहीं किए जाने के कारण ही इस तरह की घटनाएं हुई है।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पद से हट जाना चाहिए।

### नीतीश आश्रितों को 2-2 लाख देंगे

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में लोगों की मृत्यु अत्यंत दुःखद है।



मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना है। इस घटना में बिहार के रहने वाले मृतकों के आश्रितों को 2 लाख रुपये अनुग्रह अनुदान एवं घायलों को 50 हजार मुख्यमंत्री राहत कोष से देने का निर्देश दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

### आईएएस अफसरों की तैनाती 27 तक बढ़ाई

महाकुंभ में माघी पूर्णिमा के बाद भी स्नान के लिए लोगों का रेला लगातार आ रहा है। माघ के प्रमुख स्नानों जैसी भीड़ अब हर दिन नजर आ रही है। ऐसे में मेला प्रशासन लगातार नए-नए प्लान पर काम कर रहा है। अलग अलग जिलों से मेला क्षेत्र में संबद्ध किए गए अफसरों की तैनाती भी बढ़ा दी गई है। ज्यादातर अफसरों को 15 फरवरी तक के लिए यहां भेजा गया था। अब यह अफसर 27 फरवरी तक यहां तैनात रहेंगे।



## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री में धमाके से नागपुर में 2 की मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार को एक जोरदार धमाका हुआ। इस धमाके से आस-पास का



इलाका दहल गया। विस्फोटक निर्माण यूनिट में ये विस्फोट हुआ था। वहीं फैक्ट्री में हुए इस धमाके की वजह से दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने घटना के बारे में जानकारी दी।

### आकाश को अल्टीमेटम? मायावती आश्वस्त नहीं

**लखनऊ।** बसपा की प्रमुख मायावती ने 2023 में भतीजे आकाश आनंद को उत्तराधिकारी



बनाया था। माना जा रहा था आकाश बसपा में उत्तराधिकारी होंगे लेकिन अब मायावती ने जता दिया है कि वह आकाश को लेकर आश्वस्त नहीं हैं। उन्होंने 5 पोस्ट किए। उन्होंने उत्तराधिकारी को लेकर ऐलान के साथ दिशा निर्देश भी जारी किए हैं।

### मोदी 24 को जारी करेंगे 19वीं किसान निधि

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर का दौरा करेंगे, जहां वे प्रधानमंत्री



किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। पात्र किसानों को प्रति वर्ष 6,000 रुपए की वित्तीय सहायता 3 समान किस्तों में प्रदान की जाती है। पीएम बड़े कार्यक्रम में 20,000 करोड़ की राशि सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर करेंगे।

### इंडियाज गॉट लेटेंट के बाद सिन्हा का शो रद्द

**मुंबई।** इन दिनों इंडियाज गॉट लेटेंट शो को लेकर काफी विवाद चल रहा है। शो में दी गई टिप्पणी के



कारण रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना को भी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। अब स्टैंड अब कॉमेडियन अनुभव सिन्हा बस्सी के काम पर भी लग गई है। उनका लखनऊ का शो अब कैंसल हो गया है।

## दिल्ली में भाजपा सरकार के गठन की प्रक्रिया में आई तेजी

# सरकार के गठन की सारी कवायदें हो गईं पूरी, बस शीर्ष नेतृत्व की मुहर लगना बाकी

### किसी भी वक्त पर्यवेक्षकों के नामों का हो सकता है ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा सरकार के गठन की प्रक्रिया शनिवार से तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को देर रात अपने विदेशी दौरे से दिल्ली पहुंच चुके हैं। इसके बाद, दिल्ली में नए मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के चयन की प्रक्रिया अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने इस प्रक्रिया के लिए अपनी रणनीति पहले ही तैयार कर ली है और प्रधानमंत्री मोदी के दिल्ली पहुंचने के बाद सरकार बनाने की कवायद में तेजी आ गई है। बताया जा रहा है कि भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने दिल्ली में मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के चयन के लिए होमवर्क पूरा कर लिया है और अब केवल अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह 19 या 20 फरवरी को हो सकता है। भाजपा का पूरा ध्यान इस समय दिल्ली की सियासत पर केंद्रित है और आगामी दिनों में यह तय हो जाएगा कि पार्टी की नई सरकार का स्वरूप क्या होगा?

विकास और वादों पर भी की जा रही चर्चा



आज बड़ी खबर आने की संभावन

#### पार्टी नेताओं की बैठक और सियासी रणनीति

### दिल्ली के विकास में आएगी तेजी

भाजपा की नई सरकार बनने के बाद दिल्ली की सियासत में नया मोड़ आएगा। पीएम मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा यह सुनिश्चित करेगी कि पार्टी के वादे पूरे किए जाएं और दिल्ली में विकास की गति तेज हो। यहां की राजनीतिक स्थिति में बदलाव की संभावना है, जो आगामी चुनावों में भाजपा के लिए मजबूती का संकेत हो सकता है। दिल्ली में भाजपा सरकार का गठन एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटना होने जा रहा है, जो न केवल दिल्ली की सियासत को प्रभावित करेगा, बल्कि पूरे देश की राजनीति पर भी असर डालेगा।

### नड्डा ने की विधायकों से बातचीत

विधायक दल की बैठक से पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कई राउंड की बैठकों में व्यक्तिगत तौर



पर नवनिर्वाचित विधायकों से बातचीत की है। इन बैठकों में विधायकों के विचार और प्राथमिकताएं जानी गई हैं, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि पार्टी के आगामी नेतृत्व और मंत्रिमंडल गठन में उनकी राय को ध्यान में रखा जाए। लिहाजा उनकी प्रधानमंत्री के साथ बैठक में यह तय होगा कि कौन सा विधायक मुख्यमंत्री पद के लिए उपयुक्त है और किसे मंत्री या स्पीकर के रूप में नियुक्त किया जाए?

### यमुना की सफाई का काम हो गया शुरू | लगाईं गईं मशीनें, एलजी ने शेयर किया वीडियो

दिल्ली में विधानसभा चुनाव के दौरान यमुना की सफाई प्रमुख मुद्दा रही। भाजपा ने यमुना की सफाई के मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी का जमकर घेराव



किया था। अब दिल्ली चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलने के बाद यमुना नदी की सफाई का काम शुरू कर दिया गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल कार्यालय ने इस बारे में जानकारी दी है। कार्यालय की ओर से कहा गया कि यमुना नदी की सफाई पर काम पहले ही शुरू हो चुका है, जिसमें ट्रैश स्किमर, वीड हार्वेस्टर और एक ड्रेज यूटिलिटी क्राफ्ट के साथ नदी में सफाई अभियान शुरू हो गया है।

#### चार चरणों में पूरा होगा काम

1. **सबसे पहले, यमुना नदी की धारा में कचरा और गाद को हटाया जाएगा।**
2. **नजफगढ़ ड्रेन, सप्लीमेंट्री ड्रेन और अन्य सभी प्रमुख नालों में सफाई अभियान शुरू किया जाएगा।**
3. **मौजूदा एसटीपी पर उनकी क्षमता और आउटपुट के संदर्भ में दैनिक निगरानी रखी जाएगी।**
4. **एक समयबद्ध योजना करीब400 एमजीडी सीवर के उपचार की कमी को पूरा करने का काम जल्द होगा।**

### अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

लगभग 3 वर्षों में नदी की सफाई का लक्ष्य रखने वाली इस महत्वाकांक्षी योजना के कार्यान्वयन के लिए विभिन्न एजेंसियों और विभागों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता होगी जिसमें डीजेबी, आई एंड एफसी, एमसीडी, पर्यावरण विभाग, पीडब्ल्यूडी और डीडीए शामिल हैं। इसके अलावा, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति भी उच्चतम स्तर पर निगरानी करेगी (डीपीसीसी) को शहर में औद्योगिक इकाइयों द्वारा नालों में अनुपचारित अपशिष्टों के निर्वहन पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है।

मध्यस्थों ने नहीं दिया ध्यान

# द्विपक्षीय निवेश संधियों में हितों को अनदेखी न करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्तमंत्री सीतारमण ने बीआईटी पर दिया जोर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नियामक शक्तियों के संबंध में राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखने तथा विवादों को सुलझाने में मध्यस्थों के लिए मार्गदर्शक के रूप में कार्य करने के लिए द्विपक्षीय निवेश संधियों (बीआईटी) की आवश्यकता पर जोर दिया है, जिससे अमीर निवेशकों को विकासशील देशों का शोषण करने से रोका जा सके। अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक एवं निवेश संधि मध्यस्थता पर पहले पीजी सर्टिफिकेट कोर्स के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए सीतारमण ने कहा कि मध्यस्थों ने अकसर मेजबान देश के न्यायिक निर्णयों की अनदेखी की है। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता के नतीजे पर पहुंचते समय, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार जैसे अपराधों से संबंधित निष्कर्ष जो मेजबान देश में कानून की अदालत के माध्यम से स्थापित किए गए हैं, राज्यों को पुरस्कार स्वीकार करने के लिए विरोधाभासी स्थिति में डालते हैं।

### नियामक शक्तियों में राष्ट्रीय हितों को महत्व दिया जाना चाहिए



वित्त मंत्री ने कहा कि निवेश संधि को न केवल राष्ट्रों को बेहतर विनियामक शक्तियां प्रदान करनी चाहिए, बल्कि मध्यस्थता में विश्वास बहाल करने के लिए मध्यस्थों के लिए मार्गदर्शन के रूप में भी काम करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि निवेश संधियों में नियामक शक्तियों में राष्ट्रीय हितों को महत्व दिया जाना चाहिए।

### मुद्दे संप्रभुता के लिए अहम

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) से संबंधित मुद्दे संप्रभुता के लिए विशिष्ट हैं। इस कारण से बीआईटी पर एफटीए समझौते के भाग के रूप में बातचीत करने के बजाय अकेले ही बातचीत की जानी चाहिए। वित्त मंत्री का बयान ऐसे समय पर आया है, जब भारत, यूके, सऊदी अरब, कतर और यूरोपीय यूनियन (ईयू) बीआईटी के लिए बातचीत कर रहे हैं। बजट 2025-26 में केंद्रीय वित्त मंत्री ने बीआईटी के मौजूदा मॉडल को दोबारा से बनाने की घोषणा की थी। इससे अधिक विदेशी निवेश आकर्षित करने में मदद मिलेगी।

न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक घोटाला

# कोर्ट ने हितेश-धर्मेश को 21 तक पुलिस हिरासत में भेजा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक स्कैम मामले में कोर्ट ने हितेश मेहता और धर्मेश पोन को 21 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 122 करोड़ के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक स्कैम मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया है कि धर्मेश ने इस मामले में गबन किए गए 122 करोड़ में से 70 करोड़ रुपए लिए थे। आर्थिक अपराध शाखा के अनुसार मुख्य आरोपी



जनरल मैनेजर हितेश से धर्मेश को मई और दिसंबर 2024 में 1.75 करोड़ और जनवरी 2025 में 50 लाख रुपए मिले थे। इस मामले में पुलिस ने हितेश को लंबी पूछताछ के बाद शनिवार को गिरफ्तार किया था। ईओडब्ल्यू के अनुसार बैंक घोटाले मामले में आरोपी उन्नाथन अरुणाचलम उर्फ अरुणभाई फरार

महाराष्ट्र की सियासत में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा

# शिवसेना यूबीटी के शीर्ष नेता कई बार सीएम से मिले

### जानकारों ने कहा- दोनों ही गठबंधन अंदरूनी तनातनी से जूझ रहे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति में इन दिनों काफी कुछ घटित हो रहा है, जिससे राज्य का राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। एक तरफ महा विकास अघाड़ी गठबंधन का हिस्सा एनसीपी एसपी के प्रमुख शरद पवार पूर्व सीएम एकनाथ शिंदे को सम्मानित करने के बाद से साथी पार्टी शिवसेना यूबीटी के निशाने पर हैं। दूसरी तरफ शिवसेना यूबीटी के शीर्ष नेता मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर रहे हैं। राज्य के दोनों ही गठबंधन अंदरूनी तनातनी से जूझ रहे हैं। करीब 3 महीने पहले हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति की प्रचंड जीत के बाद से दोनों ही गठबंधनों महायुति और महा विकास अघाड़ी में इन दिनों मतभेद दिखाई दे रहे हैं। इसकी वजह स्थानीय निकाय चुनाव माने जा रहे हैं। दरअसल बीते साल लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बाद अब महाराष्ट्र के मुंबई, पुणे और ठाणे में निकाय चुनाव होने हैं और इन्हें छोटा विधानसभा चुनाव ही कहा जा रहा है।

महायुति और महा विकास अघाड़ी में मतभेद बढ़े



### आदित्य 2 तो उद्धव ने 1 बार फडणवीस से की मुलाकात

शिवसेना यूबीटी के शीर्ष नेताओं ने बीते करीब ढाई महीने में तीन बार सीएम फडणवीस से मुलाकात की है। आदित्य ठाकरे दो बार और उद्धव ठाकरे एक बार सीएम फडणवीस से मुलाकात कर चुके हैं। हालांकि पहले शिवसेना यूबीटी ने ही सीएम फडणवीस पर उनकी पार्टी तोड़ने की साजिश रचने का आरोप लगाया था।

उधर, विज 'अन्याय' पर भड़के

### तो मैं विदेश चला जाऊं क्या?

**अंबाला।** नगर परिषद के चुनाव में पार्षदों के टिकट बंटवारे को लेकर मची कलह तेज होती जा रही है।



मंत्री अनिल विज 15 समर्थकों को टिकट न मिलने से भड़के हुए हैं। उनके समर्थकों ने कह दिया है कि यदि लोकल यूनिट की बात को खारिज कर हाईकमान के लेवल से ही सब तय हो रहा है तो फिर हमारी जरूरत ही क्या है? 32 नामों का ऐलान हुआ है, जिनमें से 15 लोग तो ऐसे हैं, जिनकी सिफारिश स्थानीय स्तर पर किसी भी नेता ने नहीं की थी। इस पर अनिल विज भड़क गए हैं और उनका कहना है कि क्या मैं विदेश चला जाऊं, जब कोई सुनवाई ही नहीं हो रही है।




# शहरी युद्ध और आतंकवाद जैसी घटनाओं से निपटने के लिए भारत और जापान के सैनिक मिलकर करेंगे अभ्यास

## भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास 25 से माउंट फूजी में शुरू होगा



### द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और मजबूत होगा

रक्षा मंत्रालय (सेना) के आईएचक्यू के अतिरिक्त जनसंपर्क महानिदेशालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया, सेना प्रमुख (सीओएएस) की 14 से 17 अक्टूबर, 2024 तक जापान की सफल यात्रा के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए, अभ्यास 'धर्म गार्जियन 2025' भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करेगा।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



शहरी युद्ध और आतंकवाद जैसी घटनाओं से निपटने के लिए भारत और जापान के सैनिक मिलकर अभ्यास करेंगे। भारत और जापान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन (संरक्षक)' का छठा संस्करण 25 फरवरी से 9 मार्च तक जापान के माउंट फूजी में आयोजित किया जाएगा। भारतीय सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। अभ्यास का मकसद संयुक्त राष्ट्र के आदेश के तहत शहरी युद्ध और आतंकवाद विरोधी अभियानों को अंजाम देते हुए सेनाओं के बीच अंतर-संचालन को बढ़ाना है।

### जनवरी 2024 में मिस्र में आयोजित किया गया था अभ्यास

इससे पहले 11 फरवरी को भारत और मिस्र के विशेष बलों ने राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में 'साइक्लोन -3' अभ्यास शुरू किया था। एक अधिकारी ने बताया कि अभ्यास 23 फरवरी को समाप्त होगा। अधिकारी ने कहा कि अभ्यास 'साइक्लोन' भारत और मिस्र में बारी-बारी से आयोजित होने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है। इसी अभ्यास का पिछला संस्करण जनवरी 2024 में मिस्र में आयोजित किया गया था।

### संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों को मजबूती देना

'साइक्लोन 3' में भारतीय दल में 25 जवान शामिल हैं, जिसका प्रतिनिधित्व दो विशेष बल बटालियनों के सैनिक कर रहे हैं। मिस्र के दल में भी 25 जवान शामिल हैं, जिसका प्रतिनिधित्व मिस्र के विशेष बलों के विशेष बल समूह और टास्क फोर्स के सैनिक कर रहे हैं। अभ्यास साइक्लोन का उद्देश्य अंतर-संचालन, संयुक्तता और विशेष संचालन रणनीति के आपसी आदान-प्रदान को बढ़ाकर दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों को मजबूती देना है।

## खबर संक्षेप

### शांतिः पश्चिम एशिया का दौरा करेंगे मार्को



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो रविवार से पश्चिम एशिया के दौरे की शुरुआत कर रहे हैं। इस दौरे पर मार्को रूबियो गाजा पर राष्ट्रपति ट्रंप के प्रस्ताव पर सहमति बनाने की कोशिश करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों सुझाव दिया था कि गाजा पट्टी का नियंत्रण अमेरिका को दिया जाना चाहिए और अमेरिका वहां पुनर्निर्माण कराएगा। साथ ही ट्रंप ने अरब देशों से गाजा से विस्थापित लोगों को अपने यहां बसाने की मांग की है। इसराइली पीएम नेतन्याहू ने ट्रंप के प्रस्ताव का स्वागत किया था,अरब देशों ने इसे खारिज किया।

### भारत पर हमला करने में असमर्थ आतंकी



**नई दिल्ली।** आतंकी समूह इस्लामिक स्टेट भारत में बड़े पैमाने पर हमले करने में असमर्थ रहा, लेकिन इसके आकाओं ने देश में स्थित समर्थकों के माध्यम से लोन ऐक्टर हमलों को अंजाम देने का प्रयास किया। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। लोन ऐक्टर हमले विचारधारा से प्रेरित हिंसा की घटनाएं होती है, जिसे ऐसे व्यक्तियों द्वारा अंजाम दिया जाता है, जो संगठित आतंकवादी समूहों का हिस्सा नहीं होते हैं या दूसरों के प्रत्यक्ष आदेशों का पालन नहीं करते हैं।

### पाक दुर्घटनाओं में 16 की मौत, 45 लोग घायल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 16 लोगों की मौत हो गयी और 45 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पहली दुर्घटना सिंध के शहीद बेनजीराबाद जिले के काजी अहमद कस्बे के निकट हुई। इस हादसे में एक वैन और ट्रेलर के बीच टक्कर होने से पांच लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। काजी अहमद के थाना प्रभारी (एसएचओ) वसीम मिर्जा ने कहा कि वैन जामशोरो जिले के सेहवान शहर में धर्म स्थल लाल शाहबाज कलंदर की ओर जा रही थी।

## रूस-यूक्रेन युद्ध पर बोले जेलेंस्की

# संघर्ष को सुलझाने के लिए अमेरिकी टीम के साथ कर रहे हैं बड़े काम



एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि उन्होंने यूएस प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप की टीम के साथ मिलकर संघर्ष सुलझाने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि दोनों देशों के बीच सहयोग से युद्ध को रोकने और शांति स्थापित करने की उम्मीद जग गई है। जेलेंस्की ने बताया कि दुनिया अब अमेरिका को उस शक्ति के रूप में देख रही है जिसके पास न केवल युद्ध को समाप्त करने की क्षमता है, बल्कि स्थायी शांति सुनिश्चित करने में भी वह महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, हमने प्रेसिडेंट ट्रंप की टीम के साथ काम करना शुरू कर दिया है और हम देख रहे हैं कि सफलता प्राप्त की जा सकती है।

जेलेंस्की ने बताया कि म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से पहले उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ बातचीत की, साथ ही उपराष्ट्रपति वेंस और विदेश मंत्री रुबियो के साथ भी महत्वपूर्ण बैठक की। इसके अलावा, जेलेंस्की ने उम्मीद जताई कि जल्द ही जनरल कीथ केलॉग (यूक्रेन और रूस के लिए अमेरिका के विशेष दूत) यूक्रेन का दौरा करेंगे ताकि स्थिति का और अधिक आकलन किया जा सके। वह चाहते हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप के द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे मजबूत समाधानों पर चर्चा की जाए, जो वास्तव में शांति स्थापित करने वाले हो सकते हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी टीमें हमारे देशों के बीच एक विशेष समझौते पर काम कर रही हैं।

### अमेरिका और यूक्रेन दोनों को मजबूत करेगा समझौता

*एक ऐसा समझौता जो निश्चित रूप से अमेरिका और यूक्रेन दोनों को मजबूत करेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे इस समझौते को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं, जैसा कि पहले से सहमति व्यक्त की गई थी। इससे पहले म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में बोलते हुए जेलेंस्की ने यह आशा भी व्यक्त की कि राष्ट्रपति ट्रंप यूक्रेन की मदद करेंगे। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि हम इस बात पर भरोसा कर सकते हैं कि वास्तव में राष्ट्रपति ट्रंप हमारी मदद करेंगे, क्योंकि मैं उन पर पूरी तरह से भरोसा करता हूं।हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी कहा जा रहा है कि जेलेंस्की ने यूरोप के लिए गारंटीकृत अमेरिकी समर्थन के खत्म होने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, पुराने दिन खत्म हो गए हैं। जब अमेरिका ने यूरोप का समर्थन सिर्फ इसलिए किया क्योंकि उसने हमेशा किया है।*

## जयशंकर ने इजराइल के विदेश मंत्री से की मुलाकात

# एशिया, यूरोप और अमेरिका को जोड़ने वाले कई मामलों पर जयशंकर ने की लंबी चर्चा

### भारत से इजराइल, इटली और फिर अमेरिका तक जाएगा मार्ग,कई देशों को होगा फायदा

### इजराइल और भारत के बीच और अधिक मजबूत होंगे रिश्ते,व्यापारिक लाभ होंगे

एजेंसी ▶▶ यरुशलम

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जर्मनी में अपने इजराइली समकक्ष गिदोन सार से मुलाकात की और पश्चिम एशिया की स्थिति और एशिया, यूरोप और अमेरिका को इजराइल के माध्यम से जोड़ने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दृष्टिकोण सहित कई महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने शनिवार को म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के इतर मुलाकात की, जो सुरक्षा-कूटनीतिक मामलों पर चर्चा के लिए एक प्रमुख वैश्विक मंच है। इजराइल के विदेश मंत्री कार्यालय ने कहा कि सार ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इजराइल भारत के साथ अपने संबंधों को रणनीतिक महत्व देता है। इजराइल के माध्यम से एशिया, यूरोप और अमेरिका को जोड़ने पर चर्चा की।

### अमेरिका और भारत मिलकर करेंगे काम



वाशिंगटन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ संयुक्त सम्मेलन में ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका और भारत इतिहास के सबसे महान व्यापार मार्गों में से एक के निर्माण में मदद करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। यह भारत से इजराइल, इटली और फिर अमेरिका तक जाएगा, जो हमारे भागीदारों को बंदरगाहों, रेलवे और समुद्र के नीचे केबलों से जोड़ेगा। जयशंकर और सार ने हाउती और ईरान द्वारा व्यापार मार्गों पर हमलों से उत्पन्न चुनौतियों के बारे में भी बात की।

### भारत में हुए जी20 में बनी थी बात

पश्चिम एशिया के जरिए भारत को यूरोप तक जोड़ने के लिए एक परियोजना मौजूद है। इस परियोजना की घोषणा नयी दिल्ली में 2023 जी20 शिखर सम्मेलन में की गई थी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तब इसे इतिहास की सबसे बड़ी सहयोग परियोजना बताया था और कहा था कि यह पश्चिम एशिया, इजरायल की सूरत बदल देगी तथा पूरे विश्व को प्रभावित करेगी।

### सफल मुलाकात

### जयशंकर ने एक्स जाहिर की खुशी

*दोनों नेताओं ने शनिवार को म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के अवसर पर मुलाकात की, जो सुरक्षा-कूटनीतिक मामलों पर चर्चा करने के लिए एक प्रमुख वैश्विक मंच है। जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि एमएससी2025 के मौके पर इजराइल के विदेश मंत्री गिदोनसार से मिलकर बहुत खुशी हुई। पश्चिम एशिया/मध्य पूर्व की मौजूदा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। हमारी द्विपक्षीय साझेदारी की मजबूती और महत्व को रेखांकित किया गया। इजराइली विदेश मंत्री के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया इजराइल भारत के साथ अपने संबंधों को रणनीतिक महत्व देता है। बयान में कहा गया कि उन्होंने (सार ने) इजराइल से होकर एशिया, यूरोप और अमेरिका को जोड़ने के ट्रंप के दृष्टिकोण पर चर्चा की।*

### नेतन्याहू ने बताई थी सबसे बड़ी सहयोग परियोजना

*इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तब इसे हमारे इतिहास की सबसे बड़ी सहयोग परियोजना बताया था और कहा था कि यह मध्य पूर्व, इजरायल की सूरत बदल देगी और पूरे विश्व को प्रभावित करेगी। इजराइल के बयान में कहा गया कि जयशंकर और सार ने हूथियों और ईरान द्वारा व्यापार मार्गों पर हमलों से उत्पन्न चुनौतियों के बारे में भी बात की। हाल ही में इजराइल और हमास के बीच संघर्ष के दौरान हुतियों ने रणनीतिक बाब-अल-मन्देब क्षेत्र में जहाजों पर बार-बार हमले किए हैं, उनका दावा है कि वे इजराइल से जुड़े जहाजों को निशाना बना रहे हैं।*



# ट्रंप ने बांग्लादेश को दे दिया बड़ा झटका 29 मिलियन डॉलर की मदद रोक दी गई

### हाल ही में पीएम मोदी ने की थी अमेरिका यात्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी यात्रा के 48 घंटे के भीतर अमेरिका ने बांग्लादेश को बड़ा झटका दिया है। एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) ने कई विदेशी परियोजनाओं को रद्द करने का फैसला किया है। इनमें से एक परियोजना बांग्लादेश की भी है। अमेरिका की सरकार बांग्लादेश को 29 मिलियन अमेरिकी डॉलर की धनराशि देने वाली थी, ताकि बांग्लादेश में राजनीतिक परिदृश्य को मजबूत बनाया जा सके। मगर



अब एलन मस्क के विभाग ने फंडिंग को रद कर दिया है। अमेरिका के सरकारी दक्षता विभाग ने सोशल मीडिया वेबसाइट एक्स पर पूरी सूची जारी की गई। इसमें कहा गया है कि बांग्लादेश को दी जाने वाली 29 मिलियन डॉलर की फंडिंग को रोक दिया गया है। हाल ही में पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बांग्लादेश के मुद्दे पर चर्चा की थी। ट्रंप ने बांग्लादेश में अमेरिकी सरकार के शामिल होने से इनकार किया था। उन्होंने यह भी कहा था कि बांग्लादेश को पीएम मोदी पर छोड़ दिया है। अमेरिका राजनीतिक परिदृश्य को मजबूत करने के तहत बांग्लादेश में राजनीतिक दलो में क्षमता का निर्माण, पर्टियों के बीच संबंधों को मजबूत करने और हिंसा को कम करने की फंडिंग करता है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्रों और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को भी शामिल किया जाता था।

## करीब दो लाख लोग होंगे प्रभावित

# ट्रंप सरकार में वीडियो कॉल के जरिए निकाले जा रहे सरकारी कर्मचारी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ट्रंप प्रशासन में संघीय कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर छंटनी की जा रही है, जिसने पूरे अमेरिका में हलचल मचा दी है। बीते कुछ दिनों में ही हजारों संघीय कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कई कर्मचारियों को तो माइक्रोसॉफ्ट टीम पर वीडियो कॉल के जरिए नौकरी से निकाला जा रहा है। सरकार के इस फैसले से प्रोबेशनरी कर्मचारी सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं और करीब दो लाख कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा सकता है। छंटनी का नया दौर शुक्रवार को शुरू हुआ, जिसमें अमेरिकी सरकार के



आंतरिक विभाग से करीब 2300 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया। जिन कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया, वे सार्वजनिक भूमि, राष्ट्रीय उद्यान और तेल-गैस के पट्टों के प्रबंधन से जुड़े थे। इस छंटनी की आलोचना इस वजह से भी हो रही है कि ट्रंप सरकार कर्मचारियों को अपने बचाव का मौका भी नहीं दे रही है और लोगों को वीडियो कॉल के जरिए नौकरी से निकाला जा रहा है।

## हिंदी को महत्वपूर्ण बताया

# संयुक्त राष्ट्र से मान्यता मिलने से हिंदी वैश्विक भाषा बन जाएगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया में 60 करोड़ लोगों की ओर से बोली जाने वाली हिंदी भाषा संयुक्त राष्ट्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने यहां अपने परिसर में 'बहुभाषिकता और विदेशों में हिंदी का प्रचार' विषय पर विश्व हिंदी दिवस मनाया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, महिला व बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का सामाजिक ताना-बाना बहुभाषीय और बहुसांस्कृतिक है। मिशन की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने कहा कि हिंदी को और अधिक लोकप्रिय भाषा बनाने के लिए कई पहल की जा रही हैं और संयुक्त राष्ट्र की ओर से मान्यता मिलने से यह वैश्विक भाषा बन जाएगी।

### दुनिया में 60 करोड़ लोग हिंदी भाषी

संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक संचार उप महासचिव मेलिसा फ्लेमिंग ने कहा कि 60 करोड़ लोगों की ओर से बोली जाने वाली हिंदी भाषा संयुक्त राष्ट्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 'हिंदी परियोजना और विभिन्न सोशल मीडिया अपडेट संयुक्त राष्ट्र की गतिविधियों को हिंदी भाषियों के करीब ला रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने इस बात पर जोर दिया कि हिंदी को संयुक्त राष्ट्र में गैर-आधिकारिक भाषाओं की सूची में शामिल कर लिया गया है।

## दुनिया से बेहतर डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए हो रहा बड़ा प्रयास

# भारत-अमेरिका के बीच समुद्र में 50 हजार किमी की अंडरसी केबल बिछाएगा मेटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉटसएप की प्रवर्तक कंपनी मेटा ने 50 हजार किमी की लंबाई के अंडर सी केबल प्रोजेक्ट 'वाटरवर्थ' का ऐलान किया है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य भारत-अमेरिका के बीच डिजिटल कनेक्टिविटी को बढ़ाना है। माना जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट से दोनों देशों के बीच हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी का एक नया दौर शुरू होगा और इससे भारत के डिजिटल इकोसिस्टम को भी सपोर्ट मिलेगा।

प्रोजेक्ट इस दशक के अंत तक पूरा हो सकता है

भारत के डिजिटल ईकोसिस्टम को भी सपोर्ट मिलेगा




### मेटा के लिए यह प्रोजेक्ट है काफी अहम

*मेटा के लिए यह प्रोजेक्ट काफी अहम है, क्योंकि कंपनी के सभी प्लेटफॉर्म पर भारत में यूजर्स की संख्या 100 करोड़ से भी ऊपर है। भारत में हाई-स्पीड इंटरनेट भी तेजी से गांव और कस्बों तक पहुंच रहा है। ऐसे में मेटा इन सभी को अपने यूजर्स के रूप में देखती है और इससे कंपनी के लिए कमाई के नए रास्ते खुलेंगे। मेटा ने अपने ब्लॉग पोस्ट में लिखा कि कंपनी अपनी तरह की पहली रूटिंग का उपयोग कर रही है, जिसके तहत समुद्र में 7,000 मीटर तक की गहराई पर पानी में केबल बिछाई जाएगी।*

# डेटा सेंटर, ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा और ट्रांसमिशन सेक्टर में करेंगे निवेश

# मुख्यमंत्री से भेंट कर श्री टेक डेटा लिमिटेड के सीईओ ने प्रदेश में 9100 करोड़ के निवेश का दिया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शुक्रवार को श्री टेक डेटा लिमिटेड कंपनी के सीईओ विजय आनंद ने भेंट की। उन्होंने प्रदेश में डेटा सेंटर, ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा और ट्रांसमिशन सेक्टर में निवेश की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत कर 9100 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से प्रदेश में उन्नत बुनियादी ढांचे और तकनीकी विस्तार पर चर्चा हुई।

श्री टेक डेटा लिमिटेड ने इंदौर में 4 हजार करोड़ रुपए की लागत से डेटा सेंटर स्थापित करने, बीना (सागर) में 3 हजार करोड़ रुपए की लागत से ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट विकसित करने, उज्जैन में 600 करोड़ रुपए के निवेश से सोलर पॉवर यूनिट स्थापित करने और उज्जैन में ही बिजली ट्रांसमिशन एवं वितरण अवसंरचना के लिए 1500 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव दिए। बैठक में जिला उद्योग केंद्र भोपाल के जीएम कैलाश मानेकर भी उपस्थित रहे।

वैश्विक कंपनियां प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित हो रहीं

## मध्यप्रदेश निवेशकों के लिए देश के सबसे अनुकूल स्थलों में से एक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र निवेशकों के लिए देश के सबसे अनुकूल स्थलों में से एक बन चुका है। मजबूत बुनियादी ढांचे, सुलभ नीतियों और अनुकूल औद्योगिक वातावरण होने से वैश्विक कंपनियां प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित हो रही हैं। श्री टेक डेटा लिमिटेड के सीईओ आनंद ने कहा कि यह निवेश प्रदेश में डिजिटल और हरित ऊर्जा क्रांति को गति देगा, जिससे अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का विकास होगा और हजारों नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने परियोजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार से नीति समर्थन, भूमि आवंटन और अन्य आवश्यक सहयोग का अनुरोध किया। श्री टेक डेटा लिमिटेड का यह निवेश मप्र के औद्योगिक और आर्थिक विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे न केवल तकनीकी और ऊर्जा क्षेत्रों में प्रदेश अग्रणी राज्य बनेगा बल्कि स्थानीय युवाओं और स्टार्ट-अप्स को भी नए अवसर प्राप्त होंगे।

### वैश्विक स्तर पर नीति को प्रस्तुत करने जीआईएस होगा बड़ा मंच

# ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स नीति से निवेश और नवाचार का प्रारंभ होगा नया युग

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने मप्र ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) पॉलिसी 2025 लॉन्च की है, जो बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आकर्षित करने और राज्य को एक डिजिटल एवं तकनीकी हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और डिजिटल इंडिया विजन को गति देने में यह नीति एक मील का पत्थर साबित होगी। भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025, इस नीति को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने का सबसे बड़ा मंच मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समिट का 24 फरवरी को शुभारंभ करेंगे, जिससे मप्र का निवेश परिदृश्य और भी मजबूत होगा। दुनिया भर के निवेशकों, उद्योगपतियों और नीति-निर्माताओं के समक्ष मुख्यमंत्री इस नीति को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेंगे, जिससे जीसीसी के क्षेत्र में राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके। इस समिट से जीसीसी के लिए बड़ी संख्या में निवेश प्रस्तावों की उम्मीद है, जिससे राज्य का आर्थिक परिदृश्य बदल जाएगा।




**जीसीसी : वैश्विक कारोबार का नया केंद्र**

ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स वे केन्द्र हैं, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय कंपनियां अपने मुख्यालय से अलग अन्य देशों में स्थापित करती हैं। इनका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर अपने ऑपरेशंस को सुचारू रूप से चलाना और अत्याधुनिक तकनीकों का लाभ उठाना होता है। इन केन्द्रों में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा एनालिटिक्स, वित्तीय सेवाएं, अनुसंधान एवं विकास, सप्लाई चेन मैनेजमेंट और ग्राहक सहायता जैसी सेवाएं दी जाती हैं।

### 3 वर्ष में आईटी, आईटीईएस निर्यात में तीन गुना वृद्धि

*मप्र में जीसीसी के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। पिछले तीन वर्षों में राज्य के आईटी, आईटीईएस निर्यात में तीन गुना वृद्धि हुई है और वार्षिक वृद्धि दर 43 प्रतिशत है। इंदौर, भोपाल और जबलपुर जैसे शहर तेजी से आईटी और ईएसडीएम हब के रूप में विकसित हो रहे हैं। राज्य में 300 से अधिक इंजीनियरिंग कॉलेज हैं, जहां से हर साल 50 हजार से अधिक टेक्नोलॉजी ग्रेजुएट निकलते हैं। निवेशकों के लिए किफायती बिजनेस ऑपरेशन, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी पार्क, विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) और सरल नियामकीय प्रक्रियाएं इस नीति को और अधिक प्रभावी बना रही हैं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में मप्र चौथे स्थान पर है, जो यह साबित करता है कि राज्य में निवेशकों के लिए एक अनुकूल माहौल मौजूद है।*

### सीएम डॉ. यादव ने कहा, जल ही जीवन और जीवन की उत्पत्ति का है मूल स्त्रोत

# देशों, संस्कृतियों में शांति-सौहार्द्र स्थापित करेगा वसुधैव कुटुंबकम् का संदेश:सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बाबा श्री महाकाल की नगरी, भारत एवं विश्व का एक प्रमुख आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र उज्जैन, यूनाइटेड कॉन्शसनेस ग्लोबल कॉन्क्लेव-2025 आयोजन की मेजबानी कर रहा है। यह भूमि वेदों, पुराणों और योग परंपरा से समृद्ध रही है, और आज हम सभी यहां इसी परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने के लिए एकत्रित हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह दौर युद्ध का नहीं, शांति का है।

उनका यह विचार आज के समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता को इंगित करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात कालिदास अकादमी उज्जैन में आयोजित यूनाइटेड कॉन्शसनेस कॉनक्लेव- 2025 में संबोधित करते हुए कही। इस मंच पर 21 से अधिक देशों के विद्वान, संत, मनीषी, आध्यात्मिक शिक्षक, कोच और विचारक एकत्रित हुए हैं, जो इस विषय पर अपने विचार साझा कर रहे है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह युग संभवतः सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण रहा है, जहां युद्ध, गृहयुद्ध, आतंकवाद और आपसी वैमनस्यता ने विश्व को तनावग्रस्त बना दिया है। हमें विचार करना होगा कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को कैसी दुनिया सौंप रहे हैं- एक विभाजित, हिंसा-ग्रस्त समाज या शांति, समरसता और आध्यात्मिक चेतना से ओत-प्रोत एक संसार? यूनाइटेड कॉन्शसनेस ग्लोबल कॉन्क्लेव एकात्म चेतना के माध्यम से शांति की संस्कृति की स्थापना होगी।

भारत की प्राचीन संस्कृति, योग और अध्यात्म को मिला वैश्विक मंच

**मुख्यमंत्री यूनाइटेड कॉन्शसनेस ग्लोबल कॉन्क्लेव-2025 में हुए सम्मिलित**



### शिविर में 21 से अधिक देशों के डेलिगेट्स रहे मौजूद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन की इस पवित्र भूमि पर एकात्मक चिंतन के इस शिविर में 21 से अधिक देशों के डेलिगेट्स यहां आए हैं। यहां पर भी सनातन परंपरा के चिंतन को लेकर विचार विमर्श किया जा रहा है। उज्जैन में वैचारिक महाकुंभ का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कॉन्क्लेव केवल संवाद या चर्चा का मंच नहीं है, बल्कि यह गहन विमर्श का एक केंद्र बनेगा, जिससे न केवल ज्ञान का विस्तार होगा, बल्कि मानवता के कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जीवन मूल्यों का 'वसुधैव कुटुंबकम' का संदेश विभिन्न देशों और संस्कृतियों के मध्य शांति और सौहार्द को स्थापित करेगा। भारत भूमि योग, ध्यान, वेदांत और धर्म के माध्यम से शांति, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व का संदेश देती रही है।



### जल विश्व को सनातन संस्कृति की परंपरा अनुसार एक सूत्र में पिरोता है

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पंचमहाभूत से बना है हमारा शरीर। प्रकृति में जो पांच तत्व मौजूद हैं, वही हमारे शरीर में भी विद्यमान है। इस सृष्टि मे जीवन की उत्पत्ति सर्वप्रथम जल में ही हुई थी, इसीलिए जल के प्रति हम सब जीवों में एक स्वाभाविक सी ललक रहती है। जल हमें सुकून देता है। स्नान से हमें मानसिक शांति प्राप्त होती है साथ ही शरीर में स्फूर्ति का संचार होता है। जल स्रोत नदी, समुद्र, तालाब जैसे हमें शुरू से ही आकर्षित करते आ रहे हैं। आज कार्यक्रम में संसार के विभिन्न जल स्रोतों से जल प्राप्त हुआ है। जल विश्व को सनातन संस्कृति की परंपरा अनुसार एक सूत्र में पिरोता है।*

### चुनाव के लिए लगाई गई थी ड्यूटी, कलेक्टर ने मांगा जवाब

# बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले 276 कर्मचारियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने मतदान दलों के प्रशिक्षण से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले 276 कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है। नोटिस मिलने के बाद 24 घंटे के अंदर जवाब देना होगा।

मिली जानकारी के अनुसार, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान दल में ड्यूटी लगाई गई। कर्मचारियों का द्वितीय प्रशिक्षण विकासखंड मुख्यालयों में 13-14 फरवरी 2025 को आयोजित किया गया था। विकासखंड बलौदाबाजार में 15, भाटापारा में 29, सिमगा में 106, कसडोल में 56, विकासखंड पलारी में 70 कर्मचारी प्रशिक्षण से अनुपस्थित थे। जारी आदेश में कहा गया है कि निर्वाचन जैसे संवेदनशील और अति महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतना छतीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम- छतीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 नियम 17(2)(3) के अनुसार कार्यवाही योग्य है। उक्त कृत्य के लिए क्यों न अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाए।



### शादी कार्यक्रम से लौटकर घर जा रहा था युवक

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना कोटा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मिली जानकारी के अनुसार, युवक का नाम 22 वर्षीय मनोज बैगा पिता बिसराम बैगा था।

वह ग्राम शिवलखार का रहने वाला था। वह वर्तमान में अपने ससुराल ग्राम नेवसा में रह रहा था। बताया जा रहा है कि, 15 फरवरी की रात 9 बजे एक शादी कार्यक्रम के लिए घर से निकला था तभी गांव नेवसा के बंधवा पारा मेन रोड के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मारकर फरार हो गया। इस हादसे में उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि, मनोज की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। रात को ही कोटा पुलिस को परिजनों ने घटना की सूचना दे दी थी जिसके बाद मृतक के शव को मरचुरी में रखा गया था। रविवार की सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौप दिया गया। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।




### विशेष रूप से तैयार रथों का पूजन-अर्चन कर रवाना किया

# मंत्री सारंग ने नरेला में घर-घर किया महाकुंभ से लाए गंगाजल का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने अनूठी पहल की है। उन्होंने शनिवार को नरेला क्षेत्र में प्रयागराज महाकुंभ से लाए गए पवित्र गंगाजल के वितरण का शुभारंभ किया। मुख्य कार्यक्रम अशोका गार्डन स्थित नर्मदा परिक्रमा पार्क से प्रारंभ हुआ, जहां मंत्री सारंग ने गंगाजल वितरण के लिए विशेष रूप से तैयार रथों का पूजन-अर्चन कर रवाना किया।

मंत्री सारंग वार्ड 69 के अशोका गार्डन, वार्ड 37 में द्वारका नगर एवं वार्ड 76 में पहुंचे और नागरिकों के घर-घर जाकर पवित्र गंगाजल वितरित किया। इस अभियान के अंतर्गत नरेला विधानसभा के सभी 17 वार्डों में घर-घर गंगाजल वितरण किया गया, ताकि जो श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ नहीं जा सके, वे भी इस पवित्र जल का लाभ उठा सकें।



### ईसीआईआर दर्ज करेगी ईडी, पूर्व बिना सूचना गिरफ्तारी भी होगी

# ईडी की पूछताछ में सौरभ ने भ्रष्टाचार के खेल में साथ देने वालों के गिनाए नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईडी सौरभ शर्मा उसके सहयोगी चेतन और पार्टनर शरद से लगातार मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ कर रही है। शनिवार को पूछताछ में सौरभ ने अफसर के समक्ष कई खुलासे किए हैं। ईएसआईआर दर्ज करेगी ईडी, बिना पूर्व सूचना या नोटिस के गिरफ्तारी भी होगी

उसने छापे में मिली डायरी में दर्ज कई नाम की पुष्टि की है, जो उसका साथ दे रहे थे। वह मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए भ्रष्टाचार की रकम को प्रॉपर्टी और गोल्ड में इन्वेस्ट करवाते थे। इसके अलावा सौरभ ने ग्वालियर के कारोबारी सहित 4 रिश्तेदारों के नाम भी गिनाए हैं, जिनके संरक्षण में वह काली कमाई खपा रहा था। डायरी में दर्ज परिवहन विभाग के तत्कालीन अफसर और ज्वेलर्स पर भी शिकंजा कसने की तैयारी है। ईडी ने सौरभ द्वारा बताए गए नामों का खुलासा तो नहीं किया है, लेकिन इन सभी को सह आरोपी बनाया जाएगा। ईडी इनसे पूछताछ के लिए नोटिस जारी कर रही है। कई लोगों को नोटिस जारी भी हो चुके हैं।

### रिमांड बढ़ाने की मांग

*सौरभ, चेतन और शरद की सोमवार को रिमांड पूरी हो जाएगी। इसलिए इनको कोर्ट में प्रस्तुत करते ही ईडी रिमांड बढ़ाने का आवेदन लगा सकती है, क्योंकि केस से जुड़ी कई जानकारी को वेरीफाई किया जाना है। इनोवा का ड्राइवर भी ईडी के टारगेट में है। बताया जा रहा है कि ईडी को उसका सुराग लग गया है। जल्द ही वह गिरफ्त में होगा।*

# कई चुनौतियों के बीच आसान हुई पहाड़ों पर औषधीय खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

पहाड़ों से सेहत और परंपरा का संगम प्रकृति के खजाने से भरे पारंपरिक और जैविक खेती से तैयार उत्पादों को दुनिया तक पहुंचाने का जिम्मा उठाया है अद्रिभु पहाड़ी एडिबल्स ने। यह न सिर्फ सेहतमंद खाद्य उत्पाद उपलब्ध करा रहा है, बल्कि पहाड़ों की पारंपरिक खेती को भी संरक्षित कर रहा है।

इनमें हिमालयी भांग के बीज का तेल, हल्दी, जख्या , बिच्छू घास और अन्य प्राकृतिक उत्पाद शामिल हैं, जो औषधीय गुणों से भरपूर हैं। पहाड़ी खेती की चुनौतियां और परंपरा पहाड़ों में खेती आसान नहीं होती। यहां की ज़मीन उबड़-खाबड़ होने से आधुनिक कृषि उपकरणों का उपयोग कठिन होता है। खाद, पानी और कटाई से लेकर भंडारण तक हर काम पारंपरिक तरीकों से किया जाता है। यहां पलायन और जंगली जानवरों से फसलों को होने वाले नुकसान जैसी चुनौतियां भी बनी हुई हैं। बावजूद इसके, पहाड़ी खेती के ये अनमोल उपहार आज भी अपनी शुद्धता और गुणों के कारण अद्वितीय हैं। बिच्छू घास पहाड़ी जड़ी-बूटी एंटीऑक्सिडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-माइक्रोबियल गुणों से भरपूर है।

### दिल्ली की घटना के बाद रखी जाएगी हर गतिविधि पर नजर

# सभी रेलवे स्टेशनों पर अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के बाद छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और प्रदेश के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन ने आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) और जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

प्रयागराज जाने वाली सभी रूटीन और कुंभ स्पेशल ट्रेनों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यात्रियों की बड़ी भीड़ को देखते हुए रात 9 बजे से 12 बजे तक विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त पुलिस बल और मेडिकल टीम तैनात किया गया है। भीड़ नियंत्रण के लिए सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी बढ़ाई गई है। इसके अलावा आपातकालीन योजना भी तैयार किया गया है।





### संदिग्धों पर रखें विशेष नजर

*आरपीएफ और जीआरपी को निर्देश मिले हैं कि, वे स्टेशन और प्लेटफॉर्म पर भीड़ नियंत्रित रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखें। ट्रैफिक मैनेजमेंट और यात्री सहायता केंद्रों को भी सक्रिय कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि, वे अफवाहों पर ध्यान न दें। धैर्य बनाए रखें और निर्देशों का पालन करें। भीड़भाड़ वाले इलाकों पर सतर्क रहें और किसी भी तरह की असुविधा हो तो रेलवे हेल्पडेस्क या सुरक्षाकर्मियों से बात करें।*

### बीजेपी ने नगर निगम सीट पर दर्ज की ऐतिहासिक जीत

# चाय वाला बनेगा रायगढ़ का प्रथम नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

बीजेपी ने छत्तीसगढ़ की रायगढ़ नगर निगम सीट पर जीत हासिल कर ली है। यहां पर पहली बार एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बना है। शहर में पहली बार चाय वाला एक आम आदमी शहर का प्रथम नागरिक बनने जा रहा है। जी हां चाय वाला रायगढ़ का मेयर बनेगा। बीजेपी के मेयर उम्मीदवार जीवर्धन सिंह चौहान ने रिकॉर्ड मतों से विजयश्री हासिल की है।

वे पिछले 29 साल से बीजेपी कार्यकर्ता हैं। चाय बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। जीवर्धन सिंह चौहान रायगढ़ शहर में चाय की दुकान चलाते हैं। नगरीय निकाय चुनाव प्रचार के दौरान प्रदेश के मुखिया सीएम विष्णुदेव साय उनकी दुकान में गये थे। उन्होंने वहां पर अपने हाथों से चाय बनाई थी। उसके पहले छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भी उनकी दुकान में चाय बनाई थी। मंत्री ओपी चौधरी ने उन्हें जिताने के लिये पूरी ताकत लगा दी थी। क्योंकि कहीं न कहीं उनकी प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी हुई थी। बीजेपी के महापौर प्रत्याशी जीवर्धन सिंह ने कांग्रेस की जानकी काटजू को हराया है। उन्होंने 33 हजार से ज्यादा वोटों से जीत हासिल की है। रायगढ़ में कांग्रेस उम्मीदवार को 21946 वोट मिले हैं। यहां पर नोटा में 954 वोट मिले हैं। चौहान को बीजेपी ने मेयर उम्मीदवार बनाया था।

सीएम साय पहुंचे थे दुकान, बनाई थी अपने हाथों से चाय



## जिले में 35 हजार नव साक्षर परीक्षा में बैठे

# 78 साल की सियाबाई ने दी नव साक्षर परीक्षा

**जबलपुर।**

जिले के उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में लगभग 35 हजार से अधिक नव साक्षरों ने बुनियादी परीक्षा दी. जिला प्रौढ शिक्षा अधिकारी श्रीमति अंजली सेलट ने बताया की कलेक्टर दीपक सक्सेना और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत के मार्गदर्शन में सुचारू रूप से परीक्षा संचालित हुई. परीक्षा केन्द्रों में तिलक वंदन और पुष्प मालाओं से परीक्षार्थियों का स्वागत किया गया. उन्होंने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य असाक्षर लोगों को साक्षर बनाने के लिये प्रेरित करना था. जिले में 1 हजार 508 परीक्षा केन्द्रों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक परीक्षाएं सचालित हुईं. जिसमें 35 हजार नव साक्षर शामिल हुए. परीक्षा का निरीक्षण श्रीमती अंजनी सेलट जिला प्रौढ शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के परीक्षा केन्द्रों-शास. माध्य. शा. सालीवाडा, शास. माध्य शा. बन्दरकोला, माध्य शा. बरगीनगर, मानकुंवारी हंसा बरेला, प्राथ.शा.कल्याणपुर, पढरिया कुण्डम, का किया गया। शास. माध्य.शाला बन्दरकोल में 78 वर्षीय वृद्ध परीक्षार्थी श्रीमती सिया बाई पटैल परीक्षा में शामिल हुई मानकुंवारी हंसा बरेला में नगर पंचायत वार्ड न.13 की पार्षद ममता बर्मन ने भी परीक्षा दी। उक्त परीक्षा में जिला सह समन्वयक दीपक पटैल, विकास खण्ड सह समन्वयक श्रीमती अमृता कोरी, केशव दुबे, जगत पटैल, विनोद पटैल, श्यामराव माण्डलेकर, नेतराम झारिया, श्रीमती बिन्दु गुप्ता एवं भास्कर गुप्ता, द्वारा नव साक्षरों का पंजीयन कराकर परीक्षा में सम्मिलित कराने में अहम भूमिका निभाई।



उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की परीक्षा में उत्साह से शामिल हुए नव साक्षर जिला प्रौढ शिक्षा अधिकारी, जिला एवं विकास खण्ड सह समन्वयकों ने परीक्षा केन्द्रों का लिया जायजा

### करियापाथर विद्यालय में परीक्षार्थियों का स्वागत

शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पश्चिमी करिया पाथर में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम में सर्वप्रथम परीक्षा में समलित सभी परीक्षार्थियों का शिक्षकों द्वारा पुष्प माला एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया. इस अवसर पर प्रधान अध्यापक श्रीमती छाया जैन, रॉबर्ट मार्टिन, हरीश चन्द्र वर्मा, राम शंकर श्रृंगी, मोनिका सोनी, मंजुलता सोनी, पूजा सोनकर, अमिता केसरवानी, शबनम कुरेशी, पद्मा मालवीय, ममता श्रीवास्तव, कृष्णा रत्नाकर , सीमा तिवारी , राधा सोनकर, रश्मि गुप्ता, वंदना विश्वकर्मा, रिक्ता हैमिल्टन आदि शिक्षक शामिल रहे।

# अल्प प्रवास पर जबलपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी



### सांसद आशीष दुबे ने आगवानी एवं स्वागत किया

**जबलपुर।** भारत सरकार के सड़क,परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी का रविवार सुबह जबलपुर अल्प प्रवास पर आगमन हुआ, इस दौरान डुमना विमानतल पर जबलपुर लोकसभा सांसद आशीष दुबे ने माननीय मंत्री जी का भव्य स्वागत एवं आगवानी की।इस दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से शहर विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर सान्निध्य प्राप्त हुआ। इस दौरान भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन,महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ,ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल,विधायक व पूर्व मंत्री अजय विश्नोई ,विधायक अशोक रोहाणी व प्रदेश तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष रविकिरण साहू,पंकज दुबे,रजनीश यादव, रंजीत पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व पार्टीजन उपस्थित थे।

## मप्र विद्युत मंडल पेंशनर एसोसियेशन की बैठक में किया एकजुटता का आह्वान

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन पूर्व क्षेत्र अंतर्गत समस्त शाखाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आनंद तिवारी की अध्यक्षता में 16 फरवरी को कॉफी हाउस जबलपुर में आरएस परिहार, संयोजक पूर्व क्षेत्र के आह्वान पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में आईडी पटले, राकेश पाठक, घनश्याम खंडेलवाल, केएल नामदेव, आईके अग्रवाल, एसके दुबे, योगेश सिंघई, आरके विश्वकर्मा, पेंशनर एसो. के अध्यक्ष केके अग्रवाल, प्रभु नेमा एसएल रघुवंशी, सुभाष दुबे, एचपी कहार, श्री पचौरी सहित अन्य उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सागर, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, दमोह, रीवा, कटनी, नरसिंहपुर के समस्त पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से इस बात को स्वीकार करते हुए अपनी सहमति व्यक्त की कि समयानुसार पेंशनर एसो. का सही निर्णय है कि हमें प्रदेश स्तर के साथ ही कंपनी स्तर पर भी अपनी मांगों के लिए एकजुट होना पड़ेगा, साथ ही बैठक में पारित निर्णय पर पूर्व क्षेत्र के अंतर्गत समस्त शाखाएं एक आह्वान पर पेंशनर एसो. का साथ देंगी। बैठक के पूर्व आरएस परिहार ने महत्वपूर्ण प्रकाश डाला, आभार आईके अग्रवाल ने किया संचालन आईडी पटले बालाघाट ने किया।



## दिन में तेज धूप से गर्मी का अहसास

# अब सुबह और रात की बची ठंड

**जबलपुर।**

पश्चिमी विक्षोप के बाद तापमान में आई उछाल बरकरार है. ठंड अब सुबह शाम और रात की बची है. दिन भर तेज धूप में गर्मी जैसा वातावरण बनने लगा है. रविवार को

दिन भर तेज धूप की वजह और हवा में नमी ने तापमान को बढ़ाया। जिससे दिन में गर्मी का वातावरण बना रहा। शाम को उत्तरी हवाओं ने ठण्डक बढ़ा दी थी। पिछले दो दिनों से अधिकतम तापमान सामान्य पर आकर ठहर गया है। लेकिन शाम ढलते ही उत्तरी हवाओं ने ठंडक बना रखी है । दिन भर गर्मी के बाद अचानक ठण्ड बढ रही है ।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक सुबह के वक्त दिन में तेज धूप खिली रही और हवा में नमी भी बहुत बढ़ गई थी। जिसकी वजह से ऐसा लगा, जैसे गर्मी का मौसम हो और ज्यों-ज्यों शाम ढलते गई, उत्तरी हवाओं ने फिजां में ठण्डक घोलना शुरू कर दी। रात के प्रथम पहर से तड़के तक गुलाबी ठंड बनी रही। पिछले २४ घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 30.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 13.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः काल 63 प्रतिशत और सायं काल 29 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह ६.40 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम ६.07 मिनिट पर हुआ। प्रदेश में सबसे कम 9.8 डिग्री सेल्सियस तापमान शहडोल में दर्ज किया गया। उत्तरी हवायें ४ से ५ किलोमीटर की रफ्तार से चली। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 27. 04डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान १४.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगले २४ घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।



# सात हजार से अधिक छात्रों ने दी एमपी पीएससी परीक्षा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। यह परीक्षा 16 फरवरी को प्रदेश भर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई, जिसमें जबलपुर शहर में भी बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने भाग लिया।

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 के लिए जबलपुर शहर में कुल 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इस परीक्षा में 7,610 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की गई थी – पहला सत्र सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरा सत्र दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक। पहले सत्र में 5,379 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि दूसरे सत्र में 5,313 परीक्षार्थी उपस्थित हुए।

### प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक डॉ. अशोक कुमार भार्गव ने जबलपुर शहर में कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में डॉ. भार्गव ने केंद्रों पर किए गए सुरक्षा इंतजामों, परीक्षा की गोपनीयता और सही संचालन के लिए किए गए कदमों का जायजा लिया। डॉ. भार्गव ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था और अन्य जरूरी उपायों की सराहना की। उन्होंने सहायक कोऑर्डिनेटरों और केंद्राध्यक्षों को परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। साथ ही, उन्होंने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार गोपनीय और अगोपनीय सामग्री के वितरण और उसकी वापसी के प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा, उड़न दस्ता दल द्वारा भी लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया, जिससे परीक्षा के सुचारू और सुरक्षित संचालन की पुष्टि हुई।



## व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ

**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया 17 फरवरी से प्रारंभ कर दी है। निगम आयुक्त प्रीति यादव के निर्देश पर यह कार्य 15 दिन पूर्व शुरू किया गया, ताकि व्यापारियों को अंतिम समय में किसी प्रकार की असुविधा न हो। बाजार अधीक्षक दिनेश सिंह ठाकुर ने बताया कि 31 मार्च 2025 तक सभी व्यापारियों को अपने व्यापारिक लाइसेंस का नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। दिनेश सिंह ठाकुर ने बताया है कि 1 अप्रैल से 25% , 1 मई से 50 % तथा 1 जून से 100% जुर्माना वसूला जाएगा। इसके अलावा, बिना लाइसेंस व्यवसाय करने वालों पर वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी।

### नवीनीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज

लाइसेंस नवीनीकरण के लिए व्यापारियों को गत वर्ष की लाइसेंस रसीद या प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करनी होगी। यह प्रक्रिया नगर निगम की गोल बाजार स्थित जॉर्ज टाउन स्कूल परिसर में संचालित लाइसेंस शाखा में संपन्न होगी। व्यापारियों के लिए यह सेवा प्रतिदिन सुबह 11:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी।नगर निगम ने सभी व्यापारियों से समय रहते नवीनीकरण कराने की अपील की है, ताकि अंतिम समय में भीड़ और असुविधा से बचा जा सके। व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम समय से पहिले नवीनीकरण प्रारम्भ कर रहा है । सभी व्यवसायियों से आग्रह है कि वे 31 मार्च की अंतिम तिथि से पहले अपने लाइसेंस का नवीनीकरण कराकर सुगम व्यापार संचालन सुनिश्चित करें।

#### केंगरू किड्स इंटरनेशनल स्कूल में ' महोत्सव' संपन्न

## नन्हे मुन्ने बच्चों ने राधा कृष्ण, ग्वाल बाल गोपियों का रूप धारण कर मन मोह लिया

**जबलपुर।** शहर के हृदय स्थल राइट टाउन स्थित कंगारू किड्स इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव 16 फरवरी 2025 को बड़े धूमधाम से मनाकर दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतिवर्ष आम जनता और शहर के कलाप्रेमी इस वार्षिकोत्सव को देखने के लिए इंतज़ार करते है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथि देवो भव की परंपरा का निर्वाह करते हुए सम्माननीय अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन मुख्य अतिथि श्री जगत बहादुर सिंह (अन्नू भैया) महापौर जबलपुर नगर निगम एवं शहर के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम को निर्विघ्नतापूर्वक समापन के लिए छात्रों द्वारा महिषासुर नंदिनी मर्दिनी की संगीतमय प्रस्तुति दी गई।वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की मुख्य थीम 'श्री कृष्णा' रही। जिसमे शाला के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने राधा कृष्ण, ग्वाल बाल, गोपियों का रूप धारण किया और उनकी अद्भुत लीलाओं ने सभी दर्शको का मन मोह लिया। बच्चो ने अपने नृत्यए संवाद और भाव भंगिमाओं से ऐसा वातावरण बना दिया मानो स्वयं 'श्री कृष्ण' ही मंच पर अवतरित हो गए हो।बाल गोपाल की मोहक मुस्कान, शेषनाग पर विश्राम, रासलीला की सुरम्य झलकियां, कंस वध एवं द्रोपदी चीर हरण के करुण प्रसंग को इतनी संजीदगी से प्रस्तुत किया गया कि दर्शक भावविभोर हो उठे। संगीत, नृत्य और भावनाओ की इस सुंदर प्रस्तुति ने पुरे सभागृह को कृष्णमय कर दिया। तालियों की गड़गड़ाहट और भावुक प्रसन्नता से भरे चेहरों ने इस आयोजन की सफलता को सिद्ध कर दिया।तदुपरांत विधालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सोनिया कोच्चर की शानदार वार्षिक रिपोर्ट से विद्यालय परिवार गौरवान्वित हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि वार्षिकोत्सव छात्रों के सर्वांगीण विकास का मापदंड है। इस कार्यक्रम को देखकर पता चल रहा है कि इस विधालय में जीवन के हर क्षेत्र को विकसित करने कि पूरा प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम में विधालय की संचालिका श्रीमती अर्पिता मालपानी, प्राचार्या श्रीमती सोनिया कोच्चर, इकीगई किड्स स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती पूर्णिमा मेंदीरत्ता ने सभी पालको को धन्यवाद दिया।कार्यक्रम के अंत में सर्वोत्कृष्ट संगीतमय ग्रैंड फिनाले ₹सुजलाम सुफलाम मलयज शीतलाम₹ संगीत पर हुआ। जिसका दर्शको दो इंतज़ार था। इस ग्रैंड फिनाले डांस के साथ साथ रंग बिरंगे लेजर लाइट शो दिखाया गया जो दर्शको को बहुत पसंद आया। दर्शको ने इसकी खूब सराहना की।

## दिगम्बर जैन महिला परिषद ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**जबलपुर।** आचार्य विद्यासागर महाराज के प्रथम समाधि दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महिला परिषद आदिनाथ शाखा चेलना संभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन लाख भवन में किया गया। कार्यक्रम में मुक्ति फाउंडेशन के विशेष डॉ. विवेक जैन, डॉ. अश्विनी कुमार त्रिवेदी, डॉ. संजय मिश्रा का विशेष सहयोग रहा। विशिष्ट अतिथि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पूर्व मंत्री शरद जैन, सांसद आशीष दुबे, विधायक अभिलाष पांडे, सीए अखिलेश जैन रहे। इस विशाल शिविर का संचालन रश्मि पारस ने किया, मंगला चरण मनीषा जैन ने किया। मंचासीन अतिथि डॉ. बिमला दीदी, डॉ. कुसुम जैन, अर्चना मलैया रहीं। इंद्रा जैन, मधु जैन, लता जैन, विजय लक्ष्मी सहित चन्द्रकुमार सिंघई, मनीष जैन कल्लू, मनीष जैन नेता का विशेष सहयोग रहा।

इस स्वास्थ्य शिविर में हृदय रोग, दंत रोग, अस्थि रोग, स्त्री रोग, मधुमेह, नेत्र रोग, कैंसर, शिशु रोग, शल्य चिकित्सक, फिजियो थैरेपी, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, पैथालॉजी सभी जांचें की गईं। निःशुल्क परामर्श, निःशुल्क वजन, ब्लड टेस्ट, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेसर, बीएमडी मशीन द्वारा हड्डियों में कैल्शियम की जांच की सुविधाएं उपलब्ध रहीं। शिविर में संभाग अध्यक्ष सविता जैन, संभाग सचिव रेशमा जैन, अध्यक्ष प्राची जैन, सचिव मोना जैन, कोषाध्यक्ष निधि जैन का सहयोग रहा।



## नवासा ए हुज़ुर मुफ़्ती ए आज़म हिन्द होंगे सम्मिलित

# दारुल उलूम गौसिया रज़वीय कासमीया का दीक्षांत समारोह 24 फ़रवरी को

**जबलपुर, पुराना पुल साऊथ मिलौनीगंज गोहलपुर स्थित दारुल उलूम गौसिया रज़वीया कासमीया में अध्यनरत छात्रों का दीक्षांत समारोह 24 फ़रवरी 2025 दिन सोमवार को हज़रत अल्लामा मुफ़्ती इम्तियाज़ुल कादरी कासमी साहब मुफ़्ती ए आज़म जबलपुर व क़ाज़ी ए शरआ जिला जबलपुर की अध्यक्षता में यूनानी दवाखान ग्राउंड साऊथ मिलौनीगंज गोहलपुर में आयोजित किया जायेगा।**



कार्यक्रम की सरपरस्ती देश में *सुन्नियों के सब से बड़े केंद्र दरगाह आला हज़रत* बरेली शरीफ उ.प्र. से मुख्य इस्लामिक विद्वान नवास-ए-मुफ्ती-ए-आजम हिंद व जानशीने खालिदे मिल्लत हजरत अल्लामा मौलाना मोहम्मद अनस रजा खान साहब करेंगे । जिसमें दारुल उलूम गौसिया रज़वीय कासमिया में अध्ययन करने वाले छात्रों में मौलवी वा हाफिज का कोर्स पूर्ण करने वाले छात्रों को डिग्री (सनद) प्रदान की जाएगी ।मीडिया प्रभारी सुल्तानुज़्ज़मा क़ादरी कासमी ने जानकारी देते हुए बताया के उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता इस्लामिक विद्वान हज़रत अल्लामा मुफ़्ती सगीर अहमद बरकाती साहब प्रिंसपल दारुल उलूम मज़हरे इस्लाम बरेली शरीफ उ.प्र. व उस्तादुल उलमा हजरत मौलाना गुलाम अहमद रज़ा तहसीनी साहब प्रिंसपल दारुल उलूम गौसिया रज़वीया कासमिया , मुफ़्ती मोहम्मद तौफीक़ आलम क़ासमी साहब खतीबो इमाम सालार मस्जिद, मुफ़्ती अलताफ हुसैन क़ासमी साहब खतीबो इमाम मक्का मस्जिद वज़ो तक़रीर (इस्लामिक प्रवचन ज्ञान) प्रदान करेंगे ।

## नरसिंह टेकरी खितौला में आठ दिवसीय आयोजन

# 100 वें नरसिंह महायज्ञ की कलश यात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

भक्तों की आस्था का केन्द्र बिंदू नरसिंह टेकरी मंदिर खितौला में आज श्री लक्ष्मी नरसिंह महायज्ञ के 100 शाल पूरे होने पर भव्य दिव्य मंगल कलश शोभायात्रा जगतगुरु रामरंगी द्वाराचार्य पट्टाचार्य डॉ नरसिंह देवाचार्य के सानिध्य एंव मंदिर के महंत श्री गोविन्द दास महाराज एंव शैलेश्वर धाम सैलवारा के महंत कैलाशानंद जी महाराज सहित अनेक साधू संतो की उपस्थिति में निकाली गई जिसमें सैकड़ों भक्तों ने शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

**इन मार्गों से होकर निकली कलश यात्रा**



महायज्ञ की कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारम्भ होकर बरा मोहल्ला,वन विभाग मार्ग,खितौला बाजार शिव मंदिर बाबाताल,हरदौल मंदिर,मैना कुआं, सरावगी मंदिर, काल भैरव चौक, झंडा बाजार, आजाद चौक,गौरी तिराहा, पुराना बस स्टेंड से होकर निकली जिसमें सबसे आगे धर्मध्वजा लेकर भक्त गण नाचते गाते चल रहे थे एंव उसके पीछे दर्जनों महिलाएं सर पर मंगल कलश रखकर चल रही थी उसके पीछे रथ पर भगवान श्रीराम सीता लक्ष्मण, महाकाली सहित संत गोविंद दास महाराज, संत कैलाशानद जी महाराज सहित अनेक सहित अनेक संत आशीर्वाद देते हुए चल रहे थे।

**जगह जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत**

दिव्य मंगल कलशयात्रा का खितौला के अलावा सिहोरा में बाबा ताल,मैना कुआं,हरदौल मंदिर, झंडा बाजार सहित दर्जनों स्थानों पर भक्तों ने मार्ग के दोनों ओर खड़े होकर पुष्प वर्षा के साथ प्रसाद वितरण किया। शताब्दी पूरी होने पर नरसिंह मंदिर महायज्ञ की कलश यात्रा के पहली बार सिहोरा भी पहुंचने पर इसमें शामिल होने के लिए भक्तों में अपार उत्साह देखा गया।



# 'पंचम वेद' की दी संगीतमयी प्रस्तुति

**जबलपुर।** त्रिलोक संस्था जबलपुर द्वारा 'पंचम वेद' की संगीतमयी प्रस्तुति डॉ. शिप्रा सुल्लेरे के निर्देशन में श्री जानकी रमन महाविद्यालय के प्रेक्षग्रह में संपन्न हुई, अवसर था राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित भारत रंग महोत्सव 2025 के अंतर्गत विश्व जन रंग के माध्यम से 'पंचम वेद' नाट्य शास्त्र के तत्वों से अवगत कराना। डॉ. शिप्रा ने बताया कि हमें यह देखकर बहुत खुशी हुई कि लोगों ने प्रस्तुति को इतना पसंद किया, हमारा उद्देश्य पंचम वेदनाथ शास्त्र के उद्देश्य और सन्देश को लोगों तक पहुंचाना था और हमें लगता है कि हम इसमें सफल रहे हैं। कार्यक्रम में डॉ. शिप्रा सुल्लेरे, मुस्कान सोनी (सितार), राजवर्धन पटेल (हारमोनियम), मानसी सोनी (तबला), माही सोनी, अर्पिता तिवारी, अनामिका बाजपाई, पलक गुप्ता, हर्षित झा आदि कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इस अवसर पर डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, माया सोनी, अमन राजपूत, अनामिका कश्यप, काजल श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित थे।



# महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए कर रहे भोजन-पानी की व्यवस्था

**जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल के निर्देशानुसार, भारतीय जनता पार्टी जिला जबलपुर ग्रामीण के कार्यकर्ता महाकुम्भ स्नान करने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए जिले के मुख्य मार्गों पर भोजन और पानी की व्यवस्था निरन्तर कर रहे हैं।**

इसी क्रम में अंधमुख बाईपास के पास बहदन मुख्य मार्ग पर भी भोजन और पानी की व्यवस्था लगातार की जा रही है। इस आयोजन में भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेता आज शामिल हुये, जिनमें राकेश पटेल, रूपेश पटेल, शिवप्रसाद पटेल, ओमनारायण दुबे, अर्चना सिसोदिया, संध्या सिंह, प्रमोद पटेल, पवन दुबे,मुकेश ठाकुर, दिव्या पटेल, अर्जुन सिंह लोधी, प्रितम सेन, बराती लाल यादव और विनोद दाहिया शामिल रहे। आजीविका मिशन की सदस्य मातृशक्तियों के सहयोग से निर्मित भोजन का वितरण लगातार किया जा रहा है। यह आयोजन न केवल श्रद्धालुओं की सेवा करने का एक तरीका है, बल्कि यह भारतीय जनता पार्टी की सामाजिक सेवा और समर्पण की भावना को भी दर्शाता है।

## जाप मंडल व सकल जैन समाज का विनयांजलि कार्यक्रम कल

**जबलपुर।** राष्ट्रहित चिंतक परम उपकारी आचार्य विद्यासागर महामुनिराज के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर जाप मंडल व सकल जैन समाज द्वारा 18 फरवरी को मुनि संभव सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में डीएन जैन कॉलेज ग्राउंड में विनयांजलि कार्यक्रम 'महासंत को नमन' आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रातः बेला में 36 महामंडलीय आचार्य छत्तीसी विधान होगा, दोपहर में निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर व औषधि वितरण, शाम 07 बजे से विद्यापूर्ण ग्रुप द्वारा देश के विख्यात 45 नाट्य कलाकारों द्वारा आर्यिका पूर्णमति माता की प्रेरणा से मंचित नाटक आचार्य विद्यासागर महाराज के सम्पूर्ण जीवन चित्रण प्रस्तुत किया जाएगा। जाप मंडल जबलपुर द्वारा सभी नागरिकों से उपस्थिति की अपील की गई है।

# छात्र-छात्राओं को दी भावपूर्ण विदाई

## शाला में मनाया गया विदाई समारोह

**जबलपुर।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पश्चिमी करिया पाथर में कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं को भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर हमारे बीच विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे राकेश श्रीवास्तव खेल शिक्षक शाला करौंदी ग्राम जबलपुर से सेवानिवृत्त, शाला प्रधानाध्यापक छाया जैन, वरिष्ठ शिक्षक हरीशचंद्र वर्मा, ममता श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया और मंगल कामना के साथ सभी बच्चों को अपने उद्बोधन में शुभाशीष प्रदान की गई। छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव में अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन को विस्तार से बताया अपनी यादों को साझा किया, शिक्षकों के स्नेह को याद रखा, शिक्षकों के प्यार दुलार को भी बच्चों ने याद रखा, प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों द्वारा पढ़ाये गए इन बच्चों को अनुशासन, अध्ययन से लगाव और गुरुओं का सम्मान सभी को आज छात्रों ने याद किया। मंच का संचालन श्रीमती अमिता केसरवानी ने किया। साथ ही कृष्णा रत्नाकर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शालेय परिवार ने सभी अतिथियों का तिलक लगाकर और पुष्प माला एवं पुष्प गुच्छ से सम्मान किया। छात्रों को परीक्षा में सफलता प्राप्त हो ऐसी आशीष दी। शाला प्रधानाध्यापक जैन मैडम और क्लास टीचर पूजा सोनकर और शबनम कुरेशी द्वारा अमूल्य आशीष के साथ ही छात्र-छात्राओं को मिष्ठान वितरित कर विदाई दी गई। इस अवसर पर छाया जैन, रॉबर्ट मार्टिन, राकेश श्रीवास, हरीशचन्द्र वर्मा, रामशंकर श्रृंगी, मोनिका सोनी, मंजुलता सोनी, पूजा सोनकर, अमिता केसरवानी, शबनम कुरेशी, पद्मा मालवीय, ममता श्रीवास्तव, कृष्णा रत्नाकर, सीमा तिवारी, राधा सोनकर, रश्मि गुप्ता, वंदना विश्वकर्मा, रिक्ता हैमिल्टन आदि शिक्षक शामिल रहे।





# उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि आज शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पश्चिमी करिया पाथर में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन शाला की प्रधान अध्यापिका छाया जैन के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम परीक्षा में सम्मिलित सभी परीक्षार्थियों का शिक्षकों द्वारा पुष्प माला एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इसका उद्देश्य असाक्षर परीक्षार्थियों को साक्षर बनाने हेतु प्रेरित करना था। इस अवसर पर छाया जैन, रॉबर्ट मार्टिन, हरीश चन्द्र वर्मा, राम शंकर श्रृंगी, मोनिका सोनी, मंजुलता सोनी, पूजा सोनकर, अमिता केसरवानी, शबनम कुरेशी, पद्मा मालवीय, ममता श्रीवास्तव, कृष्णा रत्नाकर, सीमा तिवारी, राधा सोनकर, रश्मि गुप्ता, वंदना विश्वकर्मा, रिक्ता हैमिल्टन आदि शिक्षक शामिल रहे।

# बच्चों का हुनर निखारने नर्मदा ओपन कराटे चैम्पियनशिप आयोजित

जबलपुर।

संस्कारधानी जबलपुर में पहली बार नर्मदा जयंती महोत्सव को यादगार बनाने के लिए नर्मदा माई को समर्पित भावना से नफीस कराटे ऐसोसिएशन शिवाजी ग्राउंड कराटे एकाडमी द्वारा नर्मदा कराटे चैम्पियन के लिए समय-समय पर टूर्नामेंट का आयोजन शिहान मोहम्मद नफीस सफलतापूर्वक किया जाता है, इसी क्रम में 16 फरवरी रविवार को भी नफीस के नेतृत्व में नर्मदा ओपन कराटे चैम्पियनशिप का आयोजन सिंधी धर्मशाला घंटाघर में किया गया।





संस्कारधानी जबलपुर के कराटे चैम्पियंस को टूर्नामेंट के माध्यम से अपने हुनर को निखारने में मदद करने की कोशिश कर रहे शिहान मोहम्मद नफीस (5th डिग्री ब्लैक बेल्ट, चीपा डायरेक्टर एवं चीफ एग्जामनर ऑफ इंडिया शीतोरियो स्टाईल) कर रहे हैं। नर्मदा ओपन कराटे टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि क्षितिज शिरिल जैकब (प्रिंसिपल क्राइस्ट चर्च को-डो सालीवाड़ा गौर), का स्वागत दीपक बनोलिया ने किया, टूर्नामेंट में विवेक अवस्थी (सेक्रेटरी मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी) का स्वागत नवीन विश्वकर्मा मामाजी एवं श्रीमती रेणु यादव ने करतार सिंह भाटिजा (अध्यक्ष सिंधी धर्मशाला जबलपुर) का स्वागत नफीस सर एवं श्रीमती नीलू उदय कुमार ने किया। टूर्नामेंट के आयोजक शिक्षक मोहम्मद सफीस का स्वागत गनेश नवीन विश्वकर्मा (कराटे एकाडमी में मामाजी) ने एवं आकाश भाई ने दूसरे जिलों से आये कराटे कोचों का आत्मीय स्वागत किया।

नर्मदा ओपन कराटे टूर्नामेंट का आगाज जूनियर कराटे किड्स के अभूतपूर्व करतबों से किया गया, मान्यता कुमारी ने फ्लाई किक, के. अनिरुद्धा (जूनियर ब्लैक बेल्ट फस्ट डिग्री) ने टाईल्स बैंक करके विशिष्ट अतिथिगण का आशीर्वाद लिया, आईस बैक करके सबको चौंका दिया। शायशा भट्ट, प्रिंसिसेस मरकाम, नित्या महंत एवं जैनिफर रहीम, चारों नन्ही बच्चियों द्वारा दिल को छूने वाली मधुर आवाज में इतनी शक्ति हमें देना दाता, मन का विश्वास कमजोर हो न गीत की प्रस्तुति की गई।

जूनियर बच्चियों काव्या धनधारिया, नित्या महंत और मरियम खान, स्वरा भास्कर शिर्ड ने जूनियर लड़कों में अर्थव गुप्ता, कियांश पांडे और अर्थव यादव के साथ वेदांत चौधरी ने टूर्नामेंट के मुख्यातिथियों की अनुमति से कुमिते (फाईट) का डेमो प्ले किया।

करतार सिंह भाटिजा ने आज बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया और कहा सोचना नहीं चाहिए, शुरुआत करनी चाहिए, मुकाबला नहीं करना, अपने को साबित करना, बताना नहीं, करके दिखाने की कोशिश करते रहना चाहिए।

# जवान और बुजुर्ग ने एक साथ दी परीक्षा

**बरगी नगर।** संकुल प्राचार्य श्रीकिशन रायखेरे के नेतृव पर 26 स्कूलों पर असाक्षरों की परीक्षा संपन्न हुई। संकुल सह समन्वयक विपिन विश्वकर्मा ने बताया कि, सभी साक्षर हो कोई भी अनपढ़ न रहे, इसीलिए भारत सरकार द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया गया है जिसके चलते भारत का कोई भी व्यक्ति जिसकी आयु 15 वर्ष है और किसी कारण से अपनी पढ़ाई नहीं कर सका इन परीक्षाओं के माध्यम से वह साक्षर हो सकता है। इसी उद्देश्य के साथ 16 फरवरी को यह परीक्षा आयोजित की गई है श्री विश्वकर्मा ने बताया कि, यह परीक्षा वर्ष में दो बार आयोजित होती है इन परीक्षाओं के माध्यम से शिक्षार्थी पढ़ने लिखने के साथ साथ डिजिटल माध्यमों जैसे मोबाइल, इंटरनेट, डिजिटल लेनदेन ऑनलाइन सेवा की जानकारी के साथ उसका लाभ ले सकते हैं। विकासखंड सह समन्वयक अमृता कोरी ने बताया कि, उनको विकास खण्ड का 6000 परीक्षार्थी का लक्ष्य मिला है और उनके द्वारा सभी संकुल के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया है। जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी अंजलि सेलेट ने बताया कि, उनके द्वारा जिले में टीम गठित कर सारे विकासखंड पर परीक्षा के पूर्व तैयारी कराई जाती है बैठक ली जाती है इसके बाद परीक्षा को सफल बनाने हेतु जिले में टीम बनाकर सतत मॉनिटरिंग की जाती है श्रीमती सेलेट ने बताया कि इस बार जिले को 35000 परीक्षार्थी का लक्ष्य रखा हुआ है परीक्षा का समय 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगा परीक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं परीक्षा की अवधि 3 घंटे की होगी परीक्षा के उपरांत परीक्षा केन्द्र में ही मूल्यांकन किया जाएगा तत्काल उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कर पोर्टल पर नंबरों की एंट्री शाला प्रभारी द्वारा की जाएगी एवम राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान नई दिल्ली द्वारा प्रमाण पत्र सह अंक सूची प्रदान किया जाएगा जिले की सभी शाला के सभी शिक्षक परीक्षा संपन्न कराने रविवार को स्कूल में उपस्थित होंगे एवं आसाक्षर को आमंत्रित कर स्वागत एवं सम्मान के साथ परीक्षा में सम्मिलित करेंगे। इस परीक्षा को सफल बनाने में जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी अंजलि सेलेट, प्राचार्य श्रीकिशन रायखेरे, जिला समन्वयक दीपक पटेल, विकासखंड समन्वयक अमृता कोरी, विपिन विश्वकर्मा, गीता सोनी, बी एल चौकसे, राजा भैया चौकसे, सुनील मरकाम सहित पूरे प्रदेश की टीम के साथ पूरे प्रदेश के शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक, जन शिक्षक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता सभी ने मिलकर इस परीक्षा को सफलता पूर्वक संपन्न कराया।







**श्रीमती संध्या उपाध्याय-** अंशिका होम्स महानद्दा रोड मदनमहल निवासी श्री राम कुमार उपाध्याय की धर्मपत्नी श्रीमती संध्या उपाध्याय (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**कु. परिधि यादव-** उडिया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री मोहनीश यादव की पुत्री कु. परिधि यादव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश चड़ार-** ललपुर रोड स्थित कंचनपुर निवासी श्री टेकचंद चड़ार के पुत्र रमेश चड़ार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती फूलमति बिरिया-** ललित कॉलोनी नेहरू वार्ड निवासी श्री राजू बिरिया की धर्मपत्नी श्रीमती फूलमति बिरिया (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गोपाल प्रसाद लोधी-** शारदा टाकीज के पास गोरखपुर लोधी मोहल्ला निवासी श्री गोपाल प्रसाद लोधी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री निशा विश्वकर्मा-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री महेश विश्वकर्मा की पुत्री सुश्री निशा विश्वकर्मा (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गंगाराम चौधरी-** इंद्रपस्थ कॉलोनी अधारताल निवासी श्री गंगाराम चौधरी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**पिंकी कोरी-** वल्दी कोरी की दफाई निवासी पिंकी कोरी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रेम नारायण तिवारी-** विजयनगर निवासी श्री प्रेम नारायण तिवारी (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बाई कोल-** भानतलैया खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री छेदी लाल कोल की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई कोल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नारायण प्रसाद पाठक-** गोकलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के पास निवासी श्री नारायण प्रसाद पाठक (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गिंदी बाई चौधरी-** भानतलैया चौधरी मोहल्ला निवासी श्री गरीबदास चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती गिंदी बाई उर्फ लच्छो बाई चौधरी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गोलू बर्मन-** शक्तिनगर निवासी श्री छेदी लाल बर्मन के पुत्र श्री गोलू बर्मन (18) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री समीर अग्रवाल-** परिजात बिल्डिंग के पास दमोहनाका निवासी श्री लक्ष्मी नारायण अग्रवाल के पुत्र श्री समीर अग्रवाल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सम्मन विश्वकर्मा-** गली नं. 1 सतना निवासी श्री दत्ताराम विश्वकर्मा के पुत्र श्री सम्मन विश्वकर्मा (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हेमराज विजय रजक-** ग्रीन सिटी एकता मार्केट के पास निवासी श्री हेमराज विजय रजक (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विष्णु प्रसाद नोगरैया-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री विष्णु प्रसाद नोगरैया (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राकेश कोरी-** वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री शेरू कोरी के पुत्र श्री राकेश कोरी (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## बीएमओ की योजनाओं को ठेंगा दिखा रहीं महिला चिकित्सक!

**पाटन।** जहाँ एक ओर पाटन नगर मे खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदर्श विश्नोई के अथक प्रयासों से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पाटन को सिविल अस्पताल का दर्जा प्राप्त हुआ है और करोडो रूपये की बिल्डिंग बन कर खड़ी हो गई है तो वहीं दूसरी ओर खंड चिकित्सा अधिकारी की अनुपस्थिति मे चिकित्सक मरीजों को बाहर का रास्ता दिखलाते हैं। हाँ जी सिविल अस्पताल पाटन का वर्तमान आलम यह है की यहाँ की महिला चिकित्सक महज कुछ कमीशन के चक्कर में मरीजों का इलाज करने की अपेक्षा प्राइवेट मे भेजना पसंद करती है और अगर इलाज भी करती हैं तो मरीजों से बोल दिया जाता है की आप अपनी रिस्क पर यहाँ इलाज करवाएं। ताजा मामला यह है की सिविल अस्पताल पाटन मे सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध होने के बाद भी डॉ. रश्मि कुंभारे द्वारा मरीजों को प्राइवेट सोनोग्राफी लिखी जाती है।

# एसटीएससी छात्रावास में लगा सौ दिवसीय निक्षय शिविर

**सिहोरा।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गत दिवस मुख्य चिकित्स एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा के निर्देशानुसार डॉ संतोष ठाकुर जिला क्षय एवं एड्स अधिकारी सुनील शर्मा, डी.पी.सी. सीमांत ढिमोले, पी.एम.डी.टी कोर्डिनेटर के समन्वय से मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी सिहोरा डाक्टर अर्शिया खान के मार्गदर्शन में 100 दिवसीय क्षय उन्मूलन अभियान के तहत शिविर का आयोजन एसटीएससी छात्रावास सिहोरा में किया गया।



**शिविर में टीबी के लक्षणों की दी जानकारी**

एस सी एसटी सीनियर छात्रावास सिहोरा में छात्रावास अधीक्षिका राजेश्वरी चौहान,संध्या मार्को के सहयोग से किया गया। शिविर में वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक मनोज गुप्ता 3 डी युनियन टी.बी.केयर से (नोडल कार्डिनेटर) रेशमा अंजूम द्वारा छात्रावास की समस्त छात्राओं एवं कर्मचारियों को टी.बी.के लक्षणों से सम्बंधित जानकारी दी गई।

**87 तो छात्राओं की स्क्रीनिंग**

प्रयास मिश्रा कलेक्शन एजेंट देवेन्द्र राजपूत दवारा 87 छात्राओं एवं कर्मचारियों की स्क्रीनिंग की गई। सभी छात्राओं का हेन्ड पौटरेट मशीन दुवारा एक्स रे करवाया गया एवं स्फुटम जांच हेतु क्रालिकल ट्यूब दिए गये वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक द्वारा कार्यक्रम के समापन अवसर पर क्षय उन्मूलन अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की सभी से अपील की।

# श्यामसुंदर महाविद्यालय में पांच दिवसीय शिविर आयोजित

## 600 विद्यार्थी हुए लाभन्वित

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा 10 से 15 फ़रवरी तक केमफेस्ट्र-2025 का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्सव के संरक्षण तथा रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.सुनू आर के मैथ्यू के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर एक्टिविटी क्लब की स्थापना की गई जिसमें पदाधिकारी छात्र-छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया एवं स्नातक छात्र-छात्राओं द्वारा रसायन शास्त्र से संबंधित आकर्षक रंगोली का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें डॉ राहुल कुमार शर्मा,सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

द्वितीय दिवस पर केमिस्ट्री पिक्शनरी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को विषय से संबंधित वीडियो तथा चित्र दिखाकर विद्यार्थियों के ज्ञान को परखा गया। विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए तृतीय दिवस पर वेस्ट मैनेजमेंट ऑफ नॉन बायोडिग्रेडेबल आर्टिकल्स पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें पीएमसीओई जबलपुर से डॉ मनीषा सक्सेना, सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम के अगले दिवस पर स्वरोजगारोन्मुखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महिला उधयमी श्रीमती मंजुला जैन द्वारा विद्यार्थियों को पर्फ्यूम, नील,हैन्डवॉश, बाम इत्यादि दैनिक उपयोगी सामग्रियों को बनाना एवं उसके व्यवसायीकरण से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

## चिंतन

# वस्त्र क्षेत्र की उन्नति के लिए नई नीति और निवेश जरूरी

कृषि के बाद टेक्सटाइल सेक्टर सबसे अधिक रोजगार सृजन वाला क्षेत्र है। चीन के बाद भारत दूसरा टेक्सटाइल उत्पादक देश है, लेकिन हाल के वर्षों में इस लेबर ओरिएंटेड उद्योग को बांग्लादेश, फिलिपींस जैसे छोटे देशों से वैश्विक बाजार में चुनौती मिली है। 'भारत टेक्स' जैसे आयोजन भारतीय टेक्सटाइल उद्योग क्षेत्र के अवलोकन का अवसर देते हैं। राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारत मंडपम में भारत टेक्स के आयोजन से भारतीय कपड़ा उद्योग को वैश्विक निर्माण, तकनीक से लेकर बाजार तक के बारे में विस्तार का अवसर मिलता है। इसमें 120 से अधिक देश भाग ले रहे हैं। भारत दुनिया का छठा सबसे बड़ा टेक्सटाइटल और अपैरल्स निर्यातक है। हमारा टेक्सटाइटल निर्यात 3 लाख करोड़ तक पहुंच चुका है। इसे 2030 तक 9 लाख करोड़ पहुंचाने का लक्ष्य है। भारत की मैन्यूफैक्चरिंग में टेक्सटाइल सेक्टर 11 फीसदी का योगदान दे रहा है। सरकार ने वर्ष 2015 में कपड़ा उद्योग के प्रौद्योगिकी उन्नयन हेतु 'संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन कोष योजना' को मंजूरी दी थी। एकीकृत वस्त्र पार्क योजना कपड़ा इकाइयों की स्थापना के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी सुविधाओं के निर्माण हेतु सहायता प्रदान करती है। वस्त्र क्षेत्र में कुशल श्रमिकों की कमी को दूर करने के लिए समर्थ योजना की शुरुआत की गई। पूर्वोत्तर क्षेत्र वस्त्र संवर्द्धन योजना शुरू की गई है। पावरलूम टेक्सटाइल में नए अनुसंधान और विकास, नए बाज़ार, ब्रांडिंग, सब्सिडी और श्रमिकों हेतु पावर-टेक्स इंडिया योजना है। रेशम समग्र योजना व जूट आईकेयर योजना हैं। तकनीकी वस्त्रों के निर्माण का बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन शुरू किया गया है। हाल में भारत ने मेक इन इंडिया, ब्रांड इंडिया, खादी ब्रांड आदि की पहल की है। आम बजट 2025-26 में कपास की लंबे रेशे वाली किस्मों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए 500 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ पांच वर्षीय कपास मिशन की घोषणा की गई है। भारत उच्च गुणवत्ता वाले कार्बन फाइबर के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इनसे टेक्सटाइल क्षेत्र को मदद मिलेगी, हालांकि भारतीय टेक्सटाइटल सेक्टर कई समस्याओं से भी जूझ रहा है। भारतीय टेक्सटाइल उद्योग में असंगठित क्षेत्र तथा छोटे एवं मध्यम उद्योगों का प्रभुत्व देखने को मिलता है। तकनीकी अपग्रेडेशन की रफ्तार बहुत धीमी है। जीएसटी भारतीय वस्त्र उद्योग को वैश्विक बाजार में महंगा व अप्रतिस्पर्द्धी बनाता है। भारत में परिधान इकाइयों का औसत आकार 100 मशीनों का है, जो बांग्लादेश की तुलना में बहुत कम है, जहां प्रति कारखाना औसतन कम-से-कम 500 मशीनें हैं। टेक्सटाइल सेक्टर को कर्ज मिलने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जबकि यह रोजगार सृजन वाला क्षेत्र है। इन चुनौतियों के चलते विदेशी निवेशक वस्त्र उद्योग में निवेश करने के बारे में बहुत उत्साहित नहीं हैं, इसलिए इस क्षेत्र में एफडीआई की कमी है। इसके अलावा तकनीकी वस्त्र निर्माण में हम 5वें स्थान पर होते हुए भी बहुत पीछे हैं। ऑटोमोबाइल, सिविल इंजीनियरिंग और निर्माण, कृषि, स्वास्थ्य देखभाल, औद्योगिक सुरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा आदि सहित विभिन्न उद्योगों में प्रयोग होने वाले तकनीकी वस्त्र के निर्माण को बढ़ावा देने की जरूरत है। भारत को वस्त्र क्षेत्र के समग्र विकास हेतु मिशन मोड में एक व्यापक खाका तैयार करने की आवश्यकता है। सरकार को सेबी, इरडा, ट्राई आदि की तरह कपड़ा क्षेत्र के लिए भी एक नियामक बनाना चाहिए और उद्योग को नीतिगत बाधाओं से मुक्त करना चाहिए।

# 'फ्रीबिज' पर सुप्रीम चिंता जायज



रेवड़ी कल्चर
प्रमोद भार्गव

देश की सबसे बड़ी अदालत ने सरकार की मुफ्त रेवड़ियों पर आश्रित लोगों और सरकार पर कटाक्षपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा नगद धनराशि एवं निःशुल्क सुविधाएं देने के वादों पर कहा है कि राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्य धारा में लाने की बजाय, क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे? ये लोग मुफ्त राशन और धन मिलने से काम करने को तैयार नहीं हैं। अदालत ने यह टिप्पणी शहरी इलाकों में बेघर लोगों के आश्रय के अधिकार से जुड़ी मांग पर सुनवाई के दौरान की है। अदालत की इस चिंता को राष्ट्रीय हित के परिप्रेक्ष्य में वाजिब कहा जा सकता है, क्योंकि इससे ऐसे लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

जीव-विज्ञान की भाषा में परजीवी ऐसे जीवाणु या कीटाणु होते हैं, जो किसी दूसरे जीव के अंदर रहकर उससे भोजन प्राप्त करते हैं। देश की सबसे बड़ी अदालत ने सरकार की मुफ्त रेवड़ियों पर आश्रित ऐसे ही लोगों और सरकार पर कटाक्षपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा नगद धनराशि एवं निःशुल्क सुविधाएं देने के वादों पर कहा है कि राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्य धारा में लाने की बजाय, क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे? ये लोग मुफ्त राशन और धन मिलने से काम करने को तैयार नहीं हैं। अदालत ने यह टिप्पणी शहरी इलाकों में बेघर लोगों के आश्रय के अधिकार से जुड़ी मांग पर सुनवाई के दौरान की है। अदालत की इस चिंता को राष्ट्रीय हित के परिप्रेक्ष्य में वाजिब कहा जा सकता है। क्योंकि मुफ्त राशन और धन मिलने से लोग आलसी और निकम्मे तो हो ही रहे हैं, इनकी संख्या भी लगातार बढ़ रही है। भारत सरकार 81 करोड़ से भी ज्यादा लोगों को मुफ्त राशन तो दे ही रही है, राज्य सरकारें चुनाव के ठीक पहले लाडली बहनों को प्रतिमाह 1250 से लेकर 3000 रुपये तक नगदी का लालच देकर मतदाता को लुभा रही हैं। नतीजतन मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग मुफ्त की रेवड़ियों के लालच में मतदान करने लगा है। यह स्थिति संवैधानिक लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है।

निर्वाचन लोक-पर्व के अवसर पर मुफ्त में तोहफे बांटे जाने की घोषणाएं सभी राजनीतिक दल बढ़-चढ़कर करते रहे हैं। हालांकि निर्वाचन के बाद ज्यादातर वादे फरेब साबित होते हैं। बावजूद मतदाता को इस प्रलोभन में लुभाकर राजनीतिक दल और प्रत्याशी अपना स्वार्थ साधने में सफल हो जाते हैं। परंतु अब सर्वोच्च न्यायालय ने चुनावी रेवड़ियां बांटे जाने पर गंभीर चिंता जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मुफ्त के इन उपहारों पर लगातार चिंता जताते रहे हैं। परंतु भाजपा भी चुनावों में रेवड़ियां बांटने के वादों से पीछे नहीं रही। लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भाजपा की जीत के कारणों में इन वादों की भी अहम भूमिका रही है। भाजपा नेता एवं अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने भी मुफ्त के वादों पर रोक के लिए न्यायालय में याचिकाएं लगाई हुई हैं। उन्होंने ऐसे दलों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। इन वादों पर रोक इसलिए जरूरी है, क्योंकि इन लोक-लुभावन वादों के दो तरह के प्रभाव देखने में आते हैं। एक तो ये मतदाताओं के निष्पक्ष निर्णय को प्रभावित करते हैं और दूसरे, इन्हें पूरा करने के लिए अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब चुनाव नीतियों और कार्यक्रम की बजाय प्रलोभनों का फंडा उछालकर लड़े जाने लगे हैं। अपना उल्लू सीधा करने के लिए मतदाता को बरगलाना आदर्श चुनाव संहिता को ठेंगा दिखाने जैसा है। सही मायनों में वादों की घूस से निर्वाचन प्रक्रिया प्रदूषित होती है, इसलिए इस घूसखोरी को आदर्श आचार संहिता के दायरे में लाना जरूरी है। अफलातूनी वादों के उलट हकीकत में अब ज्यादा जरूरत शासन-प्रशासन को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की है। यह वादा ज्यादातर राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्र से हमेशा गायब रहा है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी एक समय जरूर भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देने की राह पर



चली थी, लेकिन अपने तीसरे कार्यकाल में शराब नीति में घोटाले और शीशमहल जैसे राजसी वैभव में डूब गई। आप ने बिजली दरें 50 फीसदी कम करने और हर परिवार को रोजाना 700 लीटर पानी मुफ्त मुहैया कराने के बुनियादी वादों के साथ चुनाव लड़ा और जीता भी, लेकिन सरकार की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई। तमिलनाडू की मुख्यमंत्री रहीं जयललिता ने तो चुनावी वादों का इतना बड़ा पिटारा खोल दिया था कि यह मामला जनहित याचिका के जरिए सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच गया था। इस याचिका में अन्नाद्रमुक की चुनावी घोषणा को भ्रष्ट आचरण मानते हुए असंवैधानिक ठहराने की मांग की गई थी, लेकिन न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी थी। उस समय न्यायालय ने दलील दी थी कि घोषणा-पत्रों में दर्ज प्रलोभनों को भ्रष्ट आचरण नहीं माना जा सकता है। न्यायालय ने लाचारगी प्रकट करते हुए कहा था कि इस तरह के मामलों में हस्तक्षेप करना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। लिहाजा इस मसले पर विचार कर कारगर निर्णय लेने का कोई कदम विधायिका ही उठा सकती है। अलबत्ता अदालत ने निर्वाचन आयोग को जरूर निर्देश दिया था कि वह चुनावी घोषणा-पत्रों को मर्यादित करने की दृष्टि से अतिवादी व लोक-लुभावन घोषणाओं को रेखांकित करे, जिससे आदर्श चुनाव संहिता का पालन हो सके। इस परिप्रेक्ष्य में दुविधा यह है कि राजनीतिक दलों पर आयोग का अनुशासनात्मक नियंत्रण निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के बाद होता है, जबकि ज्यादातर घोषणा-पत्र इस अधिसूचना के पहले जारी हो जाते हैं और कई वादे तो नेता चुनावी आमसभाओं में आचार संहिता का मखौल उड़ाते हुए भी कर डालते हैं। विडंबना है कि आदर्श निर्वाचन संहिता के तहत न तो कोई दंडात्मक कानून है और न ही इसकी संहिताओं में वैध-अवैध की अवधारणाएं परिभाषित हैं। आयोग यदि संहिता को लागू कर पाता है तो इसलिए कि राजनीतिक दल उसका सहयोग करते हैं और जनमत की भावना आयोग के पक्ष में होती है। तय है दल यदि आयोग के साथ असहयोग करने लग जाए तो आयोग हाथ पर हाथ धरे बैठा रह जाएगा। वैसे भी आयोग की जवाबदेही स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की है, न कि दलों के चुनावी मुद्दे तय करने की? बावजूद आयोग मामले संज्ञान में लेता है और उम्मीदवार को चेतावनी भी देता रहता है। लेकिन उम्मीदवार जानते हैं कि उनकी उम्मीदवारी को तत्काल खारिज करने का कोई अधिकार आयोग के पास नहीं है, इसलिए वे बेपरवाह रहते हैं। इन विरोधाभासी हालातों से शीर्ष न्यायालय परिचित है।प्रलोभन के जिन वादों के मार्फत मतदाता को बरगलाकर दल सत्ता के अधिकारी हुए हैं, उन वादों को घोषणा-पत्र में नहीं रखने का कानून बनाकर अपने ही हाथों से, अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने की गलती क्यों करेंगे? यहां सवाल यह भी उठता है कि दल जो घोषणाएं करते हैं उनका लाभ वर्ग-भेद के बिना जरूरतमंदों को मिलता है।

जातीय अथवा अल्पसंख्यक के आधार पर आरक्षण की घोषणा की जाती है तो इस स्थिति को जातीय अथवा सांप्रदायिक भेद की स्थिति माना जा सकता है! 81 करोड़ लोगों को सस्ता अनाज देने की सुविधा को भरे पेट वाले लोग सरकारी धन का दुरुपयोग मानते हैं। जबकि एक कल्याणकारी राज्य के वंचित तबके के लिए ये सुविधाएं अनिवार्य जरूरत भी हैं। अलबत्ता यह तथ्य जरूर सही है कि प्रलोभन मतदाता की नीयत को प्रभावित करता है और वह व्यापक सामाजिक हित की बजाय व्यक्तिगत हित को ध्यान में रखकर निर्णय लेने को विवश हो जाता है। जाहिर है, यह एक गंभीर मसला है और न्यायालय इस मुद्दे पर आगे बढ़ रही है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि कोई ऐसा हल जरूर निकले, जो सर्वमान्य होने के साथ लोक कल्याणकारी भी साबित होगा।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।)

## डार्क कॉमेडी

प्रो. मनीषा शर्मा



# 'न्यू नॉर्मल' के नाम पर सहज होना चिंता का सबब

मशहूर यूट्यूबर और पॉडकास्टर, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर रणबीर इलाहाबादिया को अपने विवादित टिप्पणी के लिए लगातार आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। उनका समय रैना के शो में कहा गया एक सवाल सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हुआ। इंडियाज गॉट लेटेंट शो में प्रतिभागियों से उपस्थित जज सवाल-जवाब करते हैं जो कॉमेडी पर बेस्ड होता है। इस शो में रणबीर ने पेरेंट्स रिलेशन पर विवादित सवाल पूछा था। इस प्रश्न के बाद लोग उनकी आलोचना कर रहे हैं। निलेश मिश्रा गीतकार ने कहा कि इन लोगों में जिम्मेदारी की कोई भावना नहीं है। इस विवाद के बाद से रणबीर गायब हो गए। पर कल उन्होंने एक पोस्ट द्वारा इस प्रश्न के लिए माफी मांगी। उन्होंने स्वीकार किया कि माता-पिता के बारे में मेरी टिप्पणी असंवेदनशील और अनादरपूर्ण थी। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर, सृजनात्मक अभिव्यक्ति के नाम पर कुछ भी कह कर या माफी मांग कर बच निकलना वर्तमान में लोगों का प्रिय शगल हो गया है। इसके पूर्व महाराष्ट्र के साइबर विभाग ने संज्ञान लेकर इंडिया गॉट लेटेंट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। राष्ट्रीय महिला आयोग ने समन जारी कर रणवीर और समय रैना को कोर्ट में पेश होने को कहा है। शिवसेना के सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी संसद की आईटी कमेटी से शिकायत कर इस मामले में एक्शन लेने की मांग की है। बता दें कि इस शो में ज्यादातर बोल्ड कॉमेडी कंटेंट होता है। इसमें रणबीर ने पेरेंट्स के निजी अंतरंग संबंधों पर अश्लील और अनावश्यक सवाल पूछा। इस पर विवाद शुरू हो गया और अनेक जगहों पर लोगों ने इस पर एफआईआर दर्ज कराई। रणवीर का यह विवादित एपिसोड बताता है कि वर्तमान में कॉमेडी के नाम पर जो पेश किया जा रहा है वह किसी भी तरह से हमारी संस्कृति और नैतिकता के अनुरूप नहीं है। माता-पिता के अंतरंग संबंधों के बारे में इस तरह के भद्दी टिप्पणी करना कॉमेडी नहीं है। डार्क ह्यूमर के नाम पर जो कुछ कहा जा रहा है वह कहीं ना कहीं हमारी संस्कृति और युवा पीढ़ी को भ्रष्ट कर रहा है। सोशल मीडिया के आने के बाद हमारे समाज में जिस तरह से खुलापन आया है, वह चौंकाने वाला है। शो में भी बैठे युवा जज जिस तरह हंस रहे थे, वह बता रहा था कि इस पीढ़ी के लिए शालीनता, संस्कार के मायने कुछ नहीं बचे। मैंने कुछ युवाओं से बात की, उन्होंने इसे सामान्य कहा कि उस शो का कॉन्सेप्ट ही ऐसा है। ये शो हम सभी का पसंदीदा है, हमें स्ट्रेस फ्री करता है। दो-चार ने ही स्वीकारा कि ये ज्यादा हो गया। तो देख लीजिए कि न्यू नॉर्मल के नाम पर युवा पीढ़ी किस प्रकार इन्हें सपोर्ट कर रही है। जो भी रील इन प्लेटफार्म पर डाली जाती है या जो वीडियो होते हैं उसमें ज्यादातर अश्लील सामग्री ही होती है। यह बनाने वाले की न कोई पहचान होती है न ही उनसे इस तरह की नैतिकता की बात की जाती है। क्योंकि रणबीर को पीएम मोदी ने 2024 में क्रिएटर अवार्ड से सम्मानित किया था और वे इनफ्लुएंसर हैं तो उन्हें इस बात का भी ध्यान रखना था। इनफ्लुएंसर का अर्थ होता है प्रेरणा देने वाला। अब आप ही देखें कि युवा पीढ़ी क्या और कैसे प्रेरित हो रही है। कॉमेडी के नाम पर अश्लीलता, भद्दी गालियां और कूल दिखने का जो चलन चल रहा है, वह युवा पीढ़ी के लिए अत्यंत घातक है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अश्लीलता, आपत्तिजनक सामग्री, नस्लवादी टिप्पणी लगातार बढ़ती जा रही है। वर्तमान में विवाद से ही चीजें बिक रही हैं। सोशल मीडिया पर जब भी इस तरह का कोई वीडियो वायरल होता है उसको लाखों व्यूज मिलते हैं और इन व्यूज से इन यूट्यूबर्स को मुनाफा मिलता है। ऐसे में इस तरह की हल्की, अश्लील सामग्री या इस तरह के कंटेंट की भरमार है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में जिम्मेदारी भी बहुत आवश्यक है। अब लोग सिर्फ अभिव्यक्ति की इस आजादी का फायदा उठाकर सोशल मीडिया पर कुछ भी डाल रहे हैं। जब भी कुछ विवाद होता है तो यही कहा जाता है कि अभिव्यक्ति की आजादी सभी को है। इस पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता। इस प्रकरण में इस बात को साबित कर दिया है कि वर्तमान में इंटरनेट मीडिया, ओटीटी प्लेटफॉर्म को विनियमित करने के लिए कानून बनाने की आवश्यकता है। सिर्फ माफी देकर या एक बार गलती हो गई कह छोड़ देने से, या कॉमेडी के नाम पर कुछ भी अभद्र कह आप बच नहीं सकते। हमें सोशल मीडिया, ओटीटी प्लेटफॉर्म को नियमों के दायरे में लेने के लिए बात करनी होगी ताकि भविष्य में इस तरह की कॉमेडी के नाम पर अमर्यादित टिप्पणियां करने का लोग साहस न करें, जो देश की सामाजिक व्यवस्था और नैतिक मूल्यों के अनुरूप न हो।

(लेखिका आईजीएनटी विवि अमरकंटक में शिक्षाविद् हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## गलत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए



संकलित
**दर्शन**

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता। हमारा चिंतन गुणों की ओर केंद्रित रहना चाहिए।

## गौतम ऋषि के तप से प्रकट हुई थी गंगा



संकलित
**प्रेरणा**

मान्यता है कि पुराने समय गौतम ऋषि और देवी अहिल्या ब्रह्मगिरी पर्वत पर रहते थे। वर्तमान में ये क्षेत्र नासिक जिले में है। गौतम ऋषि तपस्वी थे, इस कारण उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता था। इस बात से यहां अन्य साधु-संत गौतम ऋषि के लिए जलन की भावना रखते थे। साधु-संत गौतम ऋषि का अपमान करने का कोई न कोई बहाना खोजते रहते थे। एक दिन जलन की वजह से सभी साधु-संतों ने गौतम ऋषि पर गोहत्या करने का झूठा आरोप लगा दिया। सभी साधु-संतों ने कहा कि इस हत्या के पाप के प्रायश्चित के लिए आपको देवी गंगा को यहां बुलाना होगा। तब गौतम ऋषि ने यहां शिवलिंग स्थापित करके तपस्या करना शुरू की। गौतम ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी और माता पार्वती यहां प्रकट हुए। जब शिव जी ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा तो गौतम जी से वरदान में मांगा कि देव नदी गंगा को यहां भेज दीजिए। ऐसा कहने पर शिव जी की इच्छा से देवी गंगा भी वहां प्रकट हो गईं। गंगा ने कहा कि अगर शिव जी भी यहां रहेंगे, तभी मैं भी यहां रहूंगी। गौतम ऋषि को वरदान देने और देवी गंगा की इच्छा पूरी करने के लिए शिव जी यहां ज्योति रूप में विराजमान हो गए। इसके बाद देव नदी गंगा भी यहां गौतमी नदी के रूप में बहने लगी। गौतमी नदी का एक नाम गोदवरी भी है। इसके बाद गौतम ऋषि पर लगाया गया आरोप झूठा साबित हो गया। साधु-संतों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने गौतम ऋषि से क्षमा मांगी।

## सटाका




## आज की पाती

### भारत और अमरीका की यारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमरीका के दौरे से वापस आ गए। दोनों देश दुनिया की बड़ी ताकतें हैं। इन पर दुनिया की निगाहें टिकी रहती हैं और उम्मीद होती है कि दोनों की दोस्ती नया रंग लाएगी, जो सारी दुनिया के लिए लाभदायक होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शायद ऐसे पहले प्रधानमंत्री होंगे, जिन्होंने अपने कार्यकाल में सबसे ज्यादा विदेश यात्राएं की होंगी। इस बात में कोई दोराय भी नहीं है कि मोदी ने विदेशों में भारत की नई पहचान बनाई है। आज दुनिया की सबसे बड़ी दो मुख्य समस्याएं हैं आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन। इन दोनों समस्याओं के समाधान के लिए अमरीका, भारत के साथ खड़ा नहीं दिखता। आतंकवाद के प्रति उसने दोगली नीति अपनाई है। दूसरे, कुछ समय पहले ट्रंप ने पेरिस समझौते से भागने की कोशिश की।

*- संजय गुप्ता, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# संयुक्त राष्ट्र के लिए हिंदी अत्यंत महत्वपूर्ण भाषा

संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि 60 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली हिंदी इस वैश्विक संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भाषा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने बृहस्पतिवार को अपने परिसर में 'बहुभाषावाद और विदेशों में हिंदी का प्रचार' थीम पर आधारित विश्व हिंदी दिवस मनाया। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि भारत का समाज बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक ताने-बाने से बना है। वह इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में शामिल हुई थीं। 'मिशन' द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ठाकुर ने बताया कि हिंदी को अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए कई पहल की जा रही हैं और संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसकी महत्ता को स्वीकार किए जाने से यह एक वैश्विक भाषा बनेगी। संयुक्त राष्ट्र में 'ग्लोबल कम्युनिकेशंस' की अवर महासचिव मेलिसा फ्लेमिंग ने कहा कि हिंदी 60 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा बोली जाती है और यह संयुक्त राष्ट्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भाषा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने बताया कि हिंदी को अब संयुक्त राष्ट्र की अनौपचारिक भाषाओं की सूची में जोड़ा गया है।



## ऑफ बीट

# क्या अवसाद रोधी दवाएं छोड़ना ज्यादा मुश्किल

एसएसआरआई दवाओं को छोड़ना वाकई मुश्किल हो सकता है। इनके सेवन से कुछ लोग "एसएसआरआई का सेवन रोकने के सिंड्रोम" से पीड़ित हो जाते हैं। इस सिंड्रोम से पीड़ित लोगों में चक्कर आने, जी मिचलाने, सिरदर्द और थकान समेत फ्लू-जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। ज्यादातर मामलों में, लक्षण हल्के होते हैं और कुछ समय में खत्म हो जाते हैं। अवसाद रोधी दवाओं से छुटकारा पाने का प्रयास कर रहे लोग, जो इस प्रकार के लक्षण अनुभव करते हैं, कभी-कभी यह मान लेते हैं कि उनका अवसाद पुनः लौट आया है, और वे पुनः अवसाद रोधी गोलियों का सेवन शुरू कर देते हैं। लोग अवसाद की वापसी और एसएसआरआई का सेवन रोकने के बीच अंतर नहीं कर पाते। इसके कारण लोग अवसाद रोधी दवा लेना जारी रख सकते हैं, भले ही उन्हें इसकी आवश्यकता न हो। अवसाद रोधी दवाओं में 'पैरोक्सेटीन' और 'फ्लूवोक्सामाइन' शामिल हैं, जो लगभग सात प्रतिशत लोगों में दवाएं न छोड़ने के सिंड्रोम का कारण बनती हैं। लंबे समय तक चलने वालीं अवसाद रोधी दवाओं 'सेर्ट्रालाइन' और 'फ्लूओक्सेटीन' की वजह से केवल दो प्रतिशत लोग सिंड्रोम से पीड़ित होते हैं।



## ट्रेंड

### संघर्ष जारी रहेगा



कांशीराम की शिष्या व उत्तराधिकारी होने के नाते उनके पदचिन्हों पर चलते हुए मैं भी अपनी आखिरी सांस तक हर कुर्बानी देकर संघर्ष जारी रखूंगी ताकि बहुजन समाज के लोग राजनीतिक गुलामी व सामाजिक लाचारी के जीवन से मुक्त होकर अपने पैरों पर खड़े हो सकें।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### श्रद्धालुओं की मौत दुःखद



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे में महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत बेहद दुखद एवं पीड़ादायक है। हादसे में जिन परिवारों ने अपनों को खोया उन सभी के प्रति मेरी संवेदनाएँ हैं।

-अरविन्द केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### ड्रोन से युद्ध में क्रांति



ड्रोन ने युद्ध के मैदान में अभूतपूर्व तरीके से युद्धाभ्यास और संचार के लिए बैटरी, मोटर और प्रकाशिकी के संयोजन से युद्ध में क्रांति ला दी है। ड्रोन केवल तकनीक नहीं हैं, ये मजबूत औद्योगिक प्रणाली द्वारा उत्पादित निचले स्तर के नवाचार हैं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### शवों को ससम्मान पहुंचाएं



दिल्ली में महाकुंभ के श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हृदयविदारक है। सरकार मृतकों के शवों को ससम्मान उनके परिजनों तक पहुंचाने का इंतज़ाम और घायलों को सर्वश्रेष्ठ उपचार उपलब्ध कराए।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### करंट से बंदर की मौत, ग्रामीणों ने निकाली शव यात्रा

**बड़वारा।** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झरेला में करंट की चपेट में आने से एक बंदर की मौत हो गई। ग्रामवासियों ने मृत बंदर का विधिविधान से अंतिम संस्कार किया। बताया जाता है कि विद्युत ट्रांसफार्मर में काले मुंह के बन्दर को करेंट लगने से उसकी मौत हो गई । झरेला ग्राम की सरपंच श्रीमती गुड्डी बाई पाल को बंदर के मरने की खबर लगी तो उनके द्वारा लोगों के सहयोग से बन्दर के नाखूनों को कटवाकर बन्दर की हिन्दू रीति रिवाज से अंतिम यात्रा निकलवाकर अंतिम संस्कार करवाया। अंतिम यात्रा में काफी संख्या में युवा एवम ग्रामवासी सम्मलित हुए। सरपंच प्रतिनधि अवसर पाल सिंह ने बताया कि मृत हुए बन्दर के नाखूनों को प्रयागराज गंगा जी मे विसर्जित करबाने के लिए भेजा जाएगा । दिनांक 25,02,2025 को दसवीं मनाई जाएगी एवम मृतात्मा की शान्ती के लिए पूजन करवाया जाएगा तथा प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस दौरान सरपंच प्रतिनधि अवसर पाल सिंह, वीरेंद्र सिंह परिहार एवम ग्राम वासियों का सहयोग रहा।

### शतरंज प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत



**कटनी।** विगत दिवस केल्डरीज इंडिया रिफ्रेक्टरीज लिमिटेड कटनी की सीएसआर से प्रायोजित 26 हजार की ईनामी जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता खेली गई जिला शतरंज संघ द्वारा 26000 रु नगद पुरस्कार राशि की ओपन म,प्र, शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन केल्डरीज क्लब माधव नगर में किया गया। दो दिवसीय इस आयोजन का शुभारम्भ पूर्व विधायक सुकीर्ति जैन ने किया। समापन के अवसर पर केल्डरीज प्लाट हेड प्रियव्रत बिश्वास विशेष रुप से (दिल्ली ) उपस्थित थीं। सी,एस,आर,प्रधान उत्सवीजी केडीसीए के संरक्षक डॉ एस के खम्परिया अध्यक्ष जेपी निषाद उपस्थित थे। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खिलाडियों और उनके अभिभावकों की उपस्थिति में मुख्य निर्णायक शिखा पल्टा तथा सहयोगी हेमानी बजाज वंदना गेलानी ने सभी मुकाबले सम्पादित कराए। विजयी और प्रतिभागी खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया। केडीसीए मेम्बर्स पीआर, पट्टनाइक, शेखर वर्मा,विकाश साहू,हर्षित श्रीवास्तव वीरेन्द्र ताम्रकार,दीपिका पांडे, आरिफ सेन,योगेश चौरसिया, आयुष सेन ने टूर्नामेंट सम्पन्न कराने में सहयोग दिया।

### संप्रेषणा नाट्य मंच ने नाटक पंचम वेद की दी प्रस्तुति

**कटनी।** संप्रेषणा नाट्य मंच द्वारा आयुध निर्माणी स्थित संप्रेषणा नाट्य गृह में नाटक पंचम वेद की सफलता पूर्वक प्रस्तुति दी गई। संप्रेषणा नाट्य मंच, कटनी और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में भारत रंग महोत्सव की श्रंखला में एक नयी प्रस्तुति दी गई है। ज्ञात्वय हो की भारत रंग महोत्सव पूरे देश में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है जिसका समापन विश्व जन रंग प्रस्तुतियों से होगा। पूरे भारत वर्ष की नाट्य संस्थाओ ने इसमें भागीदारी ली है जिसमे संप्रेषणा नाट्य मंच, कटनी की तरफ से नाटक पंचम वेद का मंचन 15 फरवरी को शाम 7 बजे से आयुध निर्माणी स्थित संप्रेषणा नाट्य गृह में हुआ। नाटक का निर्देशन संस्था के द्वारिका दाहिया द्वारा किया गया है। नाटक में संस्था के आदित्य गोस्वामी,आकाश तिवारी, सतीश अहिरवार, शिवानी अहिरवार, कृतिका गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, शिवा रजक, शिवम्-रजक, मोहित साहू, प्रियांशु श्रीवास्तव, खुशी शाक्या के दवारा मनमोहक प्रस्तुति दे कर वाह वाही लूटी।

## ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रो में चिकित्सकों की पदस्थापना नही होने से परेशानी

# नर्स और कंपाउडरो के भरोसे ग्रामीण अस्पताल, मरीजों का हो रहा भटकाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दो चार गांव के बीच बने उपस्वास्थ्य केन्द्र तथा दर्जनो पंचायतों के बीच संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में तय मापदंडो के तहत चिकित्सा सुविधाये सुलभ न होने से प्रभावित ग्रामीणों को इलाज के लिये भटकना पड़ रहा है। आलम यह है कि अनेक अस्पताल नर्स व कंपाउडरों के भरोसे संचालित है। प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वीकृत पदों पर डाक्टरो की पदस्थगी ही न होने से बीमारियो से ग्रसित लोगों को इलाज की सुविधा मुहैया नही हो पा रही है। ले देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अथवा जिला चिकित्सालय ही भटकना पड़ता है। तिस पर भी संतोषजनक सेवायें न मिलने से निजी अस्पतालों में मंहगा इलाज कराने मजबूर है।

टेलीमेडिसन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के मरीजो का उपचार करने जिले के पूर्व कलेक्टर व जिला अस्पताल के डाक्टरो द्वारा बनाया गया प्लान सफल नही हो सका। जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो के लिये लाखो खर्च कर कम्प्यूटर व कैमरे की खरीदी गई थी।



### स्टाफ की कमी बन रही रोड़ा

जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में डाक्टरो की कमी बनी हुई है। जिसके चलते मरीजों को उपचार की सुविधा नही मिल पा रही है। गंभीर बीमारी से ग्रसित ग्रामीण क्षेत्र के मरीजो को जिला अस्तपाल न आना पड़े इसके लिये डाक्टरो व जिला अस्पताल से उपचार की सुविधा मिल जाये जिले के पूर्व कलेक्टर व जिला अस्पताल के डाक्टरो ने वीडियो कान्फ्रेन्स के जरिये मरीजो का उपचार कराने की योजना बनाई थी। टेलीमेडीसन के माध्यम से जिला अस्पताल के डाक्टरो द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी भर्ती मरीजो की बीमारियों के बारे में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से बात करते। उसके बाद उपचार बताते। टेलीमेडीसिन प्लान सफल नही होने का सबसे बड़ा कारण इंफ्रास्ट्रक्चर व डाक्टरो की कमी होना है। प्लान के लिये जितने इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत थी उसकी व्यवस्था नही हो पाई। वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मरीजो के उपचार के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी डाक्टर की जरूरत होती है। इससे केन्द्र में बैठा डाक्टर मरीजो को देखकर उसके बारे में जिला अस्पताल से चर्चा कर सके। लेकिन अधिकांश प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टर ही नही है वार्ड व्याय व नर्स ही केन्द्र चला रहे है।

### भवन बने, स्टाफ नहीं

जिले भर में संचालित 28 सरकारी अस्पतालों में स्टाफ की कमी है। लिहाजा आमजनों को होने वाली असुविधाओं का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। लंबे समय से इन कमियों को दूर करने की दिशा में कोई सार्थक प्रयास भी नही किया जा रहा है। गौरतलब है कि जिले भर में 7 सामुदायिक 20 प्राथमिक और 214 उपस्वास्थ्य केन्द्र है। शासन की ओर से तय मानको के तहत गांव गांव भवन तो बनवा दिये गये है लेकिन डाक्टर एंव अन्य स्टाफ की व्यवस्था नही की गई। जिला अस्पताल में ही डाक्टरो के करीब दो दर्जन पद खाली है। जबकि विगढ़, बरही, बड़वारा, उमरियापान, बहोरीबंद, निवार पहाड़ी अस्पताल में स्वीकृत पदों पर पोस्टिग नही है। नतीजन स्वास्थ्य सेवायें बद से बदतर होती जा रही है।

### मरीज भुगत रहे खामियाजा

अस्पतालों में डाक्टरो की कमी का खामियाजा सीधे तौर पर मरीजो को भुगतना पड़ रहा है। जो इलाज की उम्मीद से यहां आते तो है लेकिन रवैया देख निजी अस्पतालों में मंहगा इलाज कराने मजबूर हो जाते है। जिला अस्पताल को छोड़ दे तो जिले में 214 उपस्वास्थ्य केन्द्र 20 प्राथमिक व 7 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पर्याप्त स्टाफ नही है। वार्ड व्याय, स्टाफ नर्सो के भरोसे ही अस्पताल चल रहे है।



# चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र में हुआ प्रथम महामस्तिकाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आचार्य विद्यासागर महाराज नवाचार्य समय सागर महाराज के आशीवार्द एवं मुनि पुगंव सुधा सागर महाराज की प्रेरणा से दिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति के तत्वावधान में भूमि प्रदाता ससिं कन्हैयालाल गिरधारी लाल धर्मार्थ ट्रस्ट की भूमि पर चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र में भगवान का प्रथम मस्ताकाभिषेक प्रातः श्री 1008 मुनि सुब्रतनाथ बड़े मंदिर का कलशारोहण डॉ. शिखर जैन, श्रीमती अलका जैन, नंदीश्वर मंदिर का कलशारोहण सुनील जैन सोनू द्वारा एवं ध्वजारोहण ससिं संदीप जैन, मंत्री बिनी जैन द्वारा करने के पश्चात भगवान का प्रथम

**आयोजन में बड़ी संख्या में जैन समाज के लोगों की रही उपस्थिति**

मस्तकाभिषेक मंदिर पुण्र्याजक परिवार ससिं उत्तमचंद अनुराग कुमार, अनुज जैन द्वारा एवं द्वितीय कलश अभय कुमार, चक्रेश कुमार, राजेश कुमार, सर्वज्ञ परिवार द्वारा करने के पश्चात 501 श्रद्धालु बंधुओं द्वारा महामस्तकाभिषेक कर पुण्यलाभ अर्जित किया। शांति धारा का वाचन तीर्थ चक्रवर्ती मुनि पुगंव सुधा सागर जी द्वारा एवं कार्यक्रम का संचालन बाल ब्रम्हचारी प्रदीप भैया द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

**विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम राखी पुरैनी समीप हादसा**

# चालक को आई झपकी, कार पेड़ से टकराई, आधा दर्जन लोग हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सड़क हादसे में कार सवार करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में बच्चे भी शामल हैं। यह हादसा विजयराघवगढ़ मार्ग पर ग्राम राखी पुरैनी स्थित गौरहा मंदिर के पास सुबह करीब साढ़े 5 बजे हुआ। बताया जाता है कि ड्राइवर की झपकी लगने के कारण तेज रफ्तार कार पड़ से टकरा गई। कार सवार प्रयागराज महाकुंभ से वापस लौट रहा था। हादसे में कार में सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिसमे चार बच्चे और एक गर्भवती महिला भी शामिल है।

घटना की सूचना मिलने पर विजयराघवगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार



के लिए विजयराघवगढ़ हॉस्पिटल भिजवाया, जहां से 6 गंभीर घायलों को सघन उपचार के लिए कटनी जिला चिकित्सालय भिजवाया गया। विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी रीतेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देवरा निवासी विश्वकर्मा और गुप्ता परिवार और अन्य कुछ लोग प्रयागराज महाकुंभ गए थे और शनिवार की रात आर्टिका कार क्रमांक एमपी 21 जेडई 3363 से वापस लौट रहे थे। बताया जाता है कि कटनी से विजयराघवगढ़ मार्ग पर ग्राम गौरा के पास सुबह करीब साढ़े 5 बजे जब कार तेज रफ्तार से जा रही थी, तभी ड्राइवर को नींद की झपकी आ गई और कार कार अनियंत्रित होकर सडक़ के किनारे जामुन के पेड़ से टकरा गई।

पेड़ से टकराने के बाद कार का अगला हिस्सा बुरी तरह चरपट हो गया और कार में सवार लोग बुरी तरह घायल हो गए। सूचना मिलते ही विजयराघवगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए विजयराघवगढ़ हॉस्पिटल भिजवाया। बीएमओ डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि कार में सवार सभी 10 लोग घायल हुए हैं। जिसमे बच्चे और गर्भवती महिला मीना गुप्ता भी चोटें आई हैं।

## रेलवे स्टेशन में व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों के साथ रेलवे स्टेशन पहुंचकर महाकुंभ प्रयागराज में लगातार बढ़ रही यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। स्टेशनों में यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से चौकसी बढ़ाई गई है। बीती रात हुए दिल्ली रेलवे स्टेशन में हादसे के बाद पूरे देश में अलर्ट किया गया है जिसके मद्देनजर कटनी जंक्शन में जहां चारों दिशाओं के लिए ट्रेनों का आवागमन होता है। यात्रियों की सुरक्षा की व्यवस्था का जायजा लेने पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, सहित कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार शर्मा व पुलिस बल मुख्य रेलवे स्टेशन पहुंचा था जहां उन्होंने आरपीएफ थाना प्रभारी दीक्षित से यात्रियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था के किए गए इंतजामों के बारे में जानकारी ली इसके साथ ही यहां मुख्य रेलवे स्टेशन से प्रयागराज के लिए कितनी ट्रेन आवागमन हो रही है इसकी भी जानकारी उनके द्वारा ली गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया है।

# विकसित भारत की कल्पना को साकार करने वाला है केन्द्री बजट : हरिशंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

केंद्रीय बजट को लेकर भाजपा प्रदेश महामंत्री हरिशंकर खटीक ने पत्रकारों से संवाद करते हुए इसे विकसित भारत की कल्पना को साकार करने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि बजट समावेशी विकास के साथ ही अन्नदाता, गरीब, नारी और युवाओं पर फोकस वाला है। श्री खटीक ने कहा कि वर्तमान में पश्चिम एशिया से लेकर यूक्रेन तक युद्ध का दौर चल रहा है। ऐसी अनिश्चितताओं के वातावरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा तैयार इस बजट में 'ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया' को 'विकसित भारत' बनाने की चुनौतियों को साधने की कोशिश की गई है। बजट में समावेशी विकास के साथ ही अन्नदाता, गरीब, नारी और युवाओं पर फोकस किया गया है।

जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय ने पत्रकार वार्ता की प्रस्तावना रखी। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, शशांक श्रीवास्तव, पिछड़ा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, जिला उपाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, अंकिता तिवारी, जिला आशीष गुप्ता बाबा, जिला कार्यालय मंत्री अम्बरीष वर्मा, सोशल मीडिया जिला संयोजक सचिन तिवारी उपस्थित थे।

भाजपा प्रदेश महामंत्री हरिशंकर खटीक ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि यह बजट ऐसे समय में आया है जब काफी अनिश्चितताएं हैं और वैश्विक आर्थिक परिवेश में बदलाव ने इसे और भी चुनौतीपूर्ण बना दिया है। बजट राष्ट्रीय विकास आवश्यकताओं को राजकोषीय प्राथमिकताओं के साथ संतुलित करता है।

प्रदेश महामंत्री ने बताया कि भारत की अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्था में सबसे तेजी से बढ़ाने वाली अर्थव्यवस्था है। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार के विकास ट्रैक रिकॉर्ड और संरचनात्मक सुधारो ने महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने राष्ट्र निर्माण में मध्यवर्ग की क्षमता पर भरोसा किया है। उनके योगदान को मान्यता देते हुए सरकार ने समय-समय पर उनके कर के बोझ को काम किया है।

**मिट्टी की उर्वरता शक्ति होती है नष्ट, कार्यवाही का भी है प्रावधान**

# खेतों में नरवाई न जलाएं कृषक उन्नत कृषि यंत्र का उपयोग करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने जिले के सभी कृषक भाईयों को सलाह दी है कि वर्तमान में रबी की फसल परिपक्वता की ओर है। आगामी माह मार्च, अप्रैल, मई, जून में गेहूं की फसल कटाई का कार्य प्रारम्भ होना है । जिसमें प्रायः देखने में आता है कि जिले के कृषकों द्वारा फसल अवशेष का प्रबंधन करना एक महत्वपूर्ण चुनौतीपूर्ण कार्य होता है। जिससे कि कृषक उन अवशेष को नष्ट करने के लिए आग लगाकर प्रबंधन करते है जो कि कदापि उचित नहीं है।

### उत्पादन होता है कम

उन्होंने बताया कि फसलों के



अवशेष जलाने से भूमि की उर्वरता शक्ति नष्ट हो जाती है एवं फसलों की उत्पादन क्षमता धीरे-धीरे कम हो जाती है। जिससे भूमि में पाये जाने वाले लाभदायक जीवाणु की संख्या में कमी आती है। फसल अवशेषों के प्रबंधन करने के लिए उन्नत कृषि यंत्र जैसे- कम्पाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम एवं स्ट्रा रीपर लगी मशीन से ही फसल कटाई का कार्य एवं प्रबंधन किया जाये । जिले में बाहर से आये हुए हार्वेस्टर यदि बिना स्ट्रा रीपर मशीन के साथ आते है तो वह पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगें। जिन पर कार्यवाही के लिए शासन बाध्य होगा।

उन्होंने बताया कि जिले में समस्या देखने में आती है, इसके लिए जन जागरण के लिए जिले के सभी सामाजिक संगठन, जिला पंचायत, राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग कर्मचारी एवं सभी राजनैतिक दल से आह्वान किया जायेगा एवं पर्यावरण किसान एवं भूमि के हित में अपना योगदान दें ताकि जिले को नरवाई न जलाकर नरवाई मुक्त किया जा सके। साथ ही इस समाधान के कारण जिले में पशुधन के लिए पर्याप्त भूसा जिले में उपलब्ध हो सकेगा तथा किसानों में पशुपालन की सक्रियता आयेगी एवं किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जिले के कृषकों द्वारा कम्बाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा रीपर अटैचमेंट मशीन से ही नरवाई फसल प्रबंधन कार्य कराया जाये।

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में आयोजित होगा रोजगार मेला

# मेला के आयोजन हेतु अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला स्तरीय रोजगार मेला स्वरोजगार एवं अप्रटिशसिप मेला का आयोजन 20 फरवरी को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रोशन नगर एनकेजे में प्रातः 11 बजे से सायं 03 बजे तक किया गया है। उक्त आयोजन के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं।

जिला सीईओ द्वारा जारी आदेशानुसार सहायक नोडल अधिकारी प्राचार्य, शासकीय आई.टी.आई. को कार्यक्रम स्थल पर आवश्यकतानुसार टेंट मंच, माइक टेबल कुर्सी आदि की व्यवस्था के साथ कंपनियों को बुलाना, उपस्थिति सुनिश्चित कर मेला प्रचार प्रसार की सामग्री तैयार कर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिले की समस्त शासकीय आई.टी.आई., प्राइवेट आई.टी.आई. एवं एनआरएलएम को उपलब्ध कराना। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने, मंच में उद्घोषक एवं अन्य व्यवस्था करने सहित मेले की व्यवस्था हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए है। जिला रोजगार अधिकारी को राज्य स्तर की चयनित कंपनियों एवं स्थानीय कंपनियों से सम्पर्क कर उन्हें आमंत्रित कर सहमति प्राप्त करने सहायक नोडल अधिकारी शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय को मेले में मेले में छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदाय कर मेले स्थल पर उपस्थित कराने ताकि विभागीय, योजना से जानकारी प्राप्त एवं कंपनियों की पदों की रिक्तियों के संबंध में आवेदन करानें निर्देश दिए है।

सहायक नोडल अधिकारी महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केन्द्र स्वरोजगार से संबंधित विभागों के मेला स्थल पर स्टाल लगाकर आवेदकों को उनके स्वीकृति प्रकरणों में वितरण करवाना, स्वरोजगार से संबंधित जानकारी आवेदकों को उपलब्ध कराना एवं वितरित किये गये आवेदनो की सूची विभागवार तैयार कराकर नोडल अधिकारी को सौंपना तथा मेले की व्यवस्था हेतु आवश्यकतानुसार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मेला स्थल में आकस्मिक चिकित्सा कक्ष, डॉक्टर एम्बुलेंस एवं पर्याप्त मात्रा में ओ.आर.एस.,दवाइयों सहित कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए है। इसके अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम को मेला आयोजन स्थल की साफ-सफाई, चूना की लाईन एवं शुद्ध पेयजल व्यवस्था, स्वचलित शौचालय तथा अग्निशमन वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित करानें, कार्यपालन यंत्री ए.एम.पी.ई.वी. मेला स्थल पर विद्युत व्यवस्था बनाये रखने, प्राचार्य, तिलक महाविद्यालय, को समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों को अपने स्तर से पत्र भेजकर मेले में प्रचार-प्रसार कराना एवं मेले में आमंत्रित करने, जिला शिक्षा अधिकारी, को मेला स्थल पर 10 स्काउट गाइड की ड्यूटी लगाने के साथ ही परियोजना अधिकारी, म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत कटनी को कम से कम 10 कर्मचारियों का पृथक से आदेश नोडल अधिकारी से जारी करानें एवं मेला में उपस्थित समस्त युवक-युवतियों का पंजीयन करने एवं अपने स्तर से कंपनियों के प्रतिनिधियों का सहयोग करने के साथ ही रोजगार मेले का प्रचार-प्रसार करवानें के निर्देश दिए है।

## लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने राष्ट्रपति से की मांग

# दिल्ली भगदड़ मामले में रेल मंत्री इस्तीफा दें और उच्च अधिकारियों पर मुकदमे दर्ज हों

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकतांत्रित समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष विंध्येश्वरी पटैल ने अपनी जारी विज्ञप्ति में कहा कि दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जो भगदड़ मची जिसमें अभी तक मीडिया व सोशल मीडिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार पच्चीस के लगभग श्रृद्धालुओं की मृत्यु हो चुकी है अत्यधिक दुखद है। इन निर्दोष श्रृद्धालुओं की मृत्यु की जिम्मेदारी रेलवे और शासन की है। क्या इतनी बड़ी संख्या में भीड़ जमा होने की जानकारी और वह भी देश की राजधानी दिल्ली में केंद्र सरकार के खुफिया तंत्र, रेलमंत्री व रेल के उच्च अधिकारीयों को नहीं थी।

अगर रेल प्रशासन ने जरा भी ध्यान दिया होता तो यह घटना नहीं घटी होती। आर पी एफ, जी आर पी व खुफिया तंत्र कहां था जिस प्रकार बड़ी संख्या में प्रयागराज के टिकिट खरीदे जा रहे थे अगर उससे भी अनुमान लगाया जाता तो शायद कुछ वैकल्पिक व्यवस्था को सोचते पर रेल मंत्रालय से लेकर रेलवे के शीर्ष अधिकारियों ने आपराधिक उपेक्षा की। इस गंभीर घटना को सही अर्थो में रेल प्रशासन और गृह मंत्रालय की कर्तव्य हीनता के द्वारा की गई हत्या जैसा माना जाना चाहिए।

### इस्तीफा देने की मांग

लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी महामहिम राष्ट्रपति से अपील करती है कि रेल मंत्री श्रीवैष्णव को बर्खास्त करें क्योंकि उनका विश्वास सार्वजनिक जीवन की नैतिकता में नहीं है ओर वे कभी भी अपनी नैतिक, वैधानिक, प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं स्वीकारेंगे। ग्रह मंत्री अमित शाह को भी इस खुफिया तंत्र की असफलता को अपनी नैतिक जिम्मेदारी मान कर इस्तीफा देना चाहिए।

### कार्यवाही होनी चाहिए

प्रधान मंत्री ने मृतकों को श्रृद्धांजलि देने की प्रशासनिक औपचारिकता तो पूरी की है पर परंतु वह तो केवल शाब्दिक शोक स्यापा है। अगर वे कुछ करना चाहते हैं तो उन्हें तत्काल रेल मंत्री श्रीवैष्णव से इस्तीफा लेना चाहिए। और जिम्मेदार शीर्ष अधिकारियों को गिरफ्तार करने का आदेश देना चाहिए।

नई दिल्ली। रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ कई लोगों के लिए कभी नहीं भूल सकने वाली दर्दनाक यादें छोड़ गया। भगदड़ को लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो व तस्वीरें जमकर वायरल हो रही हैं इन्हें देखकर आप इस बात का अंदाजा लगा सकते हैं कि आखिर भगदड़ मचने के बाद रेलवे स्टेशन पर किस तरह के हालात बने होंगे। चारों तरफ बिखरे हुए जूते-चप्पल और यात्रियों का सामान दिख रहा है। ऐसा लग रहा है कि मानो हर कोई अपनी जान बचाने के लिए किसी तरह से वहां से बच निकलने की जद्दोजहद करने में लगा होगा। आपको बता दें कि इस हादसे में अभी तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि अनेक लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के बाद खौफनाक मंजर

# बिखरे जूते-चप्पल और यात्रियों का सामान लाशों के बीच लोग खोजते रहे अपनों को







### 'मेरी पत्नी और बेटी खत्म हो गई, बेटा जिंदा है लेकिन...',

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में राज कुमार मांझी की दुनिया ही उजड़ गई। दिल्ली से नवादा जा रहा था पूरा परिवार। कल शाम तक परिवार में चार लोग थे, अब दो लोग बचे हैं। बेटी और पत्नी की मौत हो चुकी है। रेलवे ने भी लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें पुष्टि हो रही है कि राजकुमार की पत्नी और मासूम बेटी अब इस दुनिया में नहीं है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के बाद राज कुमार मांझी बदहवास इधर-उधर भाग रहे थे पत्नी बच्चों को ढूंढ रहे थे लेकिन कुछ देर बाद जो खबर मिली, उससे वो टूट गए।

### पत्नी जिंदा है भी या नहीं...

पति तलाश रहा

लापता लोगों की तलाश में गुप्तेश्वर यादव भी हैं, जो प्लेटफार्म नंबर 14 पर लगातार अपनी पत्नी को तलाश रहे हैं। उनके मोबाइल फोन में उनकी पत्नी तारा देवी (50) की तस्वीर है। 52 साल के गुप्तेश्वर यादव लगातार अपनी पत्नी की तलाश में जुटे हैं। वो बेहद भावुक होकर बता रहे हैं कि भीड़ में उनकी पत्नी तारा कहीं खो गईं पता नहीं वह जिंदा होगी भी या नहीं। गुप्तेश्वर यादव उन यात्रियों में हैं जो शनिवार रात अपनी पत्नी के साथ बिहार की ट्रेन पकड़ने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे थे।

### पिता रोते-रोते बोला- वह सिर्फ 12 साल का था....

यहां-वहां बिखड़े सामानों में जब एक पिता ने नीले रंग का बैग देखा तो फफक-फफक कर रोने लगा। उनका 12 साल का बेटा इस भगदड़ में गुम हो चुका था। उन्होंने रोते हुए कहा कि उसे मेरे साथ ट्रेन में चढ़ना था। शोक संतप्त परिवार अपने प्रियजनों की पहचान करने के लिए एलएनजेपी अस्पताल में एकत्र हुए। अपने लापता बेटे की तलाश कर रहे एक पिता रेलवे स्टेशन से बरामद सामानों में एक नीले रंग का बैग देखकर फफक-फफक कर रोने लगे।



### मैं मदद करना चाहता था लेकिन...

दिगंबर मंडल कहते हैं कि मैं मदद करना चाहता था, लेकिन इतनी भीड़ में मैं खुद भी हिल नहीं पा रहा था। कुछ देर बाद स्टेशन के कर्मचारी पहुंचे। हादसा रोकने के लिए देर हो चुकी थी, लेकिन वो नीचे गिरे लोगों को उठाने लगे। मैं पटरियों से होकर गया ताकि मुझे लोगों के ऊपर से न गुजरना पड़े और लोगों को बाहर निकाला।

## बाराबंकी में दुर्घटना में चार की मौत छह अन्य घायल



**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के लोनी कटरा थाना इलाके में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार तड़के खराब खड़ी बस में पीछे से एक टेम्पो ट्रैवलर ने टक्कर मार दी, जिससे एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गयी जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार छत्तीसगढ़ से आ रही बस वृंदावन होते हुए अयोध्या जा रही थी, जबकि महाराष्ट्र से आ रहा टेम्पो ट्रैवलर अयोध्या जा रहा था। सभी मृतक व घायल टेम्पो ट्रैवलर पर सवार थे। पुलिस ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों की पहचान दीपक, सुनील, अनुसुइया और जयश्री के रूप में हुई है। सभी की उम्र 35-55 के बीच थी और वे महाराष्ट्र के रहने वाले थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस संबंध में टेम्पो-ट्रैवलर चालक विद्वात सिहंदे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, जो दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि वाहन में यात्रा कर रहे गणेश इरैया की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### पीएम के यूएस दौरे के तीन दिन बाद ही लिया चौंकाने वाला फैसला

# ट्रंप ने भारत को दिया 'झटका': वोटर टर्नआउट बढ़ाने वाली करोड़ों डॉलर की फंडिंग रोकी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम मोदी के यूएस दौरे के तीन दिन बाद ही डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को जोर का झटका दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका से भारत को मिलने वाली करोड़ों डॉलर की मदद पर रोक लगा दी है। अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी ने भारत में "वोटर टर्नआउट" को बढ़ाने के लिए जारी की जाने वाली 21 मिलियन डॉलर (1.82 अरब) की फंडिंग रद्द करने ऐलान किया है। डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी को टेस्ला के सीईओ एलन मस्क संभाल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यह घोषणा डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के कुछ ही दिनों बाद की गई है। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने अमेरिका-भारत संबंधों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं।



### बिना कटौती के अमेरिका दिवालिया हो जाएगा : मस्क

*एलन मस्क ने बार-बार कहा है कि बजट में कटौती के बिना "अमेरिका दिवालिया हो जाएगा" और यह पहल प्रशासन द्वारा बजट में किए गए व्यापक बदलाव की योजना के अनुरूप दिखती है। डीओजीई ने कहा कि भारत को दी जाने वाली 21 मिलियन डॉलर का फंड "चुनाव और राजनीतिक प्रक्रिया सुदृढ़ीकरण के लिए संघ को आवंटित 486 मिलियन डॉलर के बड़े बजट का हिस्सा था।*

### बटज कटौती पर सख्ती से काम

बता दें कि अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप सरकार बजट कटौती पर सख्ती से काम कर रही है। इस कड़ी में अमेरिका ने भारत को मिलने वाली करोड़ों डॉलर की राशि पर रोक लगा दी है। एलन मस्क के सरकारी दक्षता विभाग ने रविवार को घोषणा की कि अमेरिका ने भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बनाए गए 21 मिलियन डॉलर के कार्यक्रम में कटौती करने का फैसला किया है।

### जो बाइडन के समय शुरू हुई थी फंडिंग

डीओजीई का कहना है कि वोटर टर्नआउट फंडिंग का उद्देश्य भारत में मतदाता मतदान को प्रभावित करना था। अब डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क ने वोटर टर्नआउट के लिए की जाने वाली 21 मिलियन डॉलर की फंडिंग को रद्द कर दिया है। ये फंडिंग पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन के तहत शुरू हुई थी।

### ऐलन मस्क के फैसले पर क्या बोली भाजपा

*भारत में वोटर टर्नआउट फंडिंग को रद्द करने के एलन मस्क के फैसले पर बीजेपी ने अपना रिएक्शन दिया है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमित मालवीय ने इस फंडिंग को भारत की चुनावी प्रक्रिया में 'बाहरी दखल' करार दिया। एक्स पर पोस्ट किए गए अपने बयान में अमित मालवीय ने कहा कि "मतदाताओं के लिए 21 मिलियन डॉलर? ये निश्चित रूप से भारत की चुनावी प्रक्रिया में बाहरी दखलअंदाजी है। इससे किसे फ़ायदा होगा? निश्चित रूप से सत्तारूढ़ पार्टी को तो नहीं!*

### क्यों रद्द हुई फंडिंग

*भारत समेत कई देशों की फंडिंग रद्द करने पर डीओजीई ने कहा है कि ये फैसला अमेरिकी सरकार की कार्यकुशलता में सुधार लाने के लिए किया गया है और ये सुनिश्चित करने के कि अमेरिकी करदाताओं यानी टैक्सपेयर्स के पैसे को विदेशी राजनीतिक गतिविधियों पर खर्च नहीं किया जाए।*

## कार-ऑटो भिड़ंत में गोवा के पूर्व विधायक की हत्या

### ड्राइवर ने किए ताबड़तोड़ वार

कार और ऑटो की हुई थी टक्कर, आरोपी ने पीछा करके किया हमला



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के बेलगावी में किसी काम के सिलसिले से पहुंचे गोवा के पूर्व विधायक की शनिवार को ऑटो चालक के कथित हमले के बाद मौद हो गई। पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, गोवा के पूर्व विधायक की कार खादेबाजार के पास एक ऑटो से टकरा गई। पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता लावू मामलातदार अपनी कार से श्रीनिवास लॉज की तरफ जा रहे थे जब यह घटना घटी थी। इसके बाद ऑटो ड्राइवर ने उनकी कार का पीछा किया और लॉज के सामने पूर्व विधायक पर हमला कर दिया। कर्नाटक पुलिस विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, दुर्घटना के बाद मामलातदार और ऑटो चालक के बीच बहस हो गई थी। अधिकारी ने लॉज के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए बताया कि बहस के दौरान ऑटो चालक ने पूर्व विधायक पर एक के बाद एक कई प्रहार किए।

### एमजीपी के 2012-17 तक रहे विधायक

बता दें, लावू मामलातदार 2012 से लेकर 2017 के बीच महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी) से गोवा विधानसभा के सदस्य थे। साल 2022 में उन्होंने कांग्रेस ज्वाइन कर लिया था और 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने मडकाई निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें हार मिली थी।

### सीसीटीवी में दिखा खौफनाक मंजर

अधिकारी ने बताया कि, इस हमले के बाद मामलातदार एक होटल गए, जहां वह सीढ़ियों से गिर गए। जब उन्हें सरकारी अस्पताल ले जाया गया, तो अस्पताल में भर्ती होने से पहले ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि, घटना का पूरा दृश्य लॉज के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

## झारखंड में पुलिस का अभियान

# 125 करोड़ से ज्यादा की अफीम फसल रौंदी गई, 86 गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶| रांची

वृहद पैमाने पर झारखंड में अफीम की खेती का भंडाफोड़ हुआ है। झारखंड पुलिस ने रांची, खूंटी, सरायकेला-खरसावां और चाईबासा में प्रतिबंधित अफीम खेती का खुलासा किया है। पुलिस ने इस दौरान 125 करोड़ की अफीम फसल नष्ट कर 86 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं 5 फरवरी से जारी ऑपरेशन में 9871 एकड़ अवैध खेती नष्ट कर चुकी है। जानकारी के मुताबिक झारखंड के चार जिलों रांची, खूंटी, सरायकेला-खरसावां और चाईबासा में पुलिस ने स्पेशल ऑपरेशन के दौरान करीब 125 करोड़ रुपए मूल्य की अफीम की खेती रौंद डाली है। पुलिस की ओर से आधिकारिक तौर पर दिए गए आंकड़ों के अनुसार, इन चारों जिलों में अब तक कुल 9871 एकड़ इलाके में की गई अफीम की खेती का पता लगाकर उसे ट्रैक्टर और ग्रास कटर मशीन के जरिए नष्ट किया गया है।

### सबसे ज्यादा खूंटी में 6,473 एकड़ अफीम की खेती नष्ट

खूंटी जिले में सबसे अधिक 6,473 एकड़ अफीम की खेती नष्ट की गई, जहां 55 गिरफ्तारियां हुई है। रांची में 2,484 एकड़ क्षेत्र में कार्रवाई कर 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि चाईबासा में 394 एकड़ और सरायकेला-खरसावां में 520 एकड़ में फसल नष्ट कर 12 लोगों को पकड़ा गया है।

### अफीम की खेती समूल नाश करना है

राज्य के पुलिस महानिदेशक ने अफीम की खेती के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस पॉलिसी' के तहत कार्रवाई की जा रही है। इन चारों जिलों के पुलिस अधीक्षकों के अलावा सभी अनुमंडलों में पदस्थापित एसडीपीओ और 11 डीएसपी को इस स्पेशल ड्राइव की कमान सौंपी गई है।

## बस जीप की टक्कर में 15 घायल

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में रविवार दोपहर रोडवेज बस और जीप में हुई आमने-सामने की टक्कर में कुल 15 लोग घायल हो गये। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना बिसंडा थानाक्षेत्र में हुई। बबेरू क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) सौरभ सिंह ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे अतर्रा से बबेरू जा रही एक रोडवेज बस की बिसंडा की ओर से आ रही जीप से आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई।उन्होंने बताया कि इस हादसे में दोनों वाहनों में सवार 15 लोग घायल हो गये हैं। अधिकारी ने बताया कि घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चार लोगों की हालत गंभीर होने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए बांदा मुख्यालय भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।

## इंजीनियर के कई परिसरों पर छापेमारी

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग के एक अभियंता के कई परिसर पर छापेमारी करके उसके पास ज्ञात आय से 200 प्रतिशत अधिक संपत्ति होने का खुलासा किया। 12 टीम ने जयपुर, उदयपुर, अजमेर, ब्यावर, जोधपुर और फरीदाबाद में आरोपी अधिशाषी अभियन्ता दीपक मित्तल से परिसर पर छापेमारी की। आय से अधिक संपत्ति की शिकायत के बाद एसीबी ने अदालत से तलाशी वारंट हासिल किया है। जांच में पता चला कि मित्तल ने अपनी वैध आय से 4.02 करोड़ रुपए अधिक की संपत्ति अर्जित की है।



## इमारत में आग से दो महिलाओं की मौत

**मुंबई।** शहर में 11 मंजिला इमारत में आग लगने से दो महिलाओं की मौत हो गई और दो अन्य लोगों का दम घुटने लगा। इन दोनों की हालत अब स्थिर है। सबीला खातून शेख (42) और साजिया आलम शेख (30) को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। दक्षिण मुंबई के मस्जिद बंदर इलाके में स्थित पन्ना अली मेंशन इमारत में सुबह छह बजकर 11 मिनट पर आग लग गई। आग भवन के भूतल पर मीटर और तारों में लगी। इस दौरान प्रथम तल पर मौजूद दो महिलाओं के हाथ-पैरों में चोटें आईं तथा आग लगने से हुए धुएं के कारण उनका दम घुट गया।



## पूरे गांव ने ली नेत्रदान करने की शपथ

**हैदराबाद।** तेलंगाना में एक गांव है मुछेरला। तेलंगाना के हनुमानकोंडा जिले में 500 लोग रहते हैं। इन सभी लोगों ने मृत्यु के बाद अपनी आंखें दान करने की शपथ ली हुई है। पिछले कुछ साल में करीब 70 गांव वाले अपनी आंखें दान भी कर चुके हैं। हाल ही में राज्यपाल ने इस गांव को 'एक्सीलेंस इन आई डोनेशन' अवॉर्ड दिया।




इसके बाद यह गांव चर्चा में आया। इसी गांव के रहने वाले मंडाला रविंदर सिंचाई विभाग में डिविजनल इंजीनियर हैं। उन्होंने बताया कि एक दशक पहले उन्होंने अपनी मां की आंखें दान करने का फैसला लिया था।

## बैंक से उठा लाए थे दूसरे विषय के प्रश्नपत्र, अब गरियाबंद के स्कूल को सीबीएसई ने तीन साल के लिए किया बैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

सीबीएसई ने बड़ी कारईवाई करते हुए गरियाबंद के एक परीक्षा केंद्र को तीन साल के बैन कर दिया है। यहां मौजूदा शैक्षणिक सत्र के साथ ही आने वाले दो शैक्षणिक सत्रों में सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं परीक्षा के लिए केंद्र नहीं बनाए जा सकेंगे। बीते वर्ष शाला प्रबंधन की गंभीर लापरवाही सामने आई थी। माध्यमिक शिक्षा मंडल अपने प्रश्नपत्रों को संबंधित जिलों के पुलिस थाने में रखता है।

- सीबीएसई 10वीं-12वीं की परीक्षाएं प्रारंभ, शुरुआती दिनों में कम छात्र संख्या वाले विषयों के पर्चे
- सभी केंद्रों के लिए सेंट्रल बोर्ड ने नियुक्त किए अपने पर्यवेक्षक




### लोकल सिस्टम की मदद नहीं

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षा केंद्रों में नकल रोकने के लिए उड़नदस्ते की टीम बनाई जाती है। इसके अलावा कलेक्टर भी अपने स्तर पर टीम बनाकर जांच कार्य करते हैं। पुलिस-प्रशासन से भी सहयोग लिया जाता है, लेकिन सीबीएसई ने अपनी परीक्षाओं के लिए खुद ही अपने आब्जर्वर नियुक्त किए हैं।

### पेट्रोल भत्ता सहित अन्य पारिश्रमिक

सीबीएसई जिन प्राचार्यों-उप प्राचार्यों अथवा अन्य व्यक्तियों की सेवाएं ऑब्जर्वर के रूप में लेता है, उन्हें उनके मासिक वेतन के साथ ही पेट्रोल भत्ता और अन्य पारिश्रमिक प्रदान किए जाते हैं। उनके सेवा केंद्र से परीक्षा केंद्र की दूरी सहित अन्य चीजों के आधार पर ये पारिश्रमिक तय होते हैं। इसके लिए भी बोर्ड द्वारा फॉर्म भरवाए गए हैं। गौरतलब है कि सीबीएसई की दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से प्रारंभ हो गई हैं। बोर्ड द्वारा पूर्व में उन विषयों की परीक्षा ली जा रही है, जिसमें छात्र संख्या कम हैं। मुख्य विषयों की परीक्षाएं इसके बाद शुरू होंगी।

## अमेरिकी से निर्वासित ने किया दावा, हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

# हाथ में हथकड़ियां और पैरों में जंजीर बांधकर लाए गए भारत

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

अमेरिका से 116 अवैध प्रवासियों को लेकर एक विमान शनिवार देर रात अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा और एक निर्वासित व्यक्ति ने दावा किया कि यात्रा के दौरान निर्वासितों को हथकड़ियां पहनाई गईं और उनके पैरों में जंजीरें डाली गई। अमेरिका से शनिवार रात अमृतसर भेजे गए निर्वासितों में शामिल दलजीत सिंह ने रविवार को दावा किया कि यात्रा के दौरान उन्हें हथकड़ियां पहनाई गईं और उनके पैरों में जंजीरें डाली गईं। सिंह ने होशियारपुर में संवाददाताओं से कहा, हमारे पैरों में जंजीरें थीं।

### इन राज्यों के निर्वासित

दूसरे जत्थे में निर्वासित लोगों में पंजाब से 65, हरियाणा से 33, गुजरात से आठ, उत्तर प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान से दो-दो तथा हिमाचल प्रदेश एवं जम्मू-कश्मीर से एक-एक व्यक्ति शामिल है। सूत्रों के अनुसार, अधिकतर निर्वासित लोग 18 से 30 वर्ष की आयु के हैं।



**जमीन बेची और खर्च किए 50 लाख :** निर्वासित गुरजिंदर सिंह (27) के एक रिश्तेदार ने संवाददाताओं को बताया कि उनके परिवार ने उसे विदेश भेजने के लिए एक एकड़ जमीन बेची और करीब 50-55 लाख रुपए खर्च किए। गुरजिंदर के रिश्तेदार ने कहा, ट्रैवल एजेंट ने उसे कानूनी तरीके से भेजने का वादा किया था, लेकिन बाद में वह उसे 'डंकी' (अवैध) मार्ग से ले गया।

### दो हत्या के आरोपी भी पकड़ाए

अमेरिकी विमान से लौटे भारतीयों में 2 सगे भाइयों को पटियाला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों पर 25 जून 2023 को पटियाला के राजपुरा में हत्या का केस दर्ज हुआ था। अमेरिका अब तक 2 विमानों में भारत आए लोगों में यह पहला ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें किसी का क्रिमिनल रिकॉर्ड का पता चला और गिरफ्तारी हुई। इन दोनों की पहचान संदीप और प्रदीप के रूप में हुई है। एफआईआर के मुताबिक, 25 जून 2023 को गांव ढींडसा के हसमुख का अनाज मंडी के पास फल बेचने वालों के साथ झगड़ा हुआ था। हसमुख के कहने पर संदीप और प्रदीप तलवारें लेकर वहां आए और झगड़े में सरवन सिंह नाम के युवक की मौत हो गई।



# जोधा अकबर की ऑस्कर में होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन और एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन साल 2008 में आई फिल्म जोधा अकबर में साथ नजर आए थे। दर्शकों ने इस पीरियड ड्रामा फिल्म को खूब पसंद किया था। भारत में ये फिल्म हिट साबित हुई थी। इस फिल्म को 17 साल पूरे हो गए हैं। अब ऋतिक और ऐश्वर्या की फिल्म को लेकर ऑस्कर ने खास ऐलान किया है। ऑस्कर अवॉर्ड के आयोजक 'एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' ने इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग का ऐलान किया है। आशुतोष गोविरकर के डायरेक्शन में बनी फिल्म जोधा अकबर की मार्च में स्पेशल स्क्रीनिंग होगी।

लाइफ Style



# कृति
## कबीर के साथ बसाने वाली हैं घर

अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर खूब चर्चा में हैं। कथित बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ उनकी रिलेशनशिप की खबरें अक्सर आती हैं। अब कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि दोनों इस साल शादी की तैयारी कर रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों खूब लाइमलाइट में हैं। हालांकि, इसकी वजह उनकी फिल्में और अभिनय कम, बल्कि पर्सनल लाइफ ज्यादा है। काफी वक्त से कृति सेनन अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ उनके कथित अफेयर की खबरें सुर्खियों में हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि दोनों इस साल शादी की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए कृति ने कबीर के माता-पिता ने मुलाकात की है। काफी वक्त से कृति सेनन और कबीर के अफेयर की चर्चा है। दोनों को कई मौकों पर साथ देखा जा चुका है। हालांकि, अफेयर की खबरों पर दोनों ने अब तक चुप्पी साधी हुई है। आधिकारिक तौर पर दोनों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। लेकिन, अक्सर इन्हें साथ में फेस्टिवल मनाते और पार्टी में शामिल होते देखा जाता है। अब दोनों के जल्द शादी करने को लेकर खबरें हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि कृति और कबीर साल 2025 में शादी रचाने की तैयारी कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि दोनों परिवार से मिलने के लिए दिल्ली गए हैं। कृति और कबीर को हाल ही में एयरपोर्ट पर साथ में देखा गया। इससे पहले हाल ही में कृति और कबीर को बेंगलुरू में एक शादी में साथ देखा गया था। कबीर लंदन बेस्ड बिजनेसमैन हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# जर्सी पहन दर्शकों को दिया सरप्राइज

**मुंबई।** 'परफेक्ट' और 'शेप ऑफ यू' जैसे हिट गानों के फेमस सिंगर एड शीरन ने 15 फरवरी, शनिवार को गुरुग्राम में लाइव परफॉर्मेंस दी। ये उनके 'द मैथमैटिक्स टूर' का आखिरी कॉन्सर्ट था, जिसका समापन ग्रैंड तरीके से हुआ। इस कॉन्सर्ट के वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। शो के आखिरी में एड शीरन ने टीम इंडिया की जर्सी भी पहनी और दर्शकों को उनके प्यार और सपोर्ट के लिए शुक्रिया अदा किया। उन्हें टीम इंडिया की जर्सी पहने देख फैंस खुशी से झूम उठे।



# कान्ये वेस्ट और बियांका नहीं ले रहे तलाक...

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट और बयिांका सेंसोरी की तलाक की खबरें झूठी निकली हैं। कपल की टीम ने बयान जारी करते ही इन अफवाहों का खंडन किया है। साथ ही बताया है कि कपल इस वक्त लॉस एंजिल्स में है। 'बीते कुछ समय में यह पांचवीं या छठी बार है, जब मीडिया में गलत तरीके से इस तरह की अफवाह उड़ी है। बता दें कि इससे पहले 'डेली लाइफ' ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया था कि ग्रैमी इवेंट में हुई फजीहत के बाद रैपर और उनकी पत्नी ने अलग होने का फैसला किया है। इसमें रैपर के करीबी दोस्तत के हवाले से कहा गया है कि इस तलाक के लिए बियांका ने 5 मिलियन डॉलर की एलिमनी मांगी है।



# तीन हिंदी फिल्में साइन कर चुकीं हैं मावरा

**मुंबई।** पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा हुसैन की फिल्म 'सनम तेरी कसम' की री-रिलीज को लेकर इन दिनों काफी चर्चा हो रही है। मावरा की फिल्म को पहली रिलीज पर कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था। हालांकि, अब इस फिल्म को फैंस बहुत सराह रहे हैं। बहुत कम लोग जानते हैं कि मावरा ने 'सनम तेरी कसम' फिल्म शूट करने के बाद तीन अन्य हिंदी फिल्में भी साइन की थीं। मावरा ने बताया कि इस फिल्म के बाद उन्होंने फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। हालांकि, अलग-अलग कारणों से उन्हें इन फिल्मों से पीछे हटना पड़ा था। अभिनेत्री ने इस बारे में खुलकर बात नहीं की। उन्होंने कहा कि फिल्म छोड़ने के बाद वह फिल्म जिन लोगों के हिस्से आती है, फिल्म पर उन्हीं का हक होता है। अभिनेत्री ने 'सनम तेरी कसम 2' फिल्म का हिस्सा बनने को लेकर भी बात की।



# हाथ में तिरंगा लिए दौड़ते आए नजर

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर आयुष्मान खुराना का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में उन्हें 'मां तुझे सलाम' गीत गाते हुए और उस पर परफॉर्म करते हुए देखा गया। दरअसल, अभिनेता ने वडोदरा में 'महिला प्रीमियर लीग 2025' की ओपनिंग नाइट पर एक यादगार प्रस्तुति दी। इस दौरान अभिनेता ने 'मां तुझे सलाम' गाने पर प्रदर्शन किया। सामने आए वीडियो में आयुष्मान खुराना हाथ में तिरंगा लेकर मैदान में दौड़ते हुए और एआर रहमान के गाने 'मां तुझे सलाम' गाने पर प्रस्तुति देते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। इस दौरान अभिनेता ब्लैक आउटफिट में नजर आएं। अभिनेता आयुष्मान खुराना ने अपनी शानदार प्रस्तुति को भारत की भावना और महिला शक्ति को समर्पित किया। अभिनेता के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह अपनी आगामी फिल्म 'थामा' पर काम कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# कपिल शर्मा ने भी किया था माता-पिता को लेकर भद्दा कमेंट

**नई दिल्ली।** 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में रणवीर इलाहाबादिया के माता-पिता को लेकर आपत्तिजनक बयान ने उन्हें मुश्किलों में डाल दिया है। एक तरफ सोशल मीडिया पर उनका जमकर विरोध हो रहा है। दूसरी ओर वह कानूनी पचड़े में फंसते भी नजर आ रहे हैं। रणवीर और समय रैना के शो को बंद करने की भी अपील की जा रही है। हालांकि, सोशल मीडिया पर इस मामले में दो पक्ष सामने आ रहे हैं। एक वह जो रणवीर और समय का विरोध कर रहे हैं और दूसरे वह जिनका कहना है कि सिर्फ इन्हें ही क्यों टार्गेट किया जा रहा है और भी कई ऐसे शो हैं, जो इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी कर चुके हैं। इस बीच नेटिजन्स के एक वर्ग ने कपिल शर्मा का एक पुराना वीडियो खोज निकाला है, जिसमें उन्होंने माता-पिता को लेकर आपत्तिजनक संकेत दिया था। रणवीर के आपत्तिजनक बयान मामले के बाद सोशल मीडिया पर कपिल शर्मा के शो से एक क्लिप वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने माता-पिता को लेकर भद्दा कमेंट किया था। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने टिप्पणी की कि कैसे यह जोक नेशनल टीवी पर प्रसारित हो गया। सोशल मीडिया पर एक वर्ग ने कपिल के जोक को रणवीर इलाहाबादिया के द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी में समानताएं बताई हैं। कुछ लोगों ने इस साफ तौर पर अश्लील भी कहा है। स्टैंड अप कॉमेडियन और 'इंडियाज गॉट लैटेंट' के होस्ट और निर्माता समय रैना ने शो के सभी एपिसोड यूट्यूब से हटा दिए हैं। विवाद होने के बाद समय ने एक बयान में कहा कि वह जांच में सभी जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करेंगे।

## लड़ो-झगड़ों पर फिर से एक साथ हो जाओ



**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा के कॉमेडी शो की जज अर्चना पूरन सिंह फिल्म इंडस्ट्री की उन अभिनेत्रियों में से हैं जो हमेशा ही चर्चा में रहती हैं।अर्चना और परमीत सेठी की जोड़ी को इंडस्ट्री में 'परफेक्ट कपल' के तौर पर देखा जाता है। दोनों की शादी को 33 साल हो चुके हैं, लेकिन इसी बीच अर्चना ने खुलासा किया उनके और परमीत के बीच काफी लड़ाई होती है। शादी के सवाल पर अर्चना जोर देकर कहती हैं कि कोई भी शादी बिना उतार-चढ़ाव के नहीं होती। उन्होंने कहा, 'जो लोग सोचते हैं कि पति-पत्नी लड़ते नहीं हैं और उनके बीच केवल प्यार होता है, ऐसा नहीं है। हम बहुत लड़ते हैं। तू-तू, मैं-मैं होती है, लेकिन प्यार जो है, वो तू-तू, मैं-मैं को ठीक कर देती है। यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। लोग कहते हैं अर्चना परमीत तुम एक परफेक्ट कपल हो, लेकिन कुछ भी परफेक्ट नहीं होता। हमें अपनी शादी में कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। और, इतने सालों से हमारी शादी कायम है, इसका मतलब है कि हमने कुछ सही किया है। लड़ो झगड़ों पर फिर से एक साथ हो जाओ।'

# अमिताभ को सामने देखते ही अक्षय ने छू लिए पैर...

**मुंबई।** महाराष्ट्र ठाणे में आयोजित इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन का फिनाले एक शानदार और सितारों से सजा आयोजन रहा। बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर अमिताभ बच्चन, सुपरस्टार अक्षय कुमार और क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर की मौजूदगी ने इस आयोजन को और खास बना दिया। सोशल मीडिया पर इन सितारों की तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में अक्षय और अमिताभ बच्चन के बीच खास रिश्ता नजर आ रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें अमिताभ बच्चन को सामने देखते ही अक्षय कुमार उनके पैर छूने लगते हैं। बाद में दोनों एक- दूसरे को गले लगाते हैं और बातचीत करते हुए आगे बढ़ जाते हैं। इस वीडियो को खूब प्यार मिल रहा है। एक्टर की तारीफ हो रही है।



अक्षय और अमिताभ वक्त, एक रिश्ता जैसी फिल्मों में पिता-बेटे के किरदार में नजर आए थे। अमिताभ बच्चन को वीआईपी स्टैंड में सचिन तेंदुलकर के साथ बातचीत करते हुए देखा गया, जहां वह मजी मुंबई टीम को सपोर्ट कर रहे थे।

# बेड पर लेटकर किया डायरेक्शन, बंद हुई शूटिंग तो हीरो ने किया बजट का जुगाड़

*नई दिल्ली। सुपरस्टार आमिर खान की 'लगान' इंडियन सिनेमा की सबसे यादगार फिल्मों में से एक है। इसका डायरेक्शन आशुतोष गोवारिकर ने किया था। रिलीज के बाद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफल साबित हुई थी। आमिर खान की 'लगान' के लिए अपूर्व लखिया ने बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया था। हाल ही में उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग के दौरान का किस्सा याद किया। उन्होंने बताया कि स्लिप डिस्क की समस्या की वजह से आशुतोष गोवारिकर ने बेड पर लेटकर 'लगान' का डायरेक्शन किया था। एक इंटरव्यू के दौरान अपूर्व लखिया ने फिल्म 'लगान' को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया, 'जब आमिर बोर हो जाते थे, तो वे गुजरात भर से शतरंज के चैंपियन्स को शूटिंग पर बुलाते थे और ब्रेक के दौरान उनके साथ खेलते थे। वहां चारों ओर ताश के खेल भी चलते रहते थे। लोगों को खुद का मनोरंजन करना ही पड़ता था, है ना?' अपूर्वा ने उस समय का भी जिक्र किया जब अशुतोष गोवारिकर स्लिप डिस्क की समस्या के कारण बेड पर लेटकर 'लगान' डायरेक्ट कर रहे थे।*

## रिलीज के बाद फिल्म ने जीते थे 8 नेशनल अवॉर्ड

***आशुतोष ने बेड पर लेट किया डायरेक्शन :*** उन्होंने कहा, 'अगर आप तस्वीरें देखेंगे, तो मैं आशुतोष गोवारिकर के बगल में बैठा था माइक के साथ। जो आशुतोष बोलते थे, उसे मैं माइक पर अनाउंस करता था। अशुतोष की मेडिकल इमरजेंसी के दौरान हम बड़े पैमाने पर शॉट्स ले रहे थे। चूंकि हम ऐसे सीन्स शूट नहीं कर रहे थे, जिनमें उन्हें जाकर सीधे एक्टर्स से बातचीत करनी पड़े। इसलिए हम उस मुश्किल से बच गए। लेकिन हां, इसमें हमारी योजना से थोड़ा ज्यादा समय लग गया।'



***220 दिनों का बढ़ गया था शूटिंग शेड्यूल :*** शूटिंग शेड्यूल के बारे में बात करते हुए अपूर्वा ने बताया कि 'लगान' जैसी फिल्म एक बार ही बनती है। उन्होंने कहा, 'हमने 80 दिनों का शेड्यूल बनाया था, लेकिन 300 दिनों तक शूटिंग चली। इसके कई कारण थे, जैसे बजट की समस्याएं भी शामिल थीं। दो दिन शूटिंग बंद हो गई थी। इस बीच आमिर ने फंड की व्यवस्था की। फिर सेट पर एक जानवर की मौत हो गई और मेनका गांधी की टीम शूटिंग रोकने के लिए आ गई। हमने बहुत ठंडे मौसम में शूटिंग शुरू की और बहुत गर्म मौसम में भी जारी रखी थी।'

***56 डिग्री तापमान में की थी गाने की शूटिंग:*** अपूर्व लखिया ने यह भी खुलासा किया कि आमिर और ग्रेसी सिंह के गाने 'ओ रे छोरी' को 56 डिग्री सेल्सियस तापमान में शूट किया गया था। उन्होंने कहा, 'हम केवल सुबह 6 बजे से 10 बजे तक और शाम 4.30 से 6.30 बजे तक शूट कर सकते थे।

## हिंदी पट्टी के दर्शक डबिंग आर्टिस्ट की मदद से साउथ की फिल्मों का उठाते हैं मजा

# एक्टर्स की हूबहू नकल करते हैं ये डबिंग आर्टिस्ट, लगते हैं असली

*नई दिल्ली। बॉलीवुड सिनेमा को इस वक्त साउथ की फिल्में जोरदार टक्कर दे रही हैं। पहले जहां हिंदी सिनेमा में साउथ की फिल्मों की कहानी को ज्यों का त्यों रीमेक कर दिया जाता था, वहीं अब हिंदी पट्टी के दर्शक डबिंग और मिमिक्री आर्टिस्ट की मदद से साउथ की फिल्मों का उसी फील और परफेक्शन के साथ मजा उठा पा रहे हैं। तो चलिए जानते हैं भारत के कुछ कमाल के डबिंग आर्टिस्ट के बारे में जो साउथ एक्टर्स की आवाज के लिए डबिंग तो करते ही हैं, लेकिन साथ ही साथ बॉलीवुड के तमाम कलाकारों की भी हूबहू नकल उतार देते हैं।*



**चेतन शशितल :** चेतन शशि डबिंग की दुनिया का जाना-माना नाम हैं। उन्हें लोग 'बिग सी' के नाम से भी जानते हैं। यह नाम भी चेतन को उनके डबिंग टैलेंट की वजह से मिला है। शशि अमिताभ बच्चन की हूबहू नकल उतार देते हैं कि फर्क करना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा वह अमरीश पुरी, धर्मेंद्र, दिलीप कुमार और शत्रुघ्न सिन्हा की भी हूबहू मिमिक्री कर देते हैं।



**राजेश खट्टर :** बॉलीवुड फिल्मों में बतौर एक्टर काम कर चुके ईशान खट्टर के पिता राजेश खट्टर डबिंग के भी एक्सपर्ट हैं। राजेश खट्टर ने कई हॉलीवुड एक्टर्स के लिए डबिंग की है और अमिताभ बच्चन की आवाज की हूबहू डबिंग करते हैं।



**शरद केलकर :** एक्टर शरद केलकर एक कमाल के एक्टर होने के साथ-साथ एक गजब के डबिंग आर्टिस्ट भी हैं। शरद केलकर ने देश की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक बाहुबली और बाहुबली-2 के लिए प्रभास के किरदार को आवाज दी है।



**मनोज पांडे :** डबिंग की दुनिया के बेताज बादशाह मनोज पांडे मनोज पांडे ने बाहुबली फिल्म सीरीज के किरदार भल्लालदेव को आवाज दी थी। इसके अलावा वो कई बॉलीवुड एक्टर्स की आवाज भी हूबहू मिमिक्री कर देते हैं।



**संकेत म्हात्रे :** डबिंग की दुनिया में संकेत म्हात्रे भी काफी मशहूर चेहरा हैं। संकेत नाना पाटेकर से लेकर संजय दत्त और अमिताभ बच्चन की हूबहू नकल तो करते ही हैं, लेकिन इन बॉलीवुड कलाकारों के साथ-साथ उन्होंने तमाम हॉलीवुड किरदारों के लिए भी अपनी आवाज दी है।

**समय राज ठक्कर :** साउथ के सुपरस्टार्स की आवाज डब करने के मामले में समय राज ठक्कर का नाम सबसे ऊपर आता है। समय रजनीकांत और कमल हासन जैसे एक्टर्स की आवाज हिंदी में डब करते हैं, लेकिन वो उनकी ऑरिजनल वाइस को भी हूबहू कॉपी कर देते हैं।





**निनात कामत :** मार्वल फिल्मों के अभी तक के सबसे बड़े विलेन थैनोस की आवाज हिंदी में डब करने वाले एक्टर निनाद कामत कई बॉलीवुड एक्टर्स की आवाज भी हूबहू कॉपी कर लेते हैं। निनाद ने अनिल कपूर से लेकर संजय दत्त और अमिताभ बच्चन तक की आवाज हूबहू कॉपी कर लेते हैं।

## खबर संक्षेप



### मुंबई इंडियंस टीम में रहमान शामिल

**मुंबई।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने रविवार को अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान को अनुबंधित करने की घोषणा की। मुजीब अपने ही देश के स्पिनर अल्लाह गजनफर की जगह लेंगे जो चोट के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए हैं। मुंबई इंडियन्स ने एक बयान में कहा, 'मुंबई इंडियंस गजनफर के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है और मुजीब का हमारे परिवार में स्वागत करता है।' मुजीब ने 300 से अधिक टी20 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने लगभग 6.5 की इकोनॉमी रेट से 330 विकेट लिए हैं।

### आवागमन के लिए साइकिल चलाएं युवा

**मुंबई।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को देश के युवाओं से आग्रह किया कि वे स्वस्थ रहने और बेहतर पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए जब भी संभव हो साइकिल का उपयोग आवागमन के विकल्प के रूप में करें।



मांडविया ने रविवार सुबह यहां 'फिट इंडिया मूवमेंट' के प्रमुख कार्यक्रम 'संडे ऑन साइकिल' की अगुआई की जिसका उद्देश्य साइकिल चलाकर स्वस्थ और तंदुरुस्त जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करना और साथ ही प्रदूषण के समाधान को बढ़ावा देना भी है।

### तेज गेंदबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**दुबई।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी को भरोसा है कि पाकिस्तान में हाल ही में समाप्त हुई त्रिकोणीय श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले उनके देश के कम अनुभवी तेज गेंदबाज चैंपियंस ट्रॉफी में भी अपनी इस फॉर्म को बरकरार रखेंगे।



पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले 36 वर्षीय साउदी ने न्यूजीलैंड की तरफ से तीनों प्रारूप में 776 विकेट लिए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड को ट्रेंट बोल्ट की सेवाएं नहीं मिल पाएंगी जबकि लॉकी फर्ग्यूसन का चोटिल होने के कारण खेलना संदिग्ध है।

### हार के बाद अंपायरिंग पर उठाए सवाल

**वड़ोदरा।** मुंबई इंडियंस की कोच चार्लोट एडवर्ड्स ने महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उनकी टीम की आखिरी गेंद पर दो विकेट से हार पर अंपायरिंग की आलोचना की है।



बड़ी भूमिका निभाने वाले विवादास्पद रन आउट फैसलों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस तरह के निर्णय को समझना वास्तव में मुश्किल है जो मैच के अंतिम परिणाम को प्रभावित करते हैं। रन आउट के तीन विवादास्पद फैसले मुंबई इंडियंस के खिलाफ गए जिसका फायदा उठाकर दिल्ली जीत हासिल करने में सफल रही।

### दिल्ली और बेंगलुरु में मुकाबला आज

**वडोदरा।** अपने पहले मैच में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करने वाले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली महिला प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां जब आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखना होगा।



मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में गुजरात जायंट्स को छह विकेट से हराया जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई के खिलाफ अंतिम गेंद पर जीत दर्ज की।

---

### बीसीसीआई ने की आईपीएल के 18वें सत्र के कार्यक्रम की घोषणा

# कोलकाता-बेंगलुरु के मैच से आईपीएल का आगाज, 65 दिन में खेले जाएंगे 74 मुकाबले

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सत्र के कार्यक्रम की घोषणा की जिसमें 22 मार्च से 13 आयोजन स्थलों पर 74 मुकाबले खेले जाएंगे। इस दौरान तीन फ्रेंचाइजी अपने कम से कम दो घरेलू मैच अपने दूसरे निर्धारित घरेलू मैदान पर खेलेंगी। आईपीएल के 2025 सत्र की शुरुआत 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबले के साथ होगी और इसका समापन 25 मई को इसी स्थल पर होगा। प्रतियोगिता के दौरान 12 दिन दो मैच खेले जाएंगे।

टूर्नामेंट 65 दिन चलेगा जिसके मुकाबले 13 स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे जिसमें धर्मशाला, गुवाहाटी और विशाखापत्तनम में कम से कम दो-दो आईपीएल मुकाबलों का आयोजन होगा। जैसा कि पहले भी होता रहा है मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़) के साथ धर्मशाला पंजाब किंग्स का दूसरा घरेलू स्थल होगा जबकि राजस्थान रॉयल्स जयपुर के अलावा गुवाहाटी में अपने घरेलू मुकाबले खेलेगी। दिल्ली कैपिटल्स का दूसरा घरेलू स्थल विशाखापत्तनम होगा और वे 24 मार्च को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ अपना लीग अभियान यहीं से शुरू करेंगे। गुवाहाटी और विशाखापत्तनम दो-दो मैच की मेजबानी करेंगे जबकि धर्मशाला में तीन मैच होंगे।



#### 23 मार्च को पहला डबल हेडर

सत्र में पहली बार 23 मार्च को एक दिन में दो मुकाबले खेले जाएंगे जिसमें हैदराबाद में दिन के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा जबकि इसके बाद चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला होगा।



#### मुंबई-चेन्नई सबसे सफल टीम

आईपीएल भारत का फ्रेंचाइजी क्रिकेट टूर्नामेंट है। यह हर साल मार्च से मई के दौरान टी-20 फॉर्मेट में खेला जाता है। इसकी शुरुआत 2008 में 8 टीमों के साथ हुई थी। राजस्थान ने चेन्नई को फाइनल हराकर पहले सीजन का टाइटल जीता था। मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स ने सबसे ज्यादा 5-5 टाइटल जीते हैं। केकेआर 3 खिताब जीतकर तीसरी सबसे सफल टीम है।

#### कोलकाता में होगा प्लेऑफ

लीग चरण के बाद हैदराबाद और कोलकाता में प्लेऑफ का आयोजन किया जाएगा। हैदराबाद 20 मई और 21 मई को क्रमशः पहले क्वालीफायर और एलिमिनेटर की मेजबानी करेगा जबकि 23 मई को दूसरा क्वालीफायर कोलकाता में होगा। प्रत्येक टीम अपने समूह की अन्य सभी टीम और दूसरे समूह की एक पूर्व निर्धारित टीम के साथ दो बार खेलेगी जबकि दूसरे समूह की बाकी चार टीम के साथ एक बार खेलेगी।

#### ग्रुपवार टीमें

ग्रुप ए : कोलकाता, बैंगलुरु, राजस्थान, चेन्नई, पंजाब
ग्रुप बी : हैदराबाद, दिल्ली, गुजरात, मुंबई, लखनऊ

#### 13 वेन्यू पर 10 टीमों के मुकाबले

अहमदाबाद, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, लखनऊ, मुल्लांपुर (मोहाली), दिल्ली, जयपुर, कोलकाता, हैदराबाद 10 टीमों के होम ग्राउंड हैं। इनके अलावा गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और धर्मशाला यानी कुल 13 वेन्यू पर मैच खेले जाएंगे।

---

रणजी ट्रॉफी

## सेमीफाइनल आज, विदर्भ के खिलाफ मुंबई प्रबल दावेदार



एजेंसी ⏭ नागपुर

चोटिल यशस्वी जायसवाल का मुंबई की टीम से बाहर रहना लगभग तय है लेकिन इसके बावजूद गत चैंपियन टीम सोमवार से यहां शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में विदर्भ के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। एजेंसी को पता चला है कि जायसवाल अपनी चोट के आगे के आकलन के लिए जल्द ही बेंगलुरू स्थित भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जा सकते हैं क्योंकि उन्हें भारत की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में 'टीम के साथ यात्रा नहीं करने वाले रिजर्व खिलाड़ी' के रूप में रखा गया है। जायसवाल की अनुपस्थिति किसी भी तरह से मुंबई की ताकत को कम नहीं करती हैं। यह मुकाबला पिछले साल के फाइनल की पुनरावृत्ति है जिसमें मुंबई ने विदर्भ को हराकर खिताब जीता था। मुंबई के पास कप्तान अजिंक्य रहाणे, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और शारदुल ठाकुर जैसे कई स्टार खिलाड़ी हैं। जो अपने दम पर मैच का रुख बदल सकते हैं। कुछ शानदार खिलाड़ियों की मौजूदगी से कहीं अधिक यह 42 बार की चैंपियन टीम का दृढ़ संकल्प है जो उसे एक अलग पहचान दिलाता है।

#### शानदार फॉर्म में विदर्भ की टीम

*विदर्भ की टीम शानदार फॉर्म में है। उनके गेंदबाजी आक्रमण में बड़े नाम नहीं हैं लेकिन हर्ष दुबे, यश ठाकुर, आदित्य ठाकरे और नचिकेत भूट ने विदर्भ के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। बाएं हाथ के स्पिनर दुबे मौजूदा रणजी सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं जिन्होंने 59 विकेट चटकाए हैं। विदर्भ की टीम मुंबई के शीर्ष क्रम के थोड़े डगमगाने वाले स्वभाव का फायदा उठाने और उन्हें शुरू से ही दबाव में डालने की कोशिश करेगी।*

---

## स्पेन ने महिला प्रो लीग में जर्मनी को 2-1 से हराया



एजेंसी ⏭ भुवनेश्वर

स्पेन ने एफआईएच महिला प्रो लीग में रविवार को जर्मनी को 2-1 से हरा दिया। लूसियाना मोलिना ने तीसरे क्वार्टर में विजयी गोल करके स्पेन को जीत दिलाई। जर्मनी के लिए ऐना क्रेस्केन ने पहले ही मिनट में गोल कर दिया लेकिन पहले क्वार्टर के अंत में सोफियो रोगोस्की ने जर्मनी के लिए बराबरी का गोल दागा। दूसरे क्वार्टर में स्पेन की क्लारा बाडिया को ग्रीन कार्ड मिला जबकि कोई टीम गोल नहीं कर सकी।

स्पेन के लिए तीसरे क्वार्टर में मोलिना ने 38वें मिनट में गोल किया। आखिरी क्वार्टर में जर्मनी को कई पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन स्पेन का डिफेंस काफी मजबूत था। इस जीत के बाद स्पेन के छह मैचों में आठ अंक है। चीन आठ मैचों में 16 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि गत चैंपियन नीदरलैंड दूसरे स्थान पर है जिसके चार मैचों में नौ अंक है। आस्ट्रेलिया के चार मैचों में आठ अंक है।

## राउफ फिट, चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उपलब्ध

**कराची।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ चोट से उबर चुके हैं और बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। पाकिस्तान टीम के एक करीबी सूत्र ने रविवार को एजेंसी को पुष्टि की कि हारिस चोट से उबर गए हैं और कराची में चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में खेलेंगे। इस तेज गेंदबाज को हाल ही में त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान छाती की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। सूत्र ने कहा, 'हारिस अब ठीक हैं और त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच के बाद दिए गए आराम से उन्हें उबरने में मदद मिली है।'



## टीम चयन में हुआ था बड़ा बखेड़ा भिड़ गए थे गंभीर और अगरकर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय टीम ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 3-0 से धमाकेदार जीत हासिल की थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर और चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर चैंपियंस ट्रॉफी टीम में श्रेयस अय्यर के चयन को लेकर एकमत नहीं थे।

एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम सेलेक्शन मीटिंग में गौतम गंभीर और अजीत अगरकर के बीच इसे लेकर तीखी बहस हुई थी। भारतीय टीम की ओर से इस सीरीज में मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने शानदार प्रदर्शन किया था।



श्रेयस ने तीन पारियों में 60.33 की बेहतरीन औसत से 181 रन बनाए, जिसमें दो अर्धशतक शामिल रहे। वनडे क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के चलते श्रेयस अय्यर को भारत की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में भी जगह मिली। दोनों के बीच बहस विकेटकीपिंग स्लॉट को लेकर भी हुई थी। अगरकर चाहते थे कि फर्स्ट चॉइस विकेटकीपर के तौर पर ऋषभ पंत को तवज्जो मिले। वहीं गंभीर ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि केएल राहुल भारत के फर्स्ट चॉइस विकेटकीपर होंगे और टीम मैनेजमेंट इस पर कायम रहेगा। तभी तो इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में केएल राहुल ने तीनों मुकाबले खेले, वहीं ऋषभ पंत बेंच पर बैठे रहे।

### भारतीय महिला हॉकी टीम शूटआउट में इंग्लैंड से हारी

**भुवनेश्वर।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के मैच में रविवार को इंग्लैंड से शूटआउट में 1-2 से हार गई जबकि निर्धारित समय तक स्कोर 2-2 से बराबर था। इंग्लैंड के लिए निर्धारित समय में पेजी गिलोट (40वां मिनट) और टेसा हॉवर्ड (56वां) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किए। भारत के लिए नवनीत कौर (53वां) और ऋतुजा दादोसा पिसल (57वां) ने गोल किए। नवनीत ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया जबकि ऋतुजा का फील्ड गोल था। शूटआउट में नवनीत ही भारत के लिए गोल कर सकी जबकि कप्तान सलीमा टेटे, सुनेलिता टोप्पो और लालरेम्सियामी नाकाम रहे।



## अमांडा अनिसिमोवा ने जीता कतर ओपन का खिताब

**दोहा।** अमांडा अनिसिमोवा ने शनिवार रात को यहां कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अपने करियर का तीसरा और 2022 के बाद पहला खिताब जीता। अनिसिमोवा ने बारिश के कारण दो बार बाधित फाइनल में पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 6-3 से हराया। बारिश के कारण दूसरी बार मैच बाधित होने के बाद जब खेल शुरू हुआ तो अनिसिमोवा ने आखिरी तीन गेम जीतकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वह 2002 में मोनिका सेलेस के बाद दोहा में खिताब जीतने वाली अमेरिका की पहली खिलाड़ी बन गई।



### अदिति सऊदी लेडीज इंटरनेशनल में 53वें स्थान पर रहीं

*रियाद। भारत की अदिति अशोक तीसरे दौर में तीन ओवर 75 के लचर प्रदर्शन के बाद रविवार को यहां सऊदी लेडीज इंटरनेशल गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 53वें स्थान पर रहीं। तीन दौर में 69, 72 और 75 का स्कोर बनाने वाली अदिति का कुल स्कोर पार 216 रहा। यह अदिति की 2025 में लेडीज यूरोपीय टूर पर पहली प्रतियोगिता थी। अदिति ने तीसरे दौर में पार 72 के रियाद गोल्फ क्लब पर दो बर्डी की लेकिन वह तीन बोगी और एक डबल बोगी भी कर गई।*

भा.कृ. अनु.प. - खरपतवार अनुसंधान निदेशालय
ICAR - Directorate of Weed Research
महाराजपुर, अधारताल, जबलपुर - 482004 (म.प्र.) भारत
Maharajpur, Adhartal, Jabalpur 482 004 (M.P.), INDIA
EPABX: +91-761-2353101, 2353934 Email : director.weed@icar.gov.in

आमंत्रण
किसान मेला सह प्रर्दशनी

भा.कृ.अनु.प-खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, महाराजपुर, जबलपुर में 18 फरवरी, 2025 (मंगलवार) को किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन सुबह 10.30 बजे से किया जा रहा है। जिसमें कृषि/उद्यानिकी/वानिकी तकनीकीयों, कृषि यंत्रों, गुणवत्ता युक्त बीज, उर्वरकों, पीडकनाशियों, ड्रोन, पशुधन एवं ऋण आदि की प्रदर्शनी विभिन्न संस्थानों द्वारा लगाई जावेगी। कृषकों की तकनीकी समस्याओं के निदान हेतु कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन भी किया जावेगा । समस्त कृषक बंधुओं से निवेदन है कि उक्त किसान मेला में भाग लेकर लाभ उठावें ।

संयोजक
(किसान मेला)

कार्यालय आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश, ग्वालियर
चतुर्थ तल, संयुक्त राजस्व भवन, नीडम रोड, चन्द्रवदनी नाका, ग्वालियर
E-mail: cc.ecogwl@mp.gov.in Ph.: 0751-2452810

ग्वालियर, दिनांक 15.02.2025

:: विज्ञप्ति ::

मध्यप्रदेश शासन की वर्ष 2025-26 हेतु आबकारी नीति जो, अधिसूचना क्रमांक दिनांक 14-02-25 जो मध्यप्रदेश राजपत्र ( असाधारण) क्रमांक 47 3-3-4-000J-2025-S-ec-02-पांच-(CT) दिनांक 14-02-25 में प्रकाशित की गई है, के अनुसार सर्वसाधारण की जानकारी एवं आबकारी के फुटकर 'ठेकेदारों की विशेष जानकारी के लिये यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि आबकारी नीति के प्रावधानों के अनुरूप प्रदेश के समस्त जिलों की फुटकर कम्पोजिट मदिरा दुकानों/एकल समूहों का निष्पादन दिनांक 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिये जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला निष्पादन समिति द्वारा प्रथमतः नवीनीकरण एवं लाटरी द्वारा तथा शेष रही मदिरा दुकानों / समूहों का ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से किया जाएगा।

प्रदेश की समस्त मदिरा दुकानें ( वाईन शॉप एवं एयरपोर्ट काउंटर को छोड़कर) कम्पोजिट शॉप होंगी अर्थात मदिरा दुकानों पर देशी एवं विदेशी दोनों प्रकार की मदिरा विक्रय हेतु उपलब्ध रहेगी। किसी भी मदिरा दुकान पर बैठकर मंदिरा पीने की सुविधा अनुमत नहीं होगी।

निष्पादन कार्यक्रम

(I) वर्ष 2025-26 हेतु नवीनीकरण एवं लॉटरी द्वारा निष्पादन कार्यक्रम:-
वर्ष 2025-26 हेतु नवीनीकरण / लॉटरी हेतु घोषित कार्यक्रम निम्नानुसार रहेगा :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र क्रय संबंधित करने की तिथियां एवं समय | संबंधित जिला कार्यालय से दिनांक 17 फरवरी 2025 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 21 फरवरी 2025 को सायंकाल 5.30 बजे तक |
| 2 | नवीनीकरण आवेदन पत्र जमा करने की तिथियां एवं समय | संबंधित जिला कार्यालय में दिनांक 17 फरवरी 2025 को प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 21 फरवरी 2025 को सायंकाल 6.00 बजे तक |
| 3 | नवीनीकरण के आवेदन पत्र रहित मदिरा दुकानों के एकल समूहों पर इच्छुक पात्र आवेदकों को लॉटरी आवेदन पत्र क्रय करने की तिथियां एवं समय | संबंधित जिला कार्यालय से दिनांक 22 फरवरी 2025 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 27 फरवरी 2025 को दोपहर 01.30 बजे तक |
| 4 | इच्छुक पात्र आवेदकों द्वारा लॉटरी आवेदन पत्र जमा करने की तिथियां एवं समय | संबंधित जिला कार्यालय में दिनांक 22 फरवरी 2025 को प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 27 फरवरी 2025 को दोपहर 02.00 बजे तक<br>टीप: लॉटरी आवेदन पत्र पूर्ण होने तथा वांछित अभिलेख संलग्न करने पर ही जमा किये जायेंगे अपूर्ण लॉटरी आवेदन पत्र जमा नहीं किये जायेंगे। |
| 5 | नवीनीकरण हेतु प्राप्त तथा प्रस्तुत लॉटरी आवेदन पत्रों का जिला समिति द्वारा परीक्षण करने, खोलने एवं निराकरण किये जाने की तिथि एवं समय | दिनांक 27 फरवरी 2025 को दोपहर 02.00 बजे से कार्यवाही पूर्ण होने तक। |

(II) वर्ष 2025-26 हेतु ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) द्वारा निष्पादन कार्यक्रम :-
नवीनीकरण / लॉटरी उपरांत ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) हेतु घोषित कार्यक्रम निम्नानुसार रहेगा :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) हेतु ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउन लोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि एवं समय | दिनांक 04 मार्च 2025 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 08 मार्च 2025 को प्रातः 11.30 बजे तक |
| 2 | ई-टेण्डर कम ऑक्शन प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 08 मार्च 2025 को दोपहर 12.00 बजे से |
| 3 | ई-टेण्डर कम ऑक्शन अंतर्गत ऑक्शन प्रारंभ एवं बंद होने की तिथि एवं समय | दिनांक 08 मार्च 2025 को दोपहर 02.30 बजे से सायं 05.00 बजे तक (तत्पश्चात 15 मिनिट के अंतराल में बोली दिये जाने पर आगामी 15 मिनिट के लिए समयावधि में वृद्धि) |
| 4 | ई-टेण्डर खोलने की तिथि एवं समय | संबंधित समूह का ऑक्शन समाप्त होने अथवा 09 मार्च 2025 को प्रातः 10:30 बजे ( जो भी बाद में हो) |
| 5 | जिला समिति द्वारा ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निराकरण किये जाने की तिथि एवं समय | ई-टेण्डर खोलने की प्रक्रिया पूर्ण होने तक |

नवीनीकरण/लॉटरी तथा ई-टेण्डर ( ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निष्पादन की प्रक्रिया, शर्तें एवं निर्बंधन NIC के पोर्टल (https://mptenders.gov.in) एवं मध्यप्रदेश आबकारी विभाग की बेवसाईट https://excise.mp.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं।

मदिरा दुकानों के निष्पादन हेतु नवीनीकरण के लिए वर्तमान अनुज्ञप्तिधारी ही पात्र होगा। लॉटरी तथा ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) से निष्पादन हेतु कोई भी पात्र व्यक्ति/फर्म/एलएलपी / कंपनी / कन्सॉर्टियम भाग ले सकेगा।

ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) की कार्यवाही में जो व्यक्ति/फर्म/एलएलपी / कंपनी / कन्सॉर्टियम भाग लेना चाहें, वे इस संबंध में उल्लेखित वर्णित प्रक्रिया, शर्तों एवं प्रतिबंधों के अन्तर्गत ई-टेण्डर के पोर्टल (https://mptenders.gov.in) पर ऑफर दे सकते हैं। जिलों की मदिरा दुकानों के एकल समूहों के संबंध में आवश्यक जानकारी संबंधित जिले के सहायक आबकारी आयुक्त / जिला आबकारी अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(अभिजीत अग्रवाल)
आबकारी आयुक्त
मध्यप्रदेश

G-23088/24

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

## केंद्रीय मंत्री ने डुमना एयरपोर्ट में परियोजनाओं की समीक्षा की

# गडकरी ने पूछा कहां तक पहुंची रिंगरोड और फ्लाईओव्हर?

हरिभूमि जबलपुर।

प्रयागराज कुम्भ जाते हुये केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को डुमना एयरपोर्ट पर रुकते हुए निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की और विभागीय अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर सांसद आशीष दुबे और विधायक अजय विश्नोई भी उपस्थित रहे. गडकरी का डुमना एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत हुआ, जहां उन्होंने भाजपा नेताओं के साथ पारिवारिक माहौल में मुलाकात की। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, केन्ट विधायक अशोक रोहाणी सहित अन्य नेता भी उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस दौरान भाजपा नेताओं से मुलाकात की और परियोजनाओं की प्रगति को लेकर निर्देश दिए।



### शहर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा

विधायक श्री विश्नोई और सांसद श्री दुबे ने शहर में चल रही परियोजनाओं के अलावा नये कार्यों को लेकर भी केन्द्रीय मंत्री का ध्यानाकर्षण कराया। श्री गडकरी ने अधिकारियों को कई प्रमुख कार्यों का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये, जिनमें दीनदयाल चौक से पाटन-कटंगी रोड पर उतरने वाले फलायओवर और पाटन मनखेड़ी मार्ग के विकास की मांग शामिल थी। विधायक अजय विश्नोई ने इस दौरान पुरानी सड़कों की उपेक्षा न करने की अपील की और कहा कि बायपास निर्माण के साथ-साथ पारंपरिक मार्गों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। गडकरी ने इस पर अपनी सहमति जताई।

### अधिकारियों के साथ अलग बैठक

इस चर्चा के दौरान गडकरी ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सभी परियोजनाओं की समीक्षा की और निर्माणाधीन फ्लायओवर सहित ग्रेटर रिंग रोड के कार्यों पर अपडेट ली। उन्होंने जबलपुर-दमोह फोर लेन सड़क निर्माण की भी जानकारी ली, जिस पर अफसरों ने बताया कि इसके लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं और डीपीआर अंतिम चरण में है। इसके बाद, गडकरी ने जबलपुर-रायपुर हाई स्पीड कॉरीडोर, भारत माला परियोजना, और प्रस्तावित नए फ्लायओवर सहित प्रमुख योजनाओं पर अधिकारियों से जानकारी मांगी। बैठक में एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी और चीफ इंजीनियर्स भी शामिल हुए।



## घंटों देर से पहुंचीं दिल्ली से चलकर आने वाली ट्रेनें

# कुंभ स्पेशल ट्रेनों ने रोकी नियमित ट्रेनों की चाल

**जबलपुर।** रविवार को जबलपुर पहुंचने वाली कई ट्रेनों में भारी देरी हुई, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। जबलपुर रेलवे स्टेशन पर सुबह से ही ट्रेनें निर्धारित समय से घंटों देरी से पहुंची, जिससे यात्रियों को यात्रा के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली से जबलपुर आने वाली प्रमुख ट्रेनों में श्रीधाम एक्सप्रेस, गोंडवाना एक्सप्रेस, महाकौशल एक्सप्रेस और संपर्क क्रांति एक्सप्रेस शामिल थीं। श्रीधाम एक्सप्रेस, जो सामान्यतः जबलपुर स्टेशन पर सुबह 5:30 बजे पहुंचती है, वह रविवार दोपहर 11:30 बजे पहुंची। वहीं, गोंडवाना एक्सप्रेस, महाकौशल एक्सप्रेस और संपर्क क्रांति एक्सप्रेस दोपहर 2 बजे के बाद पहुंची। सूत्रों के मुताबिक, इन ट्रेनों की देरी का मुख्य कारण कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों की क्रॉसिंग था। इन स्पेशल ट्रेनों की धीमी गति के कारण अन्य ट्रेनों को लाइन क्लीयर नहीं मिल पा रही थी, जिससे मुख्य ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। इसके परिणामस्वरूप, ट्रेनें अपनी निर्धारित गति से नहीं चल पा रही थीं और घंटों की देरी से विभिन्न स्टेशनों पर पहुंच रही थीं। यात्रियों ने रेलवे अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत की और कहा कि कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों की संख्या इतनी अधिक है कि वे सामान्य ट्रेनों के संचालन को प्रभावित कर रही हैं। साथ ही, यात्री यह भी आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि यदि यह स्थिति और दिन बढ़ती है, तो ट्रेनों के संचालन में और अधिक बाधाएं आ सकती हैं। रेलवे प्रशासन ने यात्री सेवाओं को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया है, लेकिन इसके पहले भी कुंभ मेला ट्रेनों की वजह से सामान्य ट्रेनों में देरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

## पुलिस टीम ने ट्रक की लोकेशन को ट्रेस कर आरोपी को पकड़ा

# तिलवारा से चुराया ट्रक मझौली के जंगल से बरामद

हरिभूमि जबलपुर।

तिलवारा थानान्तर्गत जोधपुर पड़ाव स्थित एक पेट्रोल पम्प के पास से चोरी गया बारह चके का ट्रक पुलिस ने मझौली के जंगल से बरामद कर ट्रक चुराने वाले आरोपी को समीप एक ढाबे से गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में तिलवारा थाना प्रभारी ब्रजेश मिश्रा ने बताया कि ग्राम सेमरा निवासी प्रहलाद श्रीपाल भोपाल से ट्रक में फ्रूटी लोड कर शहर आया था। ड्राईवर प्रहलाद ट्रक को खाली करने के बाद उसे जोधपुर पड़ाव स्थित एवन एचपी पेट्रोल पम्प के पास खड़ा कर अपने गांव चला गया था। दूसरे दिन सुबह साढ़े नौ बजे जब प्रहलाद ट्रक लेने पहुंचा तो



उसने देखा कि पेट्रोल पम्प के पास खड़ा 12 चके का ट्रक गायब था। ट्रक चालक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। जांच के दौरान पुलिस टीम ने ट्रक की लोकेशन को ट्रेस करने घटना स्थल से लगे मार्गो के सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो ट्रक ले जा रहे आरोपी लोकेशन मझौली की ओर दिखायी दी। पुलिस ने मझौली के जंगल में दबिश देकर चोरी गया ट्रक बरामद कर लिया वहीं समीप ही एक ढाबे में काम करने वाले पाटन निवासी संदेही शिवा तिवारी को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने ट्रक चुराकर मझौली के जंगल में छुपाने की बात बतायी।

## चोरी के सरियों से लदा मालवाहक छोड़कर भागे आरोपी

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत ठगठगा हिनौता के पास रिंग रोड निर्माण का काम कर रही यूपी की कंपनी के पेट्रोलिंग अमले ने एक मालवाहक में चोरी कर ले जा रहे लोहे के सरिये के सात आरोपियों को रोका आरोपी वाहन छोड़कर भाग गये. इसके बाद तिलवारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई. तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात्री 10 बजे रिंग रोड़ निर्माण कर रही. कंपनी के सुरक्षा अमले द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही थी, इस दौरान एचआर डिपार्टमेंट के अफसर संजय सिंह और उनके साथी, हरेन्द्र गिरी डगडगा हिनौता के पास साईड पर पहुंचे. वहां एक मालवाहक गाड़ी क्रमांक एमपी 20 जेड एफ 3215 में चार लड़के साईड में रखे 25 एम एम के लोहे की सरिये के टुकड़े मालवाहक गाड़ी में चोरी कर ले जा रहे थे. जिन्हें रोका उनमें से एक लड़का जिसका नाम सुधान सिंह नरेती है जो कि रिंग रोड साईड में लेबर का काम करता है ने बताया कि वे सुमित सिंह ठेकेदार के कहने पर लोहे के सरिया चोरी कर बेचने के लिये जबलपुर ले जा रहे हैं. चारों लड़कों को थाने लाने को हुये तो चारों मालवाहक गाड़ी जिसमे चोरी की 25 एम एम की लोहे की सरिया के टुकड़े कीमती लगभग 35 हजार रूपये के है को मालवाहक वाहन क्रमांक एमपी 20 जेड एफ 3215 सहित छोड़कर भाग गये रिपोर्ट 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## अभिभावक ने स्कूल प्रबंधन पर लगाए लापरवाही के आरोप

# टूटा पैर लेकर घंटों स्कूल में बैठा रहा बच्चा

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना क्षेत्र के बिलहरी गोपालपुरम स्थित जीनियस नर्सरी स्कूल में पढ़ने वाले 6 वर्षीय बच्चे के साथ एक गंभीर हादसा हुआ। यह हादसा तब सामने आया जब बच्चा दर्द से कराहते हुए घर पहुंचा। अस्पताल प्रबंधन ने बच्चे की हालत गंभीर होने के कारण उसे भर्ती किया और गोराबाजार पुलिस को सूचना दी।

घायल बच्चे के पिता, अजय मिश्रा, ने बताया कि उनके बेटे के पैर की हड्डी दो टुकड़ों में टूट गई है। उन्होंने हैरानी जताई कि स्कूल प्रबंधन ने हादसे के बारे में परिजनों को तुरंत सूचित नहीं किया और बच्चे को घंटों तक दर्द में स्कूल में ही बैठाए रखा। बाद में बच्चे को चुपचाप स्कूल बैन से घर भेज दिया गया। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि बच्चे का पैर झूले में फंस गया था, लेकिन जब परिजनों ने सीसीटीवी फुटेज दिखाने की मांग की, तो स्कूल ने यह कहते हुए इंकार कर दिया कि कैमरे में घटना रिकॉर्ड नहीं हुई है। इसके अलावा, यह भी चर्चा में है कि हादसे के दौरान स्कूल में कोई मौजूद नहीं था। यदि ऐसा था, तो बच्चे को अकेला क्यों छोड़ा गया था?

इस पूरे मामले में स्कूल की प्रतिक्रिया संदेह उत्पन्न कर रही है। नियमानुसार, स्कूल को बच्चे के चोटिल होने के बाद तुरंत परिजनों को सूचित करना चाहिए था, लेकिन यहां पूरी जानकारी छुपाई गई। बच्चा इस हादसे से मानसिक रूप से भी प्रभावित है और डर के मारे वह कुछ भी बताने में असमर्थ है। इस हादसे की असल वजह पुलिस जांच के बाद ही सामने आ सकेगी।

## सूने घर से नगदी समेत लाखों के जेवर पार

**जबलपुर।** कोतवाली थानान्तर्गत खटीक मोहल्ला खराफा में अज्ञात चौरों ने एक सूने घर का ताला तोड. कर नगदी समेत लाखों के जेवर पार कर दिए है। अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस ने बताया कि खटीक मोहल्ला निवासी सराफा निवासी ऋषि पटवा एमपी ऑनलाइन की दुकान चलाता है। ऋषि घर में ताला लगाकर अपने परिवार के साथ प्रयागराज महाकुम्भ स्थाना करने चला गया था। दूसरे दिन सुबह साढे दस बजे ऋषि वापस लौटा तो देखा कि घर के मैन गेट का ताला टूटा था। चोरी की आशंका होने पर ऋषि ने दरवाजा खोला और अंदर जाकर देखा कि मकान के नीचे वालेकमरे का सामान बिखरा हुआ था। अलमारी का ताला टूटा था अलमारी में रखे सोने के दो मंगलसूत्र एक अंगूठी , एक हार चार बाले, छै लौंग , हायचन्द्रमा, चांदी की छै जोड़ी पायल, दो लॉकेट व दो से तीन हजार रूपऐ नगदी गायब थे।

## ऑनलाईन जॉब के चक्कर में 1 लाख 96 हजार गंवाए

**जबलपुर।** लार्डगंज थानान्तर्गत गंजीपुरा में एक जालसाज ने टेलीग्राम एप्प पर नौकरी का विज्ञापन देकर एक व्यक्ति को घर बैठे काम कर अच्छा पैसा कमाने का झांसा देकर यूपीआई के जरिए 1 लाख 96 हजार रुपए की चपत लगा दी। अज्ञात सालसाज के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया गया है। लार्डगंज पुलिस ने बताया कि गंजीपुरा निवासी हरीश कुमार बुधरानी के मोबाइल पर टेलीग्राम एप में वर्क फार्म होम का विज्ञापन आया था जिसके माध्यम से एक जालसाज ने उसे निवेश कर घर बैठे अच्छा पैसा कमाने का प्रलोभन दिया। झांसे में आये हरीश ने जालसाज के खाते में 12 बार यूपीआई ट्रांसजेशन कर 1 लाख 96 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिये। इसके बाद जब जालसाज ने हरीश से 20 प्रतिशत और रकम जमा करने कहा तो उसे पता चला कि घर बैठे नौकरी दिलाने का झांसा देकर किसी उसके साथ ठगी की है।

## हाई कोर्ट जज के रूप में आज शपथ ग्रहण करेंगे आशीष श्रोती

**जबलपुर।** हाई कोर्ट जज के रूप में अधिवक्ता आशीष श्रोती आज 17 फरवरी को सुबह सवा 10 बजे शपथ ग्रहण करेंगे। कोर्ट रूम नंबर-वन में परंपरागत रूप से गरिमामय समारोह आयोजित होगा। हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल धरमिंदर सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत दोपहर 12 बजे से न्यायमूर्ति आशीष श्रोती पदभार संभाल लेंगे। वर्तमान में हाई कोर्ट में जजों के कुल स्वीकृत 53 पदों के मुकाबले 33 जज पदस्थ हैं। अब एक इजाफे के साथ यह संख्या 34 हो जाएगी। इस तरह कुल रिक्त पद 20 से घटकर 19 हो जाएंगे।

## आयुक्त लोक शिक्षण को हाईकोर्ट ने दी 30 दिन की समय सीमा

# अतिथि शिक्षकों के नियमितिकरण पर निर्णय लेने के आदेश

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने आयुक्त लोक शिक्षण को आदेश दिया है कि अतिथि शिक्षकों के नियमितिकरण पर 30 दिन में निर्णय लें। ऐसा न किए जाने पर अतिथि शिक्षक अवमानना याचिका दायर करने स्वतंत्र होंगे। याचिकाकर्ता अतथि शिक्षकों की ओर से दलील दी गई कि वे 10 वर्ष से अधिक अवधि से सेवाएं देते आ रहे हैं। इसलिए नियमितिकरण के हकदार हैं। इस सिलसिले में समय-समय पर अभ्यावेदन दिए गए, जिनका कोई नतीजा नहीं निकला। आंदोलन किए गए, इसके



बावजूद ठोस कदम नहीं उठाया गया। महज आश्वासन का झुनझुना पकड़ाया गया। आपत्तिजनक बिंदु यह है कि मूल मांग पूरी करने के स्थान पर समय-समय पर भर्ती नियमों में परिवर्तन कर परेशान करने का तरीका अपनाया गया। इससे अनुभव व योग्यता दरकिनार हो गए। पहले से कार्यरत अतिथि शिक्षकों को हटाकर नई नियुक्तियां करने की कवायद की गई। जिसके विरुद्ध याचिकाएं दायर हुईं। रोक लगी। लेकिन सरकार ने पहले डीएड-बीएड के साथ टीईटी उत्तीर्ण की शर्त अधिरोपित की और बाद में इसके साथ एक चयन परीक्षा और उत्तीर्ण करने का बोझ लाद दिया। इससे तंग आकर आयुक्त लोक शिक्षण को सूचना पत्र जारी किया गया। जिसका जवाब नदारद होने पर न्यायहित में हाई कोर्ट की शरण ली गई है।

## चैक बाउंस का परिवाद निरस्त

प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी रुचि गोलस की अदालत ने चैक बाउंस का परिवाद अपरिपक्व पाकर निरस्त कर दिया। इसी के साथ गोठी दाई मंदिर, वीर सावरकर वार्ड निवासी सौरभ सिंह ठाकुर को राहत मिल गई। परिवादी अजय शर्मा का आरोप थाा कि सौरभ सिंह ठाकुर ने एक लाख 50 हजार का चैक कर्ज की अदायगी के लिए दिया था, जो बैंक में जमा करने पर बाउंस हो गया। लिहाजा, सूचना पत्र दिया गया। इसके बावजूद 15 दिन के भीतर भुगतान सुनिश्चित नहीं किया गया। इसीलिए परिवाद दायर किया गया। सौरभ के वकीलों ने दलील दी कि परिवाद समय से पूर्व दायर करने की त्रुटि की गई, इसलिए निरस्त किए जाने योग्य है। कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर परिवाद निरस्त कर दिया।

## लोकायुक्त की विशेष अदालत ने सुनाई चार साल की सजा

सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रुपेश कुमार गुप्ता की अदालत ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में ईपीएफओ के तत्कालीन निरीक्षक महेंद्र कुमार गुप्ता व उनकी पत्नी ऊषा गुप्ता को चार वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने मामले में बनाए अन्य आरोपित बलराम पाटकर, अरविंद सिंह राजपूत व देवीदास को ढाई साल के कारावास एवं साढ़े तीन हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने महेंद्र व ऊषा की आय से अधिक पाई गई सम्पत्ति को राजसत करने के निर्देश भी दिए हैं। सीबीआई ने ईपीएफओ कार्यालय सागर में पदस्थ तत्कालीन निरीक्षक के विरुद्ध वर्ष 2001 से 2011 की अवधि में आय के ज्ञात स्रोतों से 24,46883 रुपये आधिक पाए जाने के आधार पर अनुपातहीन आय अर्जित करने का प्रकरण पंजीबद्ध किया था। जांच के बाद सीबीआई ने कोर्ट में चालान पेश किया। साक्ष्य और सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने सजा सुना दी।

## कार सवार बदमाशों ने फैक्ट्री अधिकारी से की मारपीट

**जबलपुर।** खमारिया थानान्तर्गत कल लंच के लिए अपनी मोटर साइकिल से घर जा रहे आर्डनेंस फैक्ट्री खमारिया के एक अधिकारी को कार सवार बदमाशों ने पुरानी सीजीएचएस डिस्पेंसरी के सामने कार अड़ाकर रोका और बदमाशों ने उसके साथ पुरानी रंजिश को लेकर डंडे व हाथों से बेरहमी से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद हमलावर फैक्ट्री अधिकारी को धमकाते हुये भाग गये। घायल को अधिकारी को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमलावरों पर मारपीट व एससीएसटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। खमारिया थाना प्रभारी सरोजनी टोप्पो ने बताया कि गली नंबर 6 खमारिया निवासी बसंतलाल गोंटिया ओएफके फैक्ट्री में जूनियर वर्कस मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। बसंतलाल कल दोपहर लंच करने पेंशनप्रो बाईक से घर जा रहे थे तभी पुरानी सीजीएचएस डिपेंसरी के पास भुवन सोनी अपने साथियों के साथ कार में सवार होकर आया और उसने अधिकारी बाईक के सामने अपनी कार अड़ाकर उसे रोक लिया। इसके बाद भुवन व उसके साथियों ने कार से उतरकर ओएफके अधिकारी बंसतलाल गोंटिया के साथ हाथ व डंडे से मारपीट कर गंभीर चोटें पहुंचायी। घायल अधिकारी को मार्बल सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## ग्वारीघाट से ई-रिक्शा चोरी

**जबलपुर।** आज कल ई रिक्शा चोरी जाने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं. पिछले एक हफ्ते के दौरान आधा दर्जन ईरिक्शा चोरी हो चुके हैं. इसी क्रम में ग्वारीघाट थाना अंतर्गत पुराने स्टेशन के पास खड़ा एक ईरिक्शा अज्ञात चोर ले गया. घटना के संबंध में ग्वारीघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोहलपुर नई बस्ती निवासी मनीष रजक किराये पर लेकर ई रिक्शा चलाता है. कल दोपहर मनीष सवारी लेकर ग्वारीघाट गया था, इस दौरान उसने अपना ईरिक्शा पुराने रेलवे स्टेशन किनारे खड़ा किया और सवारी के साथ दर्शन करने उमाघाट चला गया. वहां से जब लौटा तो ई रिक्शा गायब था. उसने ई रिक्शा की तलाश आसपास की पता नहीं चला। पुलिस ने रिपोर्ट 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## कुछ दिन ठीक-ठाक चला फिर हालात ढाक के तीन पात

# सड़कों पर फिर बदस्तूर लगने लगीं दुकानें

**जबलपुर।** विगत माह कुछ उम्मीदें जागी थीं कि शायद शहर के ट्रैफिक में सुधार हो सके। केबिनेट मंत्री की गंभीरता, कलेक्टर और एसपी की सक्रियता से यह संकेत मिल रहे थे कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बुनियादी परिवर्तन हो सकता है। लेकिन जमीनी स्थिति ने फिर वही पुराना चेहरा दिखाया। दुकानदार सड़कों तक बदस्तूर दुकानें लगा रहे हैं और ठेले टपरे भी खड़े होने लगे हैं. आज एक बार फिर शहर में विशेष रूप से मुख्य शहर की सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या विकराल हो गई है। मिलौनी गंज से लेकर मालवीय चौक तक और उसके दोनों ओर लगभग 250-250 मीटर के क्षेत्र में लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। दिन के 1 बजे से लेकर रात 9:30 बजे तक यह मार्ग ईरिक्शा और ऑटो के कब्जे में रहता है। ऐसे में लोग मजबूर होकर रास्ता बदलने को विवश होते हैं।

अब जब त्योहारों का सीजन आ रहा है, तब व्यापारियों की चिंताएँ भी बढ़ रही हैं। ऐसे जाम में व्यापारियों को अपनी दुकान पर ग्राहकों को लाने में कठिनाई हो रही है, और वे यह सवाल उठा रहे हैं कि यह समस्या कैसे हल होगी।

### दुकानदारों ने किया सड़क पर कब्जा

ठेले टपरों पर तो एक ओर मामला बनते हैं, लेकिन बड़ा फुहारा के चारों ओर स्थित पक्की दुकानों ने आधी सड़क तक कब्जा कर रखा है, जो जाम और अव्यवस्था का मुख्य कारण बनता है। जिला प्रशासन ने छोटी दुकानों और ठेलों पर कार्यवाही की है, लेकिन यह बड़ा मुद्दा प्रशासन की नजरों से बचा हुआ है। अगर बड़े दुकानदारों के खिलाफ़ भी कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए तो समस्या जस की तस बनी रहेगी।

### पार्किंग स्थल का अभाव

शहर में खासकर गंजीपुरा, कमानिया, बड़ा फुहारा और इसके आसपास के क्षेत्रों में कई छोटे मैदान हैं, जिन्हें पार्किंग स्थल के तौर पर चिन्हित किया जा सकता है। लेकिन कई बार इस दिशा में रणनीति बनती है, परंतु प्रशासन द्वारा इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। अगर पार्किंग की सही व्यवस्था हो तो काफी हद तक ट्रैफिक की समस्या को कम किया जा सकता है।

### ई-रिक्शा पर नियंत्रण की आवश्यकता

मिलौनी गंज से लेकर मालवीय चौक तक के मार्ग पर ईरिक्शा की संख्या पर नियंत्रण लगाने की तत्काल आवश्यकता है। इसके लिए रूट निर्धारित करके ईरिक्शा और ऑटो को पास जारी करने की आवश्यकता है। लेकिन अभी तक जिला प्रशासन इस दिशा में कोई निर्णायक कदम नहीं उठा सका है, जिससे स्थिति और भी खराब होती जा रही है।

### मुख्य मार्ग पर प्रतिबंध की जरूरत

मिलौनी गंज से लेकर मालवीय चौक तक के मुख्य मार्ग को छोड़कर आसपास के सहायक मार्गों में ईरिक्शा के प्रवेश पर दोपहर 1 बजे से रात 9 बजे तक प्रतिबंध और कार्यवाही की आवश्यकता है। ये ईरिक्शा जब तंग गलियों में प्रवेश करते हैं तो पूरे इलाके में जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिसके कारण पूरे क्षेत्र में ट्रैफिक ठप हो जाता है।

### बन सकता जनआक्रोश

कुल मिलाकर देखा जाए तो प्रशासन ने कुछ कदम उठाए हैं, लेकिन परिणाम शून्य साबित हुए हैं। अब शहरवासियों और व्यापारियों की उम्मीदें एक बार फिर हैं कि प्रशासन जल्द ही इन समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देगा और बुनियादी सुधार करेगा, ताकि शहर में ट्रैफिक की व्यवस्था सही हो सके और लोगों को जाम की स्थिति से राहत मिल सके। अन्यथा बिगड़ती व्यवस्था से जनआक्रोश की स्थिति बनने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## बिहारी युवक से स्टेशन में मिला 6 किलो गांजा

**जबलपुर।** सिविल लाईन्स पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बिहार के युवक को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 6 मेन गेट आरपीएफ बूथ के सामने गिरफ्तार कर 6 किलो गांजा जप्त किया है. सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टेशन में आरपीएफ बूथ के सामने मुखबिर की सूचना के बताए अनुसार पुलिस ने एक संदिग्ध युवक की घेराबंदी की गनौली थाना मुफस्सिल जिला आंरा भोजपुर बिहार निवासी 36 वर्षीय लक्ष्मण राम (पासवान) निकला उसके बैग की तलाशी लेने पर पुलिस को उसके बैग में 6 किलो गांजा मिला. जिसकी कीमती लगभग 1 लाख 20 हजार रूपये आंकी गई. पुलिस गांजा सहित नगदी 420 रूपये और ट्राली बैग को जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240